

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





खेल

## आईपीएल 2024 : 18 साल के बल्लेबाज ने रचा इतिहास, अपनी पहली ही पारी में तोड़ दिया...

देश

## शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव के लिए तिरुवंतपुरम से फिर दाखिल किया नामांकन


कृष्ण पक्ष धनिष्ठा संवत 2080

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 05 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 114 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹70, 470 | ₹82,000 |



## आज का इतिहास

- 1824 : प्रथम एंग्लो-बर्मी युद्ध, ब्रिटिश भारतीय इतिहास का सबसे लंबा और सबसे महंगा युद्ध था।
- 2008 : भारत ने समुद्र से जमीन पर हमला करने वाले 'ब्रह्मोस' मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

## न्यूज बाइट्स

### सोना पहली बार 70 हजार के करीब पहुंचा

**नई दिल्ली (ए.)।** सोना गुरूवार को यानी गुरुवार (4 अप्रैल) को एक बार फिर अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 572 रुपए महंगा होकर 69,936 रुपए का हो गया। इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 6,634 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था। चांदी भी आज अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। ये 1469 रुपए महंगी होकर 79,063 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई। एक दिन पहले ये 77,594 रुपए पर थी। चांदी ने इससे पहले बीते साल यानी 2023 में 4 दिसंबर को 77,073 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### अनुमति बिना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे शिक्षक व कर्मचारी

**दरभंगा (नि.सं.)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के शिक्षक अधिकारी एवं कर्मचारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। मुख्यालय छोड़ने के पहले इन्हें सक्षम अधिकारी से अनुमति लेना पड़ेगा। कुलसचिव ने बताया कि किसी भी शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी को मुख्यालय छोड़ने से पूर्व सक्षम अधिकारी से अवकाश एवं यात्रा की अनुमति लेना होगा। इस निर्णय से सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं कार्यालय अधीक्षकों को भी सूचित कर दिया गया है। इतना ही नहीं, कार्यालय आदेश जारी करते हुए बताया गया है कि 19 मार्च की 10:30 बजे कुलपति के औचक निरीक्षण के दौरान कई अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्यालय में नहीं थे।

### लोकसभा चुनाव 2024: भारत, नेपाल सीमा पर बढ़ी चौकसी

**पटना(नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव में नेपाल सीमा पर दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा की बड़ी व्यूह रचना की है। सीमा पार से भारतीय सीमा में प्रवेश कर किसी प्रकार से चुनाव को प्रभावित करने की साजिशों को नाकाम करने की मुकम्मल तैयारियां की जा रही हैं। इस सिलसिले में बुधवार को दोनों देशों के पुलिस, सशस्त्रत् बल और खुफिया एजेंसियों की बड़ी बैठक पश्चिम चंपारण के बगहा में हुई। याद रहे कि सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी और नकली भारतीय करेंसी भेजने की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। इन दोनों को हथियार बनाकर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश हो सकती है। इसके अलावा सीमा के आर-पार से अपराधी गिरोहों का गठजोड़ भी रहा है। यह गठजोड़ चुनाव के माहौल को बिगाड़ने की हरकत कर सकता है। इतना ही नहीं सीमा पार से कई देशों के असामाजिक तत्वों के भी इस पार प्रवेश करने की घटनाएं हो चुकी हैं। इस सबके मद्देनजर दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों ने व्यापक तैयारियों और साझेदारी की रणनीति बनाई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के जमुई में रैली को किया संबोधित, कहा

# भ्रष्टाचार हटाओ लेकिन वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ : पीएम

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के जमुई में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए जंगलराज, भ्रष्टाचार और नक्सलवाद के मुद्दे पर आरजेडी एवं कांग्रेस को घेरा। हालांकि, परिवारवाद पर इस सभा में प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं कहा। पीएम ने आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग नौकरी के नाम पर जमीन लिखवा लें वो क्या बिहार का भला करेंगे। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार की तारीफ की। पीएम ने कहा कि जब नीतीश रेल मंत्री थे तब कोई शिकायत नहीं आई। अपने भाषण में पीएम मोदी ने दिवंगत रामविलास पासवान को याद किया। उन्होंने रामविलास के बेटे चिराग को अपना छोटा भाई बताया। इससे पहले सीएम नीतीश ने अपने भाषण में एक बार फिर कहा कि वे एनडीए छोड़कर नहीं जाएंगे। बीच में चले गए थे, अब इधर-उधर नहीं होंगे। सम्राट चौधरी ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार ने बालू, शराब और जमीन माफिया को टाइट कर दिया है। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद पीएम की बिहार में यह पहली जनसभा थी। जमुई लोकसभा सीट से लोजपा रामविलास के मुखिया चिराग पासवान के जीजा अरुण भारती एनडीए के उम्मीदवार हैं। पीएम उनके पक्ष में प्रचार करने जमुई आए।

पीएम मोदी की जमुई रैली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, लोजपा रामविलास के मुखिया चिराग पासवान समेत एनडीए के सभी बड़े नेता मौजूद रहे।

पीएम ने कहा कि देश के सभी भ्रष्टाचार, जो पहले एक दूसरे से लड़ते रहते थे आज मोदी के खिलाफ एक हो गए हैं। उन्होंने विपक्षियों पर निशाना साधा और कहा कि वह कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ लेकिन वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। पीएम मोदी ने कहा कि आरजेडी के जंगलराज में बेटियों को सड़कों से उठा लिया जाता था। हमारी सरकार ने राम मंदिर का 500 साल पुराना सपना साकार किया।



### 10 लाख नौकरियों का वादा पूरा होगा : नीतीश



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में 10 लाख नौकरी देने का वादा पूरा होगा। 4 लाख नौकरी दे दी गई है। 1 लाख प्रोसेस में है। 3 लाख नौकरियों पर काम शुरू हो गया है। 10 लाख लोगों को रोजगार भी दिया जा रहा है। सीएम ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग करते रहे, आपने दे दिया यह बहुत अच्छा काम किया। 2005 से हम बिहार में बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं। लालू-राबड़ी राज पर कटाक्ष करते हुए सीएम ने कहा कि 2005 से पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकल पाता था। अब लड़का-लड़की सब देर तक घर से बाहर निकलते हैं। बिहार में माहौल बदल गया है।

### गरीब कल्याण ही मोदी की गारंटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से कहा कि आपका सपना ही मेरा संकल्प है। बिहार को आगे ले जाना मोदी की गारंटी है। इसलिए केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसके प्रयास से बिहार में गरीबों को 37 लाख पक्के घर मिले। 9 करोड़ जरुरतमंदों को मुफ्त राशन मिल रहा है, मोदी की गारंटी है अगले पांच साल भी मिलता रहेगा। 84 लाख से ज्यादा आयुष्मान कार्ड भी बिहार में बने हैं, लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है।

### भारत की चर्चा अब पूरी दुनिया में होती है

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। चंद्रमा के उस कोने तक कोई नहीं पहुंचा था, वहां हमारा चंद्रयान और तिरंगा पहुंचा है। भारत जब जी20 की बैठक करता है तो उसकी चर्चा पूरे विश्व में होती है। यह मोदी ने नहीं, ये आपने किया है। आपके एक वोट से यह सब हो पाया है। यही आपके वोट की ताकत है। इसलिए इस सफलता की हकदार जनता है।

### कांग्रेस राज में भारत कमजोर और गरीब देश था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 10 साल पहले दुनिया में भारत को लेकर क्या राय होती थी, आप सब जानते हैं। कांग्रेस राज में भारत को गरीब और कमजोर देश माना जाता था। आज जो आटे के लिए तरस रहे हैं (पाकिस्तान) उनके आतंकी हमारे यहां हमले करते थे। कांग्रेस सरकार दूसरे देशों के पास इसकी शिकायत लेकर जाती थी। मगर मोदी ने कहा कि ऐसे नहीं चलेगा। भारत वही महान पाटलिपुत्र और मगध वाला देश है। यह चंद्रगुप्त मौर्य वाला भारत है। आज का भारत घर में घुसकर मारता है।

# अरविंद केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की दूसरी याचिका भी खारिज

एजेंसी | नयी दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली दूसरी जनहित याचिका भी गुरुवार को खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने 'हिंदू सेना' के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की याचिका पर यह कहते हुए विचार करने से इनकार कर दिया कि यह उपराज्यपाल या राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायालय ने हालांकि टिप्पणी की कि यह मुख्यमंत्री पर निर्भर करता है कि उन्हें अपने पद पर रहना चाहिए या नहीं।

पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि कभी-कभी व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के अधीन होना पड़ता है, लेकिन यह उनका (केजरीवाल का) व्यक्तिगत फैसला है। पीठ ने कहा वह सिर्फ इतना कह सकती है कि इस मुद्दे पर वह फैसला नहीं कर सकती और इस मामले में पर फैसला लेना दिल्ली के उपराज्यपाल या भारत के राष्ट्रपति पर निर्भर है। न्यायालय ने आगे कहा कि हम यह कैसे घोषित कर सकते हैं कि सरकार काम नहीं कर रही है? उपराज्यपाल इस पर निर्णय लेने में पूरी तरह सक्षम हैं। उन्हें (उपराज्यपाल) हमारे मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं है। हम उन्हें सलाह देने वाले कोई नहीं हैं। उन्हें जो भी करना होगा वह कानून के अनुसार करेंगे। अदालत के इस रुख पर याचिकाकर्ता की ओर से याचिका वापस लेने की गुहार लगाई गई, जिसे मंजूर कर लिया गया। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह अब उपराज्यपाल के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे। इससे पहले 28 मार्च को उच्च न्यायालय की इसी पीठ ने अपने को किसान और सामाजिक कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले दिल्ली निवासी सुजीत सिंह यादव की याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी थी कि इस मुद्दे की जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति का काम है।

## सोनिया गांधी ने राज्यसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

**नयी दिल्ली (ए.)।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने गुरुवार को नये संसद भवन में राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान से उच्च सदन से निर्विरोध निर्वाचित गांधी को शपथ दिलायी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्रीमती गांधी को नयी पारी के लिए शुभकामनाएं दी। श्री खड़गे ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को मेरी शुभकामनाएं। वह गुरूवार को राज्यसभा में शपथ लेकर अपनी नयी पारी शुरू कर रही हैं। प्रतिकूल परिस्थितियों और उथल-पुथल के बावजूद उनका साहसी लचीलापन और गरिमामय अनुग्रह हमारी संसदीय रणनीति का मार्गदर्शन करता रहेगा। उन्होंने लोकसभा में सेवा करते हुए 25 साल पूरे कर लिए हैं, और अब मैं और मेरे साथी सदस्य उच्च सदन में उनकी उपस्थिति का इंतजार कर रहे हैं। उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं।



बिहारवासियों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का आह्वान

# लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए मताधिकार का अवश्य करें प्रयोग : एचआर श्रीनिवास

निज संवाददाता | पटना

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार एच.आर. श्रीनिवास की अध्यक्षता में आज पटना वीमेंस कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। फर्स्ट-टाइम वोटर्स सहित अन्य छात्राओं, प्राध्यापकों तथा अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यह जानकर उन्हें अत्यंत खुशी होती है कि पिछले 10 से 15 वर्षों में हमारे राज्य की महिलाएं निर्वाचन प्रक्रिया में आगे बढ़ कर हिस्सा ले रही हैं तथा उनकी सहभागिता में महत्वपूर्ण रूप से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी बिहार के मतदाताओं ने लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए सभी अड़चनों को नकारते हुए विधानसभा चुनाव, 2020 में मतदान किया था। उस दौरान चुनाव में मतदान प्रतिशत पूरे बिहार में 57.33% रहा। इसमें महिला मतदाताओं ने पुरुष मतदाताओं से अधिक मतदान देकर लोकतंत्र को सुदृढ़ किया था। इस चुनाव में जहाँ पुरुषों का मतदान प्रतिशत लगभग 54% था वहीं महिलाओं का मतदान प्रतिशत 59% रहा। दिनांक 01.01.2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में भी निर्वाचकों की कुल संख्या में बढ़ोतरी 12,09,347 हुई है, जिनमें पुरूष निर्वाचकों की संख्या में बढ़ोतरी 5,78,766 तथा महिला निर्वाचकों की संख्या में बढ़ोतरी 6,30,597 रही है। विदित हो कि इस वर्ष निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन में निर्वाचकों की कुल संख्या 7,64,33,329 है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप अपने माता-पिता, परिवार के अन्य सदस्यों, सगे संबंधियों तथा सभी परिचित व्यक्तियों के साथ इस लोकसभा आम निर्वाचन में वोट ज़रूर दें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संविधान द्वारा प्रदत्त वयस्क मताधिकार को अमूल्य बताया और कहा कि हमारे देश में यद्यपि मतदान करना कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है, परंतु यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम अपने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान अवश्य करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सोशल मीडिया एवं एआई के द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि आज फेक न्यूज़ सोशल मीडिया के मंचों पर तेज़ी से प्रचारित व प्रसारित होता है। आप सभी ऐसी किसी भी सूचना पर बिना जांचे- परखे भरोसा न करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने इस चुनाव में गलत सूचना के प्रसार को सक्रिय रूप से रोकने के लिए 'मिथ वर्सेस रियलिटी रजिस्टर' की शुरुआत की है।





# पप्पू यादव ने पूर्णिया से निर्दलीय पर्चा किया दाखिल

निज संवाददाता | पूर्णिया

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नामांकन का गुरूवार को आखिरी दिन है। किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, बांका और भागलपुर में नॉमिनेशन चल रहा है। इन पांचों में से सबसे हॉट सीट पूर्णिया है। पप्पू यादव ने पूर्णिया सीट से निर्दलीय नामांकन किया है। पप्पू के नामांकन पर बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने साफ कह दिया है कि पार्टी से बाहर नामांकन करने की इजाजत किसी को नहीं है। बता दें कि महागठबंधन में पूर्णिया सीट आरजेडी के कोटे में गई है। यहां से बीमा भारती पहले से ही नामांकन किया है। पप्पू यादव ने नॉमिनेशन के बाद कहा कि ये मेरी राजनीतिक हत्या की साजिश थी। सीमांचल की आजादी, जातीय विवाद, भ्रष्टाचार और नफरत का खात्मा करना है। हर परिवार की खुशी और गरीबी मिटाने का मेरा संकल्प है। कांग्रेस सूत्रों की माने तो पप्पू यादव के कांग्रेस में आने की तैयारी काफी दिन से चल रही थी, लेकिन इन सब के बीच सबसे बड़ी बाधा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह थे।



### कांग्रेस पप्पू को टिकट क्यों नहीं दिला पाई

वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी कहते हैं कि बिहार में कांग्रेस लालू प्रसाद यादव के हाथ की कठपुतली बन गई है। कांग्रेस का हर निर्णय लालू ले रहे हैं। उन्हें ये अधिकार कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से ही दी गई है। इस चुनाव में कांग्रेस किस सीट पर लड़ेगी से लेकर वहां का कैंडिडेट कौन होगा, इसका चयन भी लालू प्रसाद की तरफ से ही किया गया था। पप्पू पहले ही लालू के फैसले को इनकार कर उनसे मुखालफत कर चुके थे।

## सक्षमता पास शिक्षकों की 15 अप्रैल से होगी काउंसलिंग

**पटना (नि.सं.)।** साक्षमता परीक्षा के पहले चरण में सभी विषयों का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। अब सक्षमता पास शिक्षकों की 15 अप्रैल से पटना के बापू परीक्षा परिसर में काउंसलिंग होगी। 15 दिन तक काउंसलिंग की प्रक्रिया चलेगी। 5 जून से 15 जून तक पोस्टिंग प्रक्रिया को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सक्षमता परीक्षा पास हर शिक्षकों को किसी दूसरे स्कूल में ही योगदान देना है। विभाग इस दिशा में बहुत जल्दी ही जरूरी गाइडलाइन जारी करेगा। जानकारी के मुताबिक सक्षमता परीक्षा पास होने के बाद स्कूल में योगदान करने की तिथि से नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जायेगा। सक्षमता परीक्षा के समय ही सभी शिक्षकों से उनके पसंद के तीन जिलों का विकल्प मांगा गया था। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से साक्षमता परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया था। इस रिजल्ट में क्लास 1 से 5 में 93.39%, 6-8 में 96.10%, 9 से 10 में 98 % और 11 से 12 में 97.18% शिक्षक पास हुए है। इस पूरे परीक्षा में 1,99,027 शिक्षक शामिल हुए थे।

# पटना में बदल रहे थे 2 हजार के पुराने नोट, नौ करोड़ बदलने से पहले आर्मी इंटेलिजेंस-पुलिस का छापा, 14 हिरासत में

निज संवाददाता | पटना

पटना में 2 हजार रुपए के पुराने नोट बदलने के बड़े कारोबार का खुलासा हुआ है। लखनऊ आर्मी इंटेलिजेंस की टीम और लोकल पुलिस ने पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन के पास पाटलिपुत्र हेरिटेज अपार्टमेंट के फ्लैट 208 पर छापा मारा। यहां से 9.74 लाख रुपए के 2 हजार के पुराने नोट बरामद हुए हैं। फ्लैट से 14 लोगों को हिरासत में लिया गया है। आरोपियों से 2 कार और 14 मोबाइल भी जब्त किया गया है। इस कारोबार में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारियों के शामिल हैं। 25 से 50 फीसदी कमीशन पर पुराने नोट बदले जा रहे थे। यह गिरोह पश्चिम बंगाल, ओडिशा और हरियाणा में सक्रिय था। पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है। यहां पर नौ करोड़ रुपए के 2 हजार के पुराने नोट बदले जाने थे। हालांकि, इसके पहले ही छापा पड़ गया। हिरासत में लिए गए परवीन ने बताया की ये रुपए तारनपुर पटना के रहने वाले विपिन और सोनू नाम के व्यक्तियों का है। पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है। रूपसपुर थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि इन लोगों के मोबाइल देखकर प्रतीत हो रहा है कि गिरोह पश्चिम बंगाल के कोलाकता, हरियाणा, ओडिशा आदि राज्यों में भी काम कर रहा था। पटना में 25 से 50 फीसदी कमीशन पर नोट बदलने का काम चल रहा था। इस काम में आरबीआई के कुछ कर्मचारियों के शामिल होने की जानकारी मिल रही है। पटना के कुछ अन्य लोगों भी इससे जुड़े हैं। इसकी जांच की जा रही है।



### फ्लैट से 9 लाख 74 हजार रुपए हुआ बरामद

बताया जा रहा है की लखनऊ आर्मी इंटेलिजेंस की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन के पास पाटलिपुत्रा हेरिटेज अपार्टमेंट में कुछ लोग दो हजार के नोट को बदलने का कारोबार कर रहे हैं। इसके बाद टीम ने रूपसपुर थाना के साथ संयुक्त रूप से अपार्टमेंट में छापेमारी की। इस दौरान एक रूम से दो हजार के पुराने नोट के 6 बंडल मिले। पुलिस और आर्मी इंटेलिजेंस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपियों ने 9 करोड़ रुपए की डीलिंग की थी। ये 2 हजार रुपए के पुराने नोट थे, जिसे बदला जाना था। इसके पहले ही छापा पड़ गया।

## बिहार में 54 पुलों के निर्माण की योजना तैयार

**पटना (नि.सं.)।** सूबे में 54 पुलों के निर्माण की योजना तैयार हो गयी है। ये सारी पुलें ग्रामीण क्षेत्रों में बननी है। राज्य सरकार ने इसके लिए 285 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की है। पिछले दिनों इन पुलों के निर्माण को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग में समीक्षा बैठक भी हुई थी। इन पुलों का निर्माण ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए किया जा रहा है। इस समय कई सड़कें बनी हैं, लेकिन पुल नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। इसी तरह कई सड़कों के निर्माण की योजना को तो हरी झंडी मिल गयी है, लेकिन वहां पुलों के निर्माण की योजना नहीं थी। इसीलिए विभाग ने तत्काल इन पुलों के निर्माण की योजना पर काम शुरू किया है। ग्रामीण कार्य विभाग के अनुसार इन सभी पुलों का निर्माण वर्ष 2024-25 के अंत तक पूरा कर लेना है। विभाग के विशेष सचिव ने महालेखाकार को इन पुलों के निर्माण को लेकर विस्तृत जानकारी भी भेज दी थी।

# 7-8 अप्रैल को बिहार के 9 जिलों में होगी बारिश, 35 किली मीटर की रफ्तार से चलेगी हवा

**पटना(नि.सं.)।** बिहार के अधिकतर जिलों में आज मौसम सामान्य बना रहेगा। वहीं 5 अप्रैल से राज्य के अधिकांश भागों में हवा की रफ्तार 35 किलोमीटर तक रह सकती है। 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। बुधवार को 40.6 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर जिला सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग के अनुसार 5 अप्रैल से हिमालय के क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देने वाला है। इसका असर बिहार के 9 जिलों पर पड़ने की संभावना है। 7 अप्रैल को पश्चिमी चंपारण और पूर्वी चंपारण, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद गया व नवादा जबकि 8 अप्रैल को रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, गया, नवादा बांका व जमुई जिलों में बारिश होगी। पटना का मौसम भी शुष्क रहेगा। बुधवार को राज्य में मौसम शुष्क रहा। पटना और आसपास के इलाके में दिन चढ़ते ही गर्म हवा चलने लगी। धूप में तपिश थी। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल के अनुसार, अगले 2 दिनों के दौरान बुधवार को विहार में सबसे गर्म बक्सर रहा। तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा। पटना का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहा जो मंगलवार से 1.7 डिग्री अधिक रहा। पटना का न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान किशनगंज और वाल्मीकिनगर में 15.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



BAYC Institute
स्थापित : 1972

## बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

## डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga (अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : 10th) | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science (अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : 10th)

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science (अवधि : 03 वर्ष, योग्यता : 10+2) | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science (अवधि : 4½ वर्ष, योग्यता : 10+2)

MD (Acu Yoga) | MD (TM) (अवधि : 01 वर्ष, योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट) | MD (EH) (अवधि : 02 वर्ष, योग्यता : BEMS)

BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि |



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं|

Apply Online : www.bayc.in



डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है| सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें|

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

## संक्षिप्त समाचार

### श्रमदान से कर रहे हंडिया सूर्यमंदिर तालाब की खुदाई



**नारदीगंज।** जिले का ऐतिहासिक व द्वापरकालीन हंडिया गांव स्थित सूर्यमंदिर तालाब का खुदाई गुरुवार से शुरू हो गई है।इस तालाब की खुदाई में जब सरकारी तंत्र फेल हो गया,तो ग्रामीण स्वयं खुदाई करने के लिए बीड़ा उठा लिया है, और श्रमदान कर तालाब की खुदाई में अपनी सहभागिता दिखा रहे हैं। भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों को परवाह किये बिना खुदाई में लग गए हैं।इस कार्य में ग्रामीण संतोष कुमार, सुनील सिंह,कौशल कुमार,गुलशन कुमार, बिगम कुमार, राजेन्द्र सिंह समेत अन्य ग्रामीण श्रमदान कर तालाब की खुदाई कर रहे है। ग्रामीणों ने कहा ये तालाब भर चुका था,इसकी खुदाई होना आवश्यक था। इस गांव में ऐतिहासिक व द्वापरकालीन सूर्यमंदिर है,और उसी मंदिर का तालाब भी है। वासंतिक छठपूजा नजदीक है। इस मंदिर में गांव के अलावा जिले के विभिन्न गांवों समेत दूसरे जिले के श्रद्धालु छठपूजा करने के लिए पहुंचते हैं। कहा कि इस तालाब की खुदाई के लिए जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने हाथ खड़े कर दिए,तब छठव्रतियों के सुविधा को काम शुरू किया गया है। इसकी खुदाई के लिए एक माह पूर्व तालाब की पानी को सुखा दिया गया था,जब सुख गया तो शुरू हुआ है। दो तीन दिन में तालाब की खुदाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा,उसके बाद अर्घ्यदान करने के लिए इस तालाब में पानी भर दिया जाएगा, ताकि छठवर्ती व श्रद्धालुओं को छठपूजा में कोई परेशानी नहीं हो सके।

### 20 लाख 06 हजार 124 मतदाता नवादा लोकसभा के 08 प्रत्याशियों का करेंगे भाग्य का फैसला

**नवादा।** 39-नवादा लोकसभा का चुनाव प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को होना है। लोकसभा चुनाव में दलीय व निर्दलीय कुल 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। नवादा लोकसभा में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र है, जिसमें शेखपुरा जिला अन्तर्गत बरबीघा विधानसभा शामिल है। नवादा लोकसभा में कुल 20 लाख 6 हजार मतदाता 124 मतदाता है, जिसमें 10 लाख 43 हजार 788 पुरूष, 9 लाख 62 महिला तथा 150 जेंडर मतदाता 8 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 19 अप्रैल 2024 को ईवीएम में बंद करेंगे। किसी भी चुनाव में महिला मतदाताओं की अहम भूमिका होती है। आधी आबादी चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है और अपने पसंदीदा प्रत्याशी को विजयी श्री का माला पहराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही है। ज्ञात हो कि 235-सुरक्षित रजौली विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या-337441 है, जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या-174766, महिला मतदाताओं की संख्या-162656 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या-19 है। 236-हिसुआ विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या-386362 है, जिसमें पुरूष 201267, महिला 185046 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या-49 वहीं 237-नवादा विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या-364330 है, जिसमें पुरूष 189164, महिला 175152 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या-14 है।

### झोपड़ी से निकला है चांद

**छौराही बेगूसराय।** प्रखंड क्षेत्र के संवत पंचायत अंतर्गत बखड्डा गांव निवासी अनिल कुमार का पुत्र ए बी प्रिंस 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान लाकर अपने माता-पिता ही नहीं गांव और विद्यालय का नाम रोशन किया है। जानकारी देते प्रिंस ने बताया कि मेरी प्राथमिक शिक्षा उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाद बखड्डा पूर्वी से प्राप्त किया और दसवीं राज की आकृति उच्च विद्यालय छौराही मटिहानी से प्राप्त किया है। कुल अंक 444 गणित में 92 प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि इसका श्रेय माता विभा कुमारी और पिता अनिल कुमार शिक्षक प्राइवेट रंजीत कुमार का मिला है। बताते चलें सुदूर क्षेत्र में झोपड़ी में रहने वाले खेतों में काम करने वाले मजदूर का बेटा अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शायद नई शिक्षा व्यवस्था का परिणाम भी हो सकता है। प्रिंस के पिता अपने पुत्र को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

### दमकल कर्मी के सहयोग से आग पर पाया गया काबू

**बखरी बेगूसराय।** गुरुवार को बखरी में एक बड़ी आगलगी की घटना होते होते टल गया। प्रात जानकारी के मुताबिक बखरी प्रखंड के चकचनरपत पंचायत अंतर्गत सुग्गा वार्ड एक ढेनुवा रेलवे ढाला किनारे सुबह-सुबह लोगों को आग की लपटे दिखा।आग की लपटे काफी तेजी से सैकड़ो एकड़ में लगे गेहूं की फसल की ओर बढ़ रहे थे। आग को बढते देख किसानों के हाथ पांव फूलने लगे। तभी वहां मौजूद लोगों द्वारा अग्निशमन विभाग को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के संतोष प्रधान, विनोद कुमार दमकल लेकर पहुंचे और तत्काल आग पर ग्रामीणों के सहयोग से काबू पाया। बताते चलें कि ढेनुवा बाद में सैकड़ो एकड़ में लोगों का गेहूं एवं गन्ना का फसल लगा हुआ है।

### रसलपुर पंचायत के दहिया बहियार में अचानक आग लगने से पांच बीघा तैयार गेहूं की फसल जलकर हुआ राख

**भगवानपुर बेगुसराय।** भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रसलपुर पंचायत के दहिया बहियार में अचानक आग लगने से पांच बीघा गेहूं की तैयार फसल जलकर पूरी तरह से राख होने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर में दहिया बहियार में अचानक तैयार गेहूं की फसल में आग लग गई। जिसके बाद किसानों ने अग्नि शमन विभाग की टीम को सूचना दिया वही मौके पर पहची अग्नि शमन की टीम ने किसानों की मदत से आग पर काबू पा लिया। तब तक देखते ही देखते दहिया के किसान जोरावर सिंह का चार बीघा, चंदन राय का 10 कट्टा एवं नीलू राय 10 कट्टा गेहूं की तैयार फसल जलकर पूरी तरह से राख हो गया। वही किसानों ने प्रखंड प्रशासन से जाचोपरांत उचित मुआवजा देने की मांग किया है।

### आवारा कुत्ते ने मचाई तबाही दर्जनों बच्चों को बनाया अपना निशाना

**बेगुसराय।** बेगूसराय में एक बार फिर से आवारा कुत्तों का दहशत देखने को मिला है, जहां सड़क पर खेल रहे दर्जन भर बच्चों को नोच नोच कर जख्मी कर दिया । इस घटना के बाद ग्रामीणों में हरकंप मच गया, आनन फानन में घायल सभी बच्चों को परिजन और ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल बेगूसराय में इलाज हेतु भर्ती करवाया । पूरा मामला बेगूसराय सदर प्रखंड के सिंघौल थाना क्षेत्र के बिनोदपुर पंचायत का है, ज़ख्मियों में रतौली गांव निवासी आलोक कुमार का चार वर्षीय पुत्र रवि कुमार, विनोदपुर निवासी गुलशन कुमार का पुत्र यश कुमार, राजीव कुमार का पुत्र पार्थ भारद्वाज, आयुष कुमार सहित अन्य घायल हुए, परिजनों ने बताया कि एक ही कुत्ता सभी बच्चों पर हमला किया । कुछ बच्चे अपने घरों में थे और कुछ बच्चे सड़क पर खेल रहे थे । अचानक कुत्ते ने हमला कर बच्चों को गंभीर रूप से घायल कर दिया । सभी का इलाज सदर अस्पताल बेगूसराय में चल रहा है ।

### पुरानी रंजिश में हुई मारपीट, युवक हुआ घायल, जान से मारने के नियत से किया हमला

**छौराही बेगूसराय।** थाना क्षेत्र के अमारी पंचायत अंतर्गत बरदाहा गांव से धारदार हथियार से जान करने के नियत से घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी देते बरदाहा गांव निवासी बबलू झा का पुत्र विवेक झा ने बताया कि मैं अपने बाइक से आ रहा था घात लगा ये अरुण झा रामजीवन झा पिता रामचंद्र झा समेत अन्य अज्ञात पांच के साथ मुझे रोक कर गाली गलौज करने लगा मना करने पर मेरे गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया विरोध करने पर अरुण झा धारदार हथियार से मुझ पर वार कर दिया रोकने के क्रम में उसने मेरा हाथ जख्मी कर दिया और रामजीवन झा जब से 500 निकाल लिया अन्य अपराधी बेरहमी से हमें मरने लगे चिल्लाने पर ग्रामीणों के सहयोग से जान बची इसकी सूचना छौराही पुलिस को दिया हूं। थाना अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है जांच कार्यवाही की जाएगी।

**शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को रोकने के साथ परिवार नियोजन में सहायक**

# नवविवाहितों के बीच प्रभारी डीएस ने वितरण किया हमसफ़र किट

निज संवाददाता। **रजौली**



अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को प्रभारी डीएस डॉ दिलीप कुमार की अध्यक्षता में नवविवाहित दम्पतियों के बीच हमसफ़र किट का वितरण किया गया।प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आये दस नवविवाहित दम्पतियों को हमसफ़र कीट दिया गया।इस दौरान दन्त चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार,परिवार कल्याण परामर्शदाता राकेश कुमार,पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रखण्ड प्रतिनिधि शिला कुमार एवं जीएनएम नविता कुमारी मौजूद रहे।प्रभारी डीएस ने अस्पताल परिसर आये सभी नवविवाहित दम्पतियों का स्वागत किया।साथ ही कहा कि आपके परिजन बहुत ही जागरूक हैं,इसलिए नई बहुओं को परिवार नियोजन से सम्बंधित जानकारी हेतु अस्पताल भेजे हैं।अन्यथा ग्रामीण क्षेत्रों में बहुओं को घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जाती है।प्रभारी डीएस ने कहा कि आज कई ग्रामीण क्षेत्रों में 18 वर्ष या 18 वर्ष से पूर्व लड़कियों की शादी कर दी जाती है।जो कानूनी रूप से सही है,किन्तु शादी के बाद तुरंत महिलाएं गर्भवती हो जाती है।जबकि गर्भधारण हेतु कम से कम महिलाओं की उम्र 21 वर्ष या उससे अधिक होना चाहिए।साथ ही पहले एवं दूसरे बच्चे के बीच कम से कम तीन वर्ष का फासला होना चाहिए।साथ ही कहा कि इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आती है।वहीं दन्त चिकित्सक ने नवविवाहित जोड़ों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि किन्हीं को दांत सम्बंधित बीमारी है तो वे गर्भधारण से पूर्व अपना इलाज करवा लें।वहीं परिवार कल्याण परामर्शदाता ने कहा कि आशा की मदद से आसपास के क्षेत्रों में नवविवाहित दम्पतियों को बुलाकर उन्हें हमसफ़र किट में परिवार नियोजन हेतु अस्थाई साधन दिए गए हैं एवं कम उम्र में मां बनने के दुष्प्रभावों को विस्तार पूर्वक बताया गया।वहीं शिला कुमारी ने सभी दम्पतियों को छोटा परिवार सुखी परिवार का नारा दी।साथ ही सभी दम्पतियों से पहले गर्भधारण में दो साल की देरी एवं दूसरे गर्भधारण में तीन साल का अंतराल रखने की अपील की।हमसफ़र किट से लाभान्वित दम्पतियों में इसी वर्ष दम्पति बने करीगांव के कुणाल कुमार व अंशु कुमारी,पुरानी बस स्टैंड के नीतीश कुमार व निशु कुमारी,रजौली के चन्दन पंडित व काजल कुमारी,तकिया मोहल्ला के संतोष कुमार व निक्की कुमारी,जगजीवन नगर के राकेश कुमार व सरस्वती कुमारी और राजू कुमार व बेबी कुमारी,चितरकोली के करण सिंह व रिंकी कुमारी आदि शामिल रहे।हमसफ़र किट के साथ परिवार नियोजन से सम्बंधित जानकारी पाकर सभी नवविवाहित दम्पति काफी खुश दिखाई दिए।मौके पर आशा शोभा कुमारी,संगीता कुमारी,अनिता कुमारी,शिखा कुमारी,धानो कुमारी के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात ट्रक ने मारी भैंस में टक्कर,भैंस ने मारी बाइक सवार में टक्कर, इलाजरत



निज संवाददाता। **रजौली**

थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर ए के समीप एक बाइक पर सवार रहे दो लोग दुर्घटनाग्रस्त हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि एक ट्रक तेज रफ्तार से एनएच 20 पर जा रही थी।इस दौरान एनएच 20 के किनारे से जा रही एक भैंस अचानक सड़क पर चली गई एवं ट्रक के झटके लगने से भैंस बेतहाशा इधर-उधर भागने लगी।जिससे घर लौट रहे एक बाइक पर सवार दो लोगों में टक्कर मार दी।इस सड़क दुर्घटना में बाइक पर सवार दोनों लोग गम्भीर रूप में घायल हो गए।संध्या गश्त में रहे एएसआई संतोष कुमार पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंच घायलों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ अमरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों की पहचान दिबौर गांव निवासी भोला राजवंशी के 19 वर्षीय पुत्र करण कुमार एवं रामोतार राजवंशी के 17 वर्षीय पुत्र राजन कुमार के रूप में हुई है।चिकित्सक ने कहा कि घायलों में करण कुमार को ज्यादा चोटें आई है।हालांकि दोनों घायलों के प्राथमिक इलाज के बाद जरूरी दवाइयां आदि दिया गया।वहीं सड़क दुर्घटना की खबर सुनकर परिजन अस्पताल पहुंचे।परिजनों ने कहा कि दोनों युवक फरका बुजुर्ग गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे।इसी क्रम में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए।

## डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा पहुंचे वारिसलीगंज, विवेक ठाकुर के लिये माँगा वोट



निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**

आगामी 19 अप्रैल को पहले चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार सरकार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा का आगमन वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के मकनपुर गावं में हुआ. उन्होंने कहा की मैं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में मतदान करने एवं आगामी सात अप्रैल को नवादा में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर समर्थको एवं मतदाताओं से सभा स्थल पर पहुंचने का न्योता देने आया हुँ. इस दौरान उन्होंने केंद्र में भाजपा के कार्यकाल में देश का विकास एवं उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा की दस बर्षो के दौरान देश ने सभी क्षेत्रों में विकास किया हैं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व में अपना अलग स्थान बनाया है. उन्होंने प्रधान मंत्री की रैली में भारी संख्या में पहुँचने की अपील किया. मौके पर स्थानीय विधायक श्री मति अरुणा देवी, मकनपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे.

# पंचायतों में संध्या चौपाल के माध्यम से वोट डालने के लिए किया जा रहा प्रेरित

निज संवाददाता। **नवादा**



स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में सभी ग्राम पंचायतों में आज मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। हर पंचायतों में संध्या चौपाल लगाकर मतदान के दिन सभी को मतदान केंद्र तक जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जिले के सभी प्रखंडों में लोकसभा चुनाव को लेकर संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को मतदान करने की जानकारियां दी गयी और दिनांक 19 अप्रैल 2024 को गांव घर के सभी मतदाताओ को मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदाताओ के साथ बुजुर्ग मतदाता, दिव्यांग मतदाता और गर्भवती को निकट के मतदान केंद्रों पर कैसे पहुंचाई जाए, इसकी जानकारी दी गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवादा के निर्देशानुसार आज सीता राम साहु कॉलेज और कन्हाई इंटर विद्यालय नवादा में जिला आइकॉन राहुल वर्मा के द्वारा आज युवाओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला आइकॉन राहुल वर्मा ने 19 अप्रैल 2024 को घर से बाहर निकलकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया और अपने परिवार पड़ोस को भी जागरूक कर इस लोकतंत्र के त्यौहार में भाग लेने के लिए अपील की। जिला आइकॉन ने नये वोटर्स को चिन्हित कर फॉर्म नंबर 6 भरने का निर्देश दिया साथ ही कई 18 साल के मतदाता का ऑन द स्पॉट वोटर लिस्ट में ऑनलाइन फॉर्म भरकर मतदाता सूची में नाम जोड़ा गया और इस अभियान के तहत जिस प्रकार प्रवासी लोग हर वर्ष पर्व में घर आते हैं उसी प्रकार लोकतंत्र के त्यौहार में भी घर आकर वोट देने के लिए प्रेरित करें, युवाओं को प्रेरित करने के लिए फिल्म और गीतों का प्रदर्शन भी किया गया। जिला आइकॉन राहुल वर्मा ने युवा मतदाताओं को शपथ दिलाया कि हम आने वाले लोकतंत्र के महा त्यौहार में अपनी भागीदारी निभाते हुए मेरा पहला वोट देश के लिए देंगे और साथ ही आज से सोशल मीडिया के माध्यम से छात्रों से अपील की गयी की वह रोज फेसबुक इंस्टा पर चुनाव से संबंधित पोस्ट शेयर करते रहें ताकि लोग मतदान के प्रति पहले से जागरूक रहें। चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी भी छात्रों को दी गई।

# सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण नियोजित शिक्षकों को आवंटन किया गया जिला

निज संवाददाता। **नवादा**

जिले में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से कक्षा एक से पांच और छह से आठ तक के नियोजित शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा का रिजल्ट जारी किया है। परीक्षा में जिले के 95 फीसदी शिक्षक पास हुए है। सक्षमता परीक्षा में कुल 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे। इसमें भाषा से 30, सामान्य अध्ययन से 40 और सामान्य विषय से 80 प्रश्न पूछे गए थे। पास हुए शिक्षकों को जिला आवंटन कर दिया गया है। बिहार बोर्ड की ओर से परीक्षा में पास नियोजित शिक्षकों की काउंसिलिंग के बाद स्कूल आवंटन किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक 5 फीसदी शिक्षक जो परीक्षा में पास नहीं हो पाए हैं, उसका प्रमुख कारण कंप्यूटर के इस्तेमाल में हुई असुविधा है। ऑफलाइन परीक्षा होने पर सभी शिक्षकों शत-प्रतिशत पास होने के आसार हैं। जारी रिजल्ट के अनुसार करीब 200 शिक्षक सक्षमता परीक्षा फेल हो गए हैं। जिन्हें विशिष्ट शिक्षक बनने के लिए आगामी परीक्षाओं में पास होना होगा। कुल पांच परीक्षाओं में से एक में पास होना अनिवार्य है। जिले में 5 हजार 200 शिक्षक सक्षमता परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें 5 हजार शिक्षक परीक्षा में पास हुए हैं। सक्षमता परीक्षा में कुल 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे। इसमें भाषा से 30, सामान्य अध्ययन से 40 और सामान्य विषय से 80 प्रश्न पूछे गए थे। दूसरी ओर जिले के सरकारी प्रारंभिक स्कूलों में पहली से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षा हो चुकी है। जिसमें पांचवीं और आठवीं के बच्चों का रिजल्ट प्रकाशित किया जा चुका है। 8 अप्रैल तक शेष कक्षाओं का भी रिजल्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। इसके बाद बच्चे अगली कक्षा में प्रमोट होंगे। अगली कक्षा में दाखिले के साथ ही बच्चों को नई किताबें उपलब्ध करा दी जाएगी। जिले में इस साल ढाई लाख किताबों की खेप 14 प्रखंडों में पहुंच चुकी है। लिहाजा किताबों का बच्चों के बीच वितरण 15 अप्रैल से शुरू कर दिया जाएगा। पहली से आठवीं तक की कक्षाओं में करीब 3 लाख 83 हजार विद्यार्थी नामांकित हैं। जिनमें ढाई लाख बच्चों को नई किताबें दी जाएगी , जबकि अन्य बच्चों को अगली कक्षा में प्रमोट हुए विद्यार्थियों की पुरानी किताबें जमा लेकर दी जाएगी। समय रहते बच्चों को किताबें मिलने से पढ़ाई में परेशानी नहीं होगी। विभागीय अधिकारी ने बताया कि अप्रैल के पहले सप्ताह में किताबें स्कूलों तक पहुंचा दी जाएगी, ताकि बच्चों को इसी माह में किताबें मिल जाए । प्रखंडों में किताबों की खेप बिहार के प्रकाशकों की ओर से भेजी जा चुकी है। इनमें पहली से दूसरी, तीसरी, चौथी, पांचवीं, छठी व सातवीं की किताबें शामिल हैं। नए शैक्षणिक सत्र में सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को राशि की जगह किताबें उपलब्ध कराई जाएगी। पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को इस साल नए सत्र में किताब खरीदने के लिए राशि नहीं दी जाएगी। उन्हें पुस्तकों की पूरी सेट मुफ्त में दी जाएगी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के पहले सेशन में ही पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए तेजी से सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## पहले मतदान करें,तब करें जलपान




निज संवाददाता। **नारदीगंज**

बिहार राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला इकाई नवादा के द्वारा जिला प्रशासन के आदेशानुसार गुरुवार को स्विप कार्यक्रम के तहत नारदीगंज प्रखंड में रंगोली प्रतियोगिता किया गया।आयोजित कार्यक्रम इंटर विद्यालय में विद्यालय प्राचार्य के देखरेख में हुआ। यह कार्यक्रम में सभी स्काउट गाइड अपने मुहल्ले में जाकर लोगों को जागरूक कर रहे है। कहा गया 19 अप्रैल 2024 को पहले मतदान ,फिर जलपान, हम सब ने ठाना है ,नवादा का मतदान प्रतिशत बढ़ाना है, मेरा वोट देश को समर्पित। कार्यक्रम में बीडीओ रंजीत कुमार के अलावा गाइड प्रभारी साह, विद्यालय प्रभारी प्राचार्य डा0 कारू रजक ,स्काउट प्रशिक्षक संतु कुमार की मौजूदगी में हुआ।स्काउट प्रशिक्षक ने कहा जिला के सभी प्रखंडों में स्विप कार्यक्रम चलाया जा रहा है ।इस मौके पर सभी मतदान करने के लिए जागरूक करते हुए शुभकामनाएं भी दिए। इस दौरान सलोनी , आइस, सोनी, मुस्कान, वरुण कुमार समेत अन्य छात्र छात्राओं उपस्थित रहे।

## शिक्षक शत्रुघ्न साह की श्रधांजलि सभा

**मदरलैण्ड संवाददाता। तेघड़ा बेगुसराय**

तेघड़ा प्रखंड के गौड़ा एक पंचायत के वार्ड नं एक निवासी स्व० रूपलाल साह जी के सुपुत्र शिक्षक शत्रुघ्न साह जी का श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता वैश्य जागरण मंच के बेगुसराय जिला अध्यक्ष बुटन साह ने किया तथा मंच संचालन कानू विकास संघ के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार साह ने किया।जिसमें मुख्य अतिथि वैश्य जागरण मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डा० राजकुमार आजाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पूनम आजाद, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य होरील साह, समस्तीपुर जिला अध्यक्ष डा० आर० के ० साह,डा० दुखा साह, इन्द्र देव साह,राम सोगारथ साह आदि नेताओं ने स्व० शत्रुघ्न साह जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा उनके जीवन पर प्रकाश डाला। डा० राजकुमार आजाद ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नहीं होता तो व्यक्ति भगवान को नहीं जान सकता था और ना ही पहचान सकता था इसलिए गुरु का महत्व भगवान से भी ज्यादा है । गुरु का ऋण शिष्य ही नहीं बल्कि समाज को चुकाना पड़ता है। स्व० शत्रुघ्न साह जी के इकलौते पुत्र पप्पू कुमार और भाई महेंद्र साह तथा भतीजा चंदन, कुंदन ने सभी अतिथियों को पुष्पों की माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया तथा सभी अतिथियों तथा वैश्य स्वजातियों को स्वादिष्ट पूर्ण भंडारा करवाकर सम्मानपूर्वक विदा किया।

# महाराणा प्रताप परशुराम व्यायामशाला की ओर से कैड़वाड़ी के श्रमिक दुर्गा स्थान में युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**मदरलैण्ड संवाददाता। बरौनी/ बेगूसराय**




अपने पुराने बुजुर्गों की दिखाए गए रास्ते पर युवाओं की टोली द्वारा महाराणा प्रताप परशुराम व्यायाम शाला और बजरंग दल के सैकरो युवाओं द्वारा हर साल की तरह इस साल भी व्यायाम शाला की शोभा यात्रा को लेकर सजग दिख रहे हैं। कई दशकों पूर्व मकसूदन गुरु, सूरज गुप्ता गुरु, महेश प्रसाद गुप्ता गुरु , शिवनंदन शर्मा गुरु के देहब आसान होने के बाद भी उनके बताए गए रास्ते पर उनके टोली के युवाओं द्वारा व्यायाम शाला शोभा यात्रा की भव्य तैयारियां की जा रही है। जिन्होंने अपने परिश्रम से अपने-अपने युवाओं को पुराने परंपराओं के शास्त्रों से अपने कलाओं को प्रदर्शित करने का मार्ग दिखाया था। जिसके लिएनवयुवक सेवा संस्थान के सदस्यों ने आगामी 18 अप्रैल 2024 को रामनवमी के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाली महाराणा प्रताप परशुराम व्यायामशाला के बैनर तले आयोजित शोभायात्रा (झांकी) को सफल बनाने के लिए श्रमिक दुर्गा स्थान कैड़वाड़ी, फुलवड़िया में बैठक आयोजित की गई, बैठक की अध्यक्षता स्थानीय वरिष्ठ सदस्य अशोक महतो उर्फ सुदामा जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाजसेवी नीरज पटेल तथा उमेश साह ने बच्चों तथा युवाओं के परम्परागत शस्त्र जैसे लाठी, तलवार, भाला, फरसा, बनेठी आदि का प्रशिक्षण श्रमिक दुर्गा स्थान कैड़वाड़ी प्रांगण में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है। जिसका बैठक में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। दिनांक 4 अप्रैल के संध्या 5 बजे से शोभायात्रा आयोजन की पूर्व संध्या तक यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। बैठक में शामिल स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में युवाओं के प्रशिक्षण प्राप्त करने का अनुमान जताया है।

मृतका के चारों बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल

# घरेलू कलह से परेशान होकर विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)**। रोहतास के करगहर थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत के बलिरामपूर गांव में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुरुवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया है। मृतका की पहचान प्रियंका देवी (32) के रूप में की गई है। बलिरामपुर गांव के राकेश राम की पत्नी बताई जाती है। बताते हैं कि मृतका की शादी 12 साल पहले हुई थी और उसके 4 बच्चे भी हैं। घटना का कारण घरेलू विवाद बताया जाता है। प्रशिक्षु डीएसपी सह करगहर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि बीती रात बलिरामपुर गांव में विवाहिता द्वारा खुदकुशी का मामला सामने आया है। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। प्राथमिक जांच में घरेलू विवाद की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना पर मृतका के मायके वाले भी पहुंचे थे। उनके द्वारा भी कुछ जानकारी दी गई है, लेकिन आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। बताया कि घटना कि जानकारी होने के बाद सासाराम अनुमंडल के एसडीपीओ-2 कुमार वैभव भी घटना की जानकारी के लिए बलिरामपुर जा रहे हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। उधर, बलिरामपुर गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा है। मृतका के चारों बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## साइकल सवार किशोर को बस ने कुचला, मौत

निज संवाददाता



**अरवल**। अरवल में सदर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर अनुमंडल पदाधिकारी के आवास के पास एक यात्री बस ने ट्यूशन से लौट रहे साइकिल सवार किशोर को कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान विकास कुमार के रूप में हुई है। जो अपने नानी के घर रसीदपुर में रहकर पढ़ाई करता था। बताया जा रहा है कि वह कोचिंग से लौट रहा था तभी औरंगाबाद की ओर से आ रही एक बस ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद परिजन सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी उमेश शाह के 14 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद बस चालक बस लेकर फरार हो गया, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है की मृतक 9वीं कक्षा का छात्र था, और पांच दिन पहले की कोचिंग ज्वाईन किया था।

## भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, 10 घायल, फसल कांटने को लेकर हुई लड़ाई

निज संवाददाता



**दुर्गावती (कैमूर)**। कैमूर के दुर्गावती थाना क्षेत्र में कुड़ारी और भानपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों से 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक एक पक्ष के कुड़ारी गांव निवासी श्रीराम पुकार यादव व उनका बेटा नरेंद्र यादव, सोनू यादव, संजय यादव, मिंटू यादव घायल हो गए। घायलों ने कहा कि दुर्गावती थाना क्षेत्र के भानपुर मौजा में अपने खेत में गेहूँ का फसल लगाया है। उसे दूसरे लोग काट रहे थे। जब इसका विरोध किया गया तो दूसरे पक्ष की ओर से मारपीट शुरू कर दी गई। वहीं दूसरे पक्ष के दुर्गावती थाना क्षेत्र के भानपुर गांव निवासी कृष्ण यादव, सुरेंद्र यादव, महेंद्र यादव, गणेश यादव और संदीप यादव घायल बताये जा रहे है।

घायलों ने बताया कि लगभग 50 से 60 साल पहले से जमीन विवाद चल रहा है। कोर्ट में भी मामला गया था। कई बार इस मामले में दुर्गावती थाना में भी शिकायत की गई। कोर्ट ने निर्देश दिया था कि जिसका जमीन होगा वह फसल काटेगा। वहीं हम लोग वहां पर जाकर फसल काट रहे थे, तभी पहले पक्ष के लोग आए और फसल काटने से रोक दिया। जब इसका विरोध किया तो लड़ाई हो गई। सभी घायलों का इलाज दुर्गावती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में होने के बाद बेहतर इलाज के लिए भभुआ के सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## सड़क दुर्घटना में सात लोग जख्मी

निज संवाददाता

**नोखा (रोहतास)**। रोहतास के नोखा थाना क्षेत्र के सासाराम-आरा स्टेट हाइवे के नहर डग पर गुरुवार को तेज रफ्तार ऑटो पलट गई। इस हादसे में सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से सासाराम रेफर कर दिया गया। सभी घायल आपस में रिश्तेदार है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि दिनारा के दिनारा नटवार बरही से एक परिवार और उनके रिश्तेदार अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के चांदी गांव जा रहे थे। इसी क्रम में नोखा थाना क्षेत्र मे आरा सासाराम मुख्य पथ पर नहर के पुल पर चढ़ने के दौरान ही ऑटो अनियंत्रित होकर के सड़क किनारे पलट गई। जिससे सभी सवार घायल हो गए। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने सभी घायलों को सीएचसी, नोखा में भर्ती कराया। वहीं इस हादसे में घायलों की पहचान सिसिरिता गांव निवासी अमृता कुमारी 25 वर्ष, साहिल कुमार 3 वर्ष, अंशु कुमारी 9 वर्ष और अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी प्रतिमा देवी 30 वर्ष, उर्मिला देवी 35 वर्ष, किरण देवी 36 वर्ष, निहारिका कुमारी 4 वर्ष के रूप में हुई है।

## चिरौंजी समझ बच्चों ने खाया जंगली बीज, 22 बच्चे बीमार, भभुआ सदर अस्पताल में भर्ती

निज संवाददाता



**भगवानपुर (कैमूर)**। कैमूर के भगवानपुर थाना क्षेत्र में 22 बच्चों की तबीयत अचानक खराब होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कोसीडिहरा गांव में विद्यालय से निकल कर सभी बच्चों ने चिरौंजी समझकर जंगली बीज को खा लिया, इसके बाद घर पहुंचते ही सब की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने इसकी सूचना जिला प्रशासन को देते हुए सभी को सदर अस्पताल भभुआ में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पदाधिकारी सावन कुमार सदर अस्पताल पहुंचे। वहीं डॉक्टरों से बात कर उन्होंने बताया कि बच्चों की हालात अभी ठीक है। उन्होंने आगे कहा कि यह सभी बच्चे भगवानपुर प्रखंड के न्यू प्राथमिक विद्यालय के है। छुट्टी होने के बाद बच्चे जब घर जा रहे थे तो 20 से अधिक बच्चों ने चिरौंजी समझकर जंगली बीज को खा लिया। इसके बाद बच्चों की तबीयत खराब हो गई। 22 से अधिक बच्चे फिलहाल अस्पताल में मौजूद है। सिविल सर्जन के साथ सभी डॉक्टर की देख रेख में इलाज जारी है। वहीं परिजन रवि कुमार ने बताया कि घर पहुंचे ही बच्चे उल्टी करने लगे थे। इसके बाद चक्कर की शिकायत करने लगे। जब उनसे पूछा गया तो बताया कि विद्यालय के बाहर जंगली बीज को फल समझ कर खा लिया था। वैसे बता दे कि देर रात सब बच्चो की तबीयत ठीक हो गई और सभी को एम्बुलेंस से उनके घर पहुंचा दिया गया।

## हेरोइन बरामदगी मामले में दो तस्करों को आठ माह कैद

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)**। व्यवहार न्यायालय के एडी जे तृतीय सह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट आशुतोष कुमार सिंह की अदालत ने हेरोइन बरामदगी मामले में दो तस्करों को आठ माह कारावास की सजा सुनाई। सजा पाने वालों में भभुआ शहर के वार्ड 10 स्थित छावनी मुहल्ला निवासी प्रिंस कुमार व भगवानपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी बजरंगी पांडेय शामिल हैं। एनडीपीएस के विशेष लोक अभियोजक मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि सदर थाने की पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर सुवरा नदी स्थित श्मशान अस्मशान घाट के पश्चिम दिशा से दोनों अभियुक्तों को 8 जुलाई 2023 को दो ग्राम हीरोइन के साथ पकड़ा गया था। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा दी है।

पुलिस को सूचना मिला था गांजा का खेप लेकर पहाड़ से नीचे आ रहा है तस्कर

## 46 बंडल गांजा के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार एक कार के साथ कई सामान बरामद

निज संवाददाता



**भगवानपुर (कैमूर)**। कैमूर के भगवानपुर पुलिस ने भगवानपुर थाना क्षेत्र के राधाखाड़ गांव के पास एक कार से और तस्करों के ठिकाने से छापेमारी करते हुए पुलिस ने 15 लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। जिसमें पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वही सभी गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इस छापेमारी में एक नीले रंग की हुंडई कार के साथ डेढ़ क्विंटल गांजा, मोबाइल, तराजू, बटखारा और गांजा तैयार करने की सामग्री जब्त की गई है। कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा ने बताया कि भगवानपुर थानाध्यक्ष के द्वारा राधा खांड़ गांव के पास एक नीले रंग की हुंडई कार को रुकवा कर जब उसकी तलाशी लिया गया तो सीट के पीछे बने डिक्की में छुपा कर रखे गए भूरे रंग के लिपटा हुआ 46 बंडल गांजा बरामद हुआ है।

जिसका वजन डेढ़ क्विंटल है। वहीं इसका बाजार मूल्य लगभग 15 लाख रुपए बताया जा रहा है। इस पूरे घटना में 5 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जिसमें दो आरोपी कैमूर जिले के और तीन आरोपी उत्तर प्रदेश जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस को सूचना मिला था बलजीत यादव गांजा का खेप लेकर पहाड़ से नीचे आ रहा है। सूचना मिलने के बाद बीएसएफ और क्यूआरटी टीम द्वारा उसको पकड़ते उसकी निशानदेही पर धूमरदेव के दुर्गम पहाड़ी इलाके में छापेमारी कर कुल डेढ़ क्विंटल गांजा का खेप बरामद की गई है। सभी गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करते हुए जेल भेजने की कवायद जारी है और बाकी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

## झोपड़ी में सो रहा युवक झुलसा, रेफर

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)**। नुआंव थाना क्षेत्र के अखिनी गांव में अपनी झोपड़ी में सो रहा युवक आग से झुलस गया। पीड़ित 27 वर्षीय सुजीत कुमार अखिनी गांव निवासी बालेश्वर राम का बेटा है। परिजनों द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर हालत को देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। बेहतर इलाज के लिए परिजन उसे लेकर बनारस चले गए। सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मंगलवार की रात सुजीत झोपड़ी में सो रहा था। इसी दौरान अचानक आग लग गई।

## कैमूर जिले में 15 अप्रैल को चांद प्रखंड में प्रमुख तथा भगवानपुर में प्रखंड प्रमुख व उपप्रमुख का होगा चुनाव

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)**। कैमूर जिले के चांद प्रखंड में प्रमुख तथा भगवानपुर में प्रखंड प्रमुख व उपप्रमुख का चुनाव 15 अप्रैल को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के विशेष कार्य पदाधिकारी ने रिक्त उक्त तीनों पदों पर 15 अप्रैल को चुनाव कराने के लिए डीएम सावन कुमार को पत्र भेजा है। इस बात की जानकारी जिला पंचायती राज पदाधिकारी मनोज कुमार ने दी। डीपीआरओ ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के विशेष कार्य पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र के आलोक में दोनों प्रखंडों में चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के विशेष कार्य पदाधिकारी के जारी पत्र में इस बात का उल्लेख किया गया है कि चांद में प्रमुख तथा भगवानपुर में प्रमुख व उपप्रमुख के रिक्त पद पर निर्वाचन के लिए विशेष बैठक की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना विहित प्राधिकारी द्वारा प्रपत्र 24 में ससमय निर्गत करा दी जाय। उन्होंने पत्र में लिखा है कि यह सुनिश्चित कराया जाय कि प्रमुख तथा उपप्रमुख के निर्वाचन के लिए 7 अप्रैल 2024 तक सूचना सभी संबंधित प्रखंड के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्यों को निश्चित रूप से प्राप्त हो जाए। पत्र में इस बात का उल्लेख भी किया गया है कि निर्वाचन समाप्ति के तुरंत बाद उसी दिन निर्वाचित प्रमुख व उपप्रमुख को सक्षम प्राधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण भी करा दी जाएगी। चुनाव की सभी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी समय व तिथि को अंकित करते हुए की जाएगी। वीडियोग्राफी की एक प्रति निर्वाचन के बाद दो दिनों के अंदर आयोग को उपलब्ध कराना होगा। पत्र में यह भी लिखा गया है कि निर्वाची पदाधिकारी एवं प्रेक्षक को निर्देश दिया जाता है कि वह आयोग द्वारा जारी किए गए गजट का अध्ययन अवश्य कर लें, ताकि प्रमुख व उपप्रमुख के निर्वाचन की प्रक्रिया में किसी भी तरह की भूल या अनियमितता नहीं हो सके।

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाल अराजक तत्वों को किया सावधान

निज संवाददाता

**कलेर (जहानाबाद)**। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर अराजक तत्वों को सावधान किया। वही आम लोगों को भरोसा दिलाया कि निर्भीकता पूर्वक अपने मतदान का प्रयोग करें। इस दौरान थाना अध्यक्ष राहुल अभिषेक के नेतृत्व में क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव रूप सागर बीघा इंजोर रुपाईच गोइंद कलंदरा गेहुंआ बीघा जैसे आधा दर्जन गांवों में फ्लैग मार्च निकालकर पुलिस ने संदेश दिया कि अच्छे लोगों के लिए प्रशासन मददगार है।वही असामाजिक तत्वों को संदेश दिया कि कानून से खिलवाड़ करने वाले लोगों को पुलिस किसी भी कीमत पर बख्शने वाली नहीं है। इस मौके पर थाना अध्यक्ष राहुल अभिषेक ने बताया कि शराब एवं उसे इस्तेमाल करने वाले लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। वहीं उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में आम लोगों को शांतिपूर्वक भागीदार बनने के लिए पुलिस उनकी सुरक्षा में तत्पर रहेगा। इस मौके पर उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि यदि मतदान या उससे पहले कोई भी व्यक्ति जबरदस्ती वोट डालने के लिए दबाव बनाता है तो अविलंब प्रशासन को सूचित करें। वही अफवाह पर ध्यान केंद्रित नहीं करें।

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार
सत्यमेव जयते

ललित कला अकादेमी
राष्ट्रीय कला संस्थान
रवीन्द्र भवन, नई दिल्ली–110001
ललित कला

दीर्घा आबंटन 2024 - 25

ललित कला अकादेमी वर्ष 2024 - 25 के लिए रवीन्द्र भवन, नई दिल्ली स्थित कला दीर्घाएँ आरक्षित करने हेतु आवेदन आमंत्रित करती है।

आवेदन प्रपत्र ललित कला अकादेमी की वेबसाईट: http://www.lalitkala.gov.in पर वेबलिंक के माध्यम से उपलब्ध हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र इस विज्ञापन के जारी होने के 45 दिनों के भीतर ऑनलाईन जमा किए जाने चाहिए।

अन्य किसी जानकारी के लिए दूरभाष 011-23009282/214 पर सम्पर्क करें।

राजीव कुमार
सचिव (प्रभारी)

वी. नागदास
अध्यक्ष

CBC 09105/12/0001/2425

## भूमि विवाद को लेकर जमकर मारपीट, दस लोग घायल

निज संवाददाता



घोसी (अरवल)। स्थानीय थाना क्षेत्र के पाकड़बिगहा गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस मारपीट में जमकर लाठी डंडे चले एवं रोड़ेबाजी भी हुई। इस संदर्भ में ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि दो चचेरे भाइयों के बीच जमीन का विवाद काफी दिनों से चला रहा था। ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि एक पक्ष के रामाशीष यादव के द्वारा कुछ दिन पूर्व अपने हिस्से की जमीन में बोरिंग का कार्य कराया जा रहा था जिसका विरोध उसके चचेरे भाई रविंद्र यादव ने किया। विरोध करने पर बोरिंग का कार्य रोक दिया गया था। लेकिन रविंद्र यादव के द्वारा जबरन अपने मकान में निर्माण कार्य कराया जाने लगा। जिसका विरोध रामाशीष यादव ने किया तो आठ दस की संख्या में लोग रामाशीष यादव को लाठी डंडे से मारने लगे। अपने पिता को मारपीट होने की सूचना घर वालो को जैसे लगी तो मौके पर पहुंची उनके घर के अन्य सदस्य रीता देवी, मुस्कान कुमारी, खुशबू कुमारी, चंद्रभूषण कुमार, आशा देवी एवं सौरभ कुमार को भी उन लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। हालांकि इस दौरान रोड़ेबाजी भी हुई। इस मारपीट में दूसरे पक्ष के भी रविंद्र यादव, संगीता देवी, पवन कुमार जख्मी हो गए। जख्मी अवस्था में तत्काल सभी लोगों को पीएचसी घोसी लाया गया। जहां रामाशीष यादव एवं उनके परिवार के सभी सदस्यों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर कर दिया गया।

## विदेशी शराब बरामदगी में फरार चल रहे शराब तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता

**चांद (कैमूर)**। थाना क्षेत्र के मोरवा बधार के खेत में छुपाई जा रही देसी-विदेशी शराब बरामदगी मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त दीपक यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि इस मामले के दो अन्य नामजद अभियुक्तों राकेश उपाध्याय व बबलू उपाध्याय की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मो. इरफान रजा ने दी। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को मोरवा बधार में तीनों आरोपियों द्वारा शराब छुपाने की सूचना पर पहुंची पुलिस को दूर से देख तीनों आरोपी भाग गए। लेकिन, मौके से शराब व तस्करों की बाइक को बरामद कर लिया गया। तीनों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज है। दीपक को बुधवार को न्यायालय में पेश करने के लिए भेज दिया गया।

## आग लगने से एक दर्जन घर जलकर खाक

निज संवाददाता



**अरवल**। अरवल में मेहंदिया थाना क्षेत्र सोहसा गांव में आग लगी घटना में एक दर्जन घर जलकर खाक हो गया। वहीं इस घटना में आधा दर्जन जानवरों की झुलसने से मौत हो गई। इस घटना में एक महिला बुरी तरह झुलस गई, जिसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पीड़ितों ने बताया कि बिजली की शॉर्ट सर्किट से फुस के एक घर में आग लग गई। जिसके बाद देखते ही देखते पूरा घर जल गया और तेज पछुआ हवा के कारण आग की लपटे तेजी से उठने लगी। जिसने कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें एक दर्जन घर जलकर खाक हो गए। आग लगी की शुरुआत राजा यादव की घर से हुई इसके बाद आग की चपेट में आने से पड़ोस के एक दर्जन घर भी जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आने से घरों का सारा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। जयराम यादव, जितेंद्र चौधरी, शिवदयाल चौधरी, नारायण चौधरी, नरेश राजवंशी, राजबल्लम राजवंशी, देवंती देवी समेत एक दर्जन घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

## गेहूं की फसल में लगी आग, मुआवजे की मांग

निज संवाददाता

**जहानाबाद**। जहानाबाद के घोसी थाना क्षेत्र के बैरामसराय गांव में उसे समय अफरा-तफरी मच गई जब एक किसान के गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। धर्मवीर कुमार ने बताया कि गांव के कुछ लोगों द्वारा हमे सूचित किया गया कि तुम्हारे खेत में लगे गेहूं के फसल में आग लग गया है। जब हम खेत पर पहुंचे तो देखा कि फसल जल रहा है। फसल से आग की लपटें निकल रही है। आसपास के ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी की ग्रामीण उसे बुझा नहीं पाए। इस घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। लेकिन तब तक गेहूं की लगी हुई फसल जलकर ख़ाक हो गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। किसान का कहना है कि आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल रहा है। लेकिन फसल में आग लगने से काफी नुकसान हुआ है। साल भर का पूंजी जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों द्वारा किसान को मुआवजा देने की मांग की है।

कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, चतरा

सूचना

लोक सभा आम चुनाव 2024 आदर्श आचार संहिता के दौरान अवैध शराब व्यापार के प्रभावी रोक–थाम हेतु निम्नांकित उत्पाद पदाधिकारियों का नाम एवं मोबईल नम्बर निम्नवत् है:–

| क्र0स0 | नाम एवं पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| 1 | शिव कुमार साहु, अधीक्षक उत्पाद, चतरा। | 8292321719 |
| 2 | अभिषेक आंनद, अवर निरीक्षक उत्पाद, चतरा। | 8298078700 |
| 3 | आशिष कुमार पाण्डेय,सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद, चतरा। | 7979099323 |

सर्वसाधारण से अपिल किया जाता है कि अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री से संबंधित कोई सूचना हो तो उक्त पदाधिकारी को सूचित कर सहयोग करें।

अधीक्षक उत्पाद
चतरा

PR 323558 Excise(24-25)#D

## संक्षिप्त समाचार

### सिगरेट पीने के दौरान लगी आग से दो युवक बुरी तरह से झुलसे

**फतेहपुर**। गया-कोडरमा रेलखंड के गुरपा-गझण्डी घाटी रेल सेक्शन में स्थित बंसकटवा स्टेशन से सटे जंगल में आग से झुलस कर दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। आरपीएफ ने घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर लाकर भर्ती कराया। यहां से दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया भेज दिया गया है। आरपीएफ इंस्पेक्टर जवाहरलाल ने बताया कि घायल युवकों का नाम मोनू कुमार व सूरज कुमार है जो गया जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मानपुर कुम्हार टोली का रहने वाला है। पूछे जाने पर युवकों ने बताया कि वह बसकटवा जंगल में पुआल की झोपड़ी में बैठकर सिगरेट पी रहा था। इसी समय अचानक आग लग गई। जिसमें दोनों झुलस गए। उन्होंने बताया कि घायल युवकों को बसकटवा स्टेशन पर 13553 अप आसनसोल-वाराणसी मेमू ट्रेन में चढ़ाकर पहाड़पुर स्टेशन भेजा गया। यहां ड्यूटी पर तैनात रहे आरपीएफ जवान घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में भर्ती कराया। यहां डा. प्रमोद कुमार निराला ने दोनों घायल को प्राथमिक उपचार कर विशेष चिकित्सा के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया रेफर कर दिया। दोनों को खतरे से बाहर रहना बताया गया है।

### वाहन सवार लोगों से वसूली करने वाला धराया

**गया**। कोतवाली थाने की पुलिस ने यात्री वाहनों से जबरन वसूली करने वाले एक युवक को पकड़ा है। उसके पास से अवैध रसीद भी बरामद हुई है। पकड़ा गया युवक थाना क्षेत्र के पीपरपांती का रहने वाला विक्की कुमार है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुःखहरिणी मंदिर के पास गश्ती टीम ने विक्की को गिरफ्तार किया। वह यात्री वाहनों से रंगदारी पूर्वक अवैध रसीद देकर जबरन वसूली कर रहा था।

### गैस सिलेंडर से खाना न बनवाने पर चार हेडमास्टरों से शोकॉज

**मोहड़ा**। प्रखंड के मध्य विद्यालय फिरोजपुर सहित चार स्कूलों के हेडमास्टरों से पीएम पोषण योजना के डीपीओ साकेत रंजन से स्पष्टीकरण मांगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के समक्ष पीपीटी प्रदर्शन के दौरान पाया गया कि कई विद्यालय में गैस चूल्हे के बजाय पारंपरिक चूल्हे से खाना बनाया जा रहा है। जबकि विद्यालयों में गैस चूल्हा उपलब्ध था। डीपीओ ने कोंच प्रखंड के मध्य विद्यालय भीमपुर मांझियामा, परैया प्रखंड के मध्य विद्यालय सुढनी और टेकारी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय जलालपुर अनुसूचित जाति टोला के हेडमास्टर से स्पष्टीकरण पूछा गया है। उन्होंने पूछा है कि किस परिस्थिति में आपके द्वारा वरीय आदेश की अवहेलना कर गैस चूल्हा रहते हुए भी पारंपरिक चूल्हे पर खाना बनाया गया। इससे बच्चों को नुकसान हो रहा है।

### 15 से सुबह सात से 12:30 बजे तक चलेगा न्यायालय

**गया**। 15 अप्रैल से जून की आखिरी शनिवार तक गया व्यवहार न्यायालय , शेरघाटी एवं टि कारी की अदालत मॉर्निंग शिफ्ट में चलेगी । न्यायालय सुबह 7 बजे खुलकर 12:30 बजे तक चलेगा । इस दौरान 9:30 से 10: 00 के बीच का समय विश्राम का रहेगा । इस बाबत जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पत्र निर्गत कर दिया है। इसकी जानकारी बिहार बार काउंसिल के सदस्य सह अधिवक्ता गया बार एसोसिएशन मुरारी कुमार हिमांशु तथा प्रभारी सचिव नंदकिशोर प्रसाद श्रीवास्तव ने दी । इसके पूर्व गया बार एसोसिएशन के प्रभारी सचिव ने जिले में गर्मी को देखते हुए न्यायालय प्रातः कालीन करने का अनुरोध जिला एवं सत्र न्यायाधीश से किया था ।

### बीएलओ घर-घर में जाकर चुनाव से पहले पहुंचाएं मतदाता पर्ची : सीओ

**फतेहपुर**। प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी परिसर में बुधवार को प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ प्रखंड सहायक निर्वाची पदाधिकारी सीओ राहुल ने बैठक की। बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराई गई। साथ ही उन्हें चुनाव से पहले हरहाल में घर-घर जाकर मतदाता पर्ची पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। सीओ राहुल ने बताया कि मतदाता पर्ची बांटने का काम गुरुवार से प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए सभी बीएलओ को पर्ची उपलब्ध करा दी गई है। मतदाता को पर्ची देने के बाद उनसे हस्ताक्षर लेना जरूरी बताया गया है। पर्ची से एक भी घर वंचित नहीं रह पाए इसका खास ख्याल रखने का निर्देश बीएलओ को दिया गया है। मतदाता पर्ची बांटते समय बीएलओ को इस बात का ध्यान रखना होगा कि वे पर्ची बांटने का काम स्कूल खुलने से पहले और बंद होने के बाद करेंगे। उन्होंने बताया कि पर्ची मतदाता के हाथ में ही देना है न कि किसी मुहल्ले वालों को देना है। बीएलओ को यह निर्देश दिया गया है कि उन्हें लोकसभा चुनाव से पहले मतदाताओं के घर जाकर मतदाता पर्ची हरहाल में पहुंचा देना है। साथ ही यह भी कहा कि मतदाता पर्ची बांटने में लापरवाही बरते जाने की शिकायत मिलने पर संबंधित बीएलओ के खिलाफ विभागीय करवाई की जाएगी।

### भाजपा नेता मुखिया पति पर फायरिंग, बाल बाल बचे

**परवलपुर**। थाना क्षेत्र के अस्तुपुर गांव के समीप मंगलवार की रात बदमाशों ने कार सवार मई पंचायत के मुखिया पति सह भाजपा मंडल के अध्यक्ष रवि रौशन उर्फ सोनू कुमार पर फायरिंग कर दिया। घटना में वह बाल बाल बच गए। पीड़ित ने बताया कि रात करीब 8:30 में वह खुद कार चलाकर कचरा प्रबंधक इकाई से अपने घर लौट रहे थे। कुछ आगे जाने पर दो युवकों ने कार रूकवाकर उनसे मोबाइल मांगा। उन्हें लगा कि कोई ग्रामीण है। जरूरी बात करनी होगी। इस कारण उन्होंने मोबाइल दे दिया। उसी दौरान दूसरे युवक ने उन पर फायरिंग कर दी। निशाना चूकने से उनकी जान बची। बदमाश मोबाइल व कार में रखे कागजात भरा बैग लेकर फरार हो गया। डीएसपी गोपाल कृष्ण ने बताया कि पूछताछ में सोनू ने बताया कि कुछ लोगों के साथ वह सोनचरी मोड़ के पास पानी पी रहे थे। उसी दौरान रुपया लेनदेन मामले में उनका विवाद हो गया।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में गया पुलिस की कार्रवाई

**गया**। गया के नीमचक बथानी अनुमंडल के डीएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि 2 अप्रैल को गोल्डन दास नामक व्यक्ति सक्षम प्राधिकार से पूर्व अनुमति के भारी संख्या में लोगों को उकसाकर खिजरसराय थाना परिसर में नाजायज मजमा लगाकर हुडदंग और नारेबाजी किया गया था। नीमचक बथानी डीएसपी ने बताया कि वर्तमान में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आचार संहिता को लेकर धारा 144 लागू है। जिसे कथित लोगों द्वारा घोर उल्लंघन किया गया। घटना को लेकर इस संबंध में खिजरसराय थाना कांड संख्या



109/24 विभिन्न सुसंगत धाराओं के साथ 143,147,149,188 दर्ज कार्रवाई की जा रही है। नीमचकबथानी डीएसपी प्रकाश कुमार ने बताया कि पिछले सप्ताह 2 पक्षों के बीच विवाद की घटना को लेकर खिजरसराय थाना कांड संख्या-97/24 मार्च को ही दर्ज किया गया था। इस मामले में एसएसपी आशीष भारती द्वारा कांड के संवेदनशीलता को देखते हुए कांड के अभियुक्त को अविलंब गिरफ्तार कर अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीमचक बथानी मेरे खुद के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया जा चुका है। इसमें थानाध्यक्ष खिजरसराय थाना के पुलिस पदाधिकारी और कर्मी को शामिल किया गया था। उक्त टीम द्वारा दो अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भी भेजा जा चुका है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उनकी भी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। एसएसपी आशीष भारती के निर्देश में गया पुलिस लोकसभा चुनाव को भय मुक्त निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया सेल अन्य माध्यमों से 24x7 नजर रखी हुई है।

# अमित शाह 9 अप्रैल को आएंगे गया, 400 पार को लेकर जनसभा को करेंगे संबोधित

## दिग्गज नेता और कार्यकर्ता होंगे शामिल

**निज संवाददाता। गया**



गया जिले के गुरारू प्रखंड में देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 9 अप्रैल को हुंकार भरेंगे और अपने प्रत्याशी के लिए जीत का भी दावा करेंगे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केंद्र की सरकार की ओर से दी गई सुविधाओं एवं तरक्की के लिए किए गए अथक प्रयासों के बारे में विस्तार से बताएंगे। गृह मंत्री अमित शाह की सभा में औरंगाबाद प्रत्याशी और जिला के तमाम नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव प्रचार के क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार में 40 पार और देस में चार सौ पार के लक्ष्य को लेकर 9 अप्रैल को गया जिले के टिकारी अनुमंडल अंतर्गत गुरारू पहुंच रहे हैं। अमित शाह गया जिले के गुरारू प्रखंड में एक स्थान पर एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी सुशील सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। मगध की धरती पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पहली सभा है। इसकी जानकारी संतोष ठाकुर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने दिया है। उन्होंने बताया 9 अप्रैल 24 रविवार के दिन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सह भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह का आगमन गया जिले के गुरारू प्रखंड में 11 बजे दिन में होने जा रहा है। जिसे लेकर भाजपा नेता शंभू नाथ केसरी ने आम जनों से अपील की है।

**11 बजे गुरारु पहुंचने का आम जनों से आग्रहः** उन्होंने कहा है आप सभी आम जनों से आग्रह है कि भारी से भारी संख्या में निर्धारित समय 11 बजे गुरारु पहुंचकर उनका संबोधन सुनें, साथ हीं साथ पीएम मोदी जी के बिहार में 40 पार और देश में 400 पर के संकल्प को पूरा करने में अपना सहयोग प्रदान करें। बिहार और मगध में केंद्र की राजग सरकार की ओर से दी गई सुविधाओं एवं तरक्की के लिए किए गए प्रयास के बारे में विस्तार से बताएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के गया जिले के गुरुआ प्रखंड में आगमन को लेकर नेताओं और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।

# लापता किसान का शव बरामद, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

**निज संवाददाता। गया**



गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भोरे पंचायत अंतर्गत तपसी गांव के बधार से एक अधेड़ किसान का शव बरामद किया गया। अधेड़ किसान बुधवार की दोपहर से ही लापता था। जहां देर रात उसका शव गेहूं के खेत से बरामद किया गया है। वह भी मृतक के घर से महज तीन सौ गज दूर पर से। इस हादसे के बाद से स्थानीय लोगों में कोहराम मच गई है। शव की पहचान तपसी के रहने वाले 55 वर्षीय चंदर यादव के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों ने मुफस्सिल थाने को घटना की जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पता चल जाएगा कि मौत का कारण हत्या या फिर कुछ और ही है। पुलिस मृतक के परिजनों से तमाम आवश्यक जानकारी जुटा रही है। इधर, चंदर यादव के लड़का कवींद्र यादव ने आरोप लगाया है कि उसके पिता की हत्या कर शव को गेहूं के खेत मे फेंक दिया गया। इधर, घटना के बारे में स्थानीय लोगों में चर्चा है कि बिजली के करंट लग जाने से मृतक के एक पैर का जांघ जला दिख रहा था जबकि जिस स्थान से शव बरामद किया गया है वहां पर न तो बिजली का कोई तार यह फिर पोल ही है। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक किसान का अपने कुछ जमीन को लेकर पड़ोसी से विवाद चल रहा था। कई बार दोनों पक्षों के बीच झगड़ा भी हो हुआ था।

# बीएसएनएल के दफ्तर में लगी आग

**निज संवाददाता। गया**



गया शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांधी मैदान स्थित बीएसएनएल दफ्तर के अगले हिस्से में आग लग गई। इससे ऑफिस के अंदर जा रहे बिजली के तार और अन्य उपकरण सहित केबल जल कर राख हो गए। आग लगने की वजह पास के ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट लगना है। हालांकि, बीएसएनल दफ्तर के अंदर आग नहीं पहुंच सकी थी। इससे पहले ही फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। इस काम में बीएसएनएल के कर्मियों ने भी फायर कर्मियों की मदद की। लेकिन आग लगने की वजह से बीएसएनएल के बाहर तीन गुमटी जल कर राख हो गए। इन दौरान गांधी मैदान से होकर गुजरने वालों का मजमा भी मौके पर लग गया। वे दूर से ही घटना की जानकारी लेने में व्यस्त रहे। फायर ब्रिगेड के डिस्ट्रिक्ट आफिसर ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि गांधी मैदान के पास बीएसएनएल दफ्तर में आग लगी पड़ी है। इस दमकल कर्मी वाहन सहित मौके पर पहुंचे। चूंकि घटना स्थल फायर मुख्यालय से महज दो किलोमीटर पर ही स्थित होने की वजह से फायर कर्मियों को ज्यादा वक्त नहीं लगा। और 15 मिनट के अंदर आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि बीएसएनल का दफ्तर और उसके अंदर रखे सारे सामान सुरक्षित हैं।

# नालंदा में ईंट से कूंचकर की पत्नी की निर्मम हत्या, कल ही मायके से लेकर आया था पति

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा में गुरुवार को पति ने ईंट से सिर कुचकर पत्नी की निर्मम हत्या कर दी गई। चेहरे पर भी नुकले हथियार के गहरे निशान है। इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी मच गई है। वही, पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदीशपुर नारी गांव का है। मृतका की पहचान जगदीशपुर नारी निवासी किशोर पासवान की (35) वर्षीया पत्नी शोभा देवी के रूप में की गई है।

**क्या बोले परिजनः** शोभा देवी की बहन वाणों देवी ने बताया कि शोभा देवी को उसके पति और ससुराल वालों ने ही मिलकर हत्या कर दी है। उन्हें बहन के बच्चों के द्वारा घटना की फोन पर जानकारी मिली। बुधवार को ही शेखपुरा के जयरामपुर थाना क्षेत्र के केवटी से शोभा देवी को लेकर उसका पति नूरसराय लेकर आया था।

**सिर कुच की हत्याः** शोभा देवी की हत्या सिर कूच कर की गई है। चेहरे पर नुकीले हथियार की जगह-जगह निशान है। फिलहाल परिजन हत्या की वजह नहीं बता रहे हैं। महिला के 3 बेटे है। छोटे बेटे काजू ने बताया कि शोर-शराबा होने के उपरांत वह घर पहुंचा, जहां देखा कि उसकी मां खून से लथपथ पड़ी हुई थी और पिता घर छोड़कर फरार हो गए थे।

**क्या बोली पुलिसः** वहीं, इस मामले में नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि पति के द्वारा ही पत्नी की हत्या की गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बाद पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति किशोर पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। ईंट से मुंह पर मारकर निर्मम हत्या कर दी गई है।

# नालंदा में खंडहरनुमा मकान से मिला युवक का शव, पहचान में जुटी पुलिस

## मकान से बरामद हुआ नशीले पदार्थों का रैपर

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा में गुरुवार की सुबह खंडहरनुमा मकान में एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामला लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरक्षणी गली का है। फिलहाल युवक के शव की पहचान नहीं की जा सकी है। युवक की उम्र करीब 20 से 25 साल के बीच है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि स्थानीय लोगों की नजर जब गुरुवार की सुबह खंडहरनुमा मकान के अंदर पड़े शव पर गई तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। खंडहरनुमा मकान के एक हिस्से में नशीला पदार्थ का सामान पड़ा हुआ है। अंदेशा जताया जा रहा है कि सुखे नशे ने युवक की जान ले ली है।

**खंडहर नुमा मकान से बरामद हुआ शवः** वहीं, घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों को मिली तो मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मोहल्ले वासी ने बताया कि खंडहर नुमा मकान में हमेशा नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। नशा करने के लिए हमेशा नशेड़ियों की भीड़ जुटती है। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि शव की जानकारी मिलने के उपरांत पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम एवं पहचान हेतु बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आसपास के थाना एवं सोशल मीडिया का सहारा शव की पहचान के लिए ली जा रही है। खंडहरनुमा मकान से नशीले पदार्थ के रैपर आदि बरामद की गई है। शव के पहचान होने के उपरांत ही विस्तृत जानकारी दी जा सकती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# लड़की से छेड़छाड़ के बाद दो पक्षों में बवाल, 8 घायल



**निज संवाददाता। गया**

गया के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भरैती मुहल्ले में बुधवार देर रात एक लड़की से छेड़छाड़ को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिसके चलते दोनों पक्षों में जमकर पथराव और हंगामा हुआ। इस झगड़े में दोनों तरफ से आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते हैं पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और किसी तरह मामले को शांत कराया। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वही, मामले में पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर स्थानीय दीपक कुमार ने बताया कि गांव का एक मनचला गांव की एक लड़की को हमेशा परेशान किया करता था। रास्ते में आते-जाते लड़की से मोबाइल नंबर मांगता था। तंग आकर लड़की ने इसकी शिकायत घरवालों से कर दी, तो लड़के को लड़की के घर वाले ने मार दिया। इसी बात को लेकर विवाद और बढ़ गया और दोनों ओर से जमकर मारपीट की घटना हुई है। घटना को लेकर बुधवार की रात से आज गुरुवार तक पुलिस गांव में पुलिस कैंप कर रही है। ताकि विधि व्यवस्था बनी रहे।

**घटना के बाद वजीरगंज के भरैती गांव पहुंचे पुलिस पदाधिकारीः** वही, घटना की जानकारी वजीरगंज थाना के थानाध्यक्ष गया पुलिस कप्तान आशीष भारती को दी। एसएसपी आशीष भारती से मिले निर्देशों के बाद विधि व्यवस्था कंट्रोल करने सदर एसडीओ कऋष्लय श्रीवास्तव, एएसपी वजीरगंज समेत बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी की टीम देर रात भरतैली गांव को पहुंची। आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त किया जा रहा है। इसके पश्चात दोनों पक्षों से विवाद में शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही घायल लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वजीरगंज में इलाज के लिए भेजा गया।

**घटना का जायजा लेते पुलिस पदाधिकारीः** घटना को लेकर एसएसपी आशीष भारती ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत घटनास्थल के निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अपर पुलिस अधीक्षक, गया एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, वजीरगंज को घटनास्थल पर भेजा गया। वर्तमान में स्थिति सामान्य बताई जा है। फिर भी निगरानी रखी जा रही है। दोनों पक्षों के विरूद्ध वजीरगंज थाना में निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस संबंध में वजीरगंज थाना के द्वारा कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पुलिस वहां कैंप कर रही है स्थिति सामान्य है।

**नंबर देने को लेकर विवादः** जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत भरैती मुहल्ले में दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना हो गई। मारपीट की घटना का कारण बताया जा रहा है कि वार्ड संख्या 10 नगर निगम के पार्षद मोहम्मद इमरान का भांजा उसी गांव की एक नाबालिक लड़की दुकान से सामान लाने गई थी। पार्षद का भांजा कागज में लिखकर अपना मोबाइल नंबर दिया। और बोला हमसे रात में फोन पर बात करना लड़की कागज पर लिखो नंबर को साथ लेकर अपने घर गई परिजनों को घटना के बारे में बताया। इसके बाद पार्षद के भांजे को लड़की के घर वालों में पिटाई कर दी। इससे बौखलाए पार्षद इमरान लड़की वालों से भिड़ गया और इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट की घटना हुई। इस घटना में पार्षद इमरान सहित आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों में मो इमरान, श्रवण कुमार, छोटू कुमार, रोहित कुमार, सन्नी प्रेमी, मो. गुड्डू, मो. गुलफान, बीरेंद्र यादव शामिल हैं। वहीं इस मामले में आठ लोगों को पुलिस ने हिरासत में देर रात लिया था। हिरासत में लिए गए आरोपियों को जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी कर वजीरगंज पुलिस ने पुलिस बहन से गया कोर्ट में उपस्थित कराने ले गई है।

# पर्यटक और दुकानदार में मारपीट, पांच जख्मी, नालंदा घूमने आए थे पटना के छात्र

## खाजा के पैसे के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद

**निज संवाददाता। नालंदा**






नालंदा के सिलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत बाईपास इलाके में स्थित खाजा नगरी में बुधवार की देर शाम पर्यटक और स्थानीय दुकानदार में झड़प हो गई। इस घटना में आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सिलाव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में पटना के गौरीचक निवासी धीरज कुमार एवं ब्रह्म कुमार ने बताया कि बेलदरिया चक साइंस कोचिंग सेंटर के छात्र एवं छात्राएं नालंदा परिभ्रमण को राजगीर पहुंचे थे। जहां से सभी लोग बस पर सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच सिलाव में बस को रोका गया और सभी लोग खाजा खरीदने लगे। इसी बीच एक छात्रा के साथ स्थानीय दुकानदार ने पैसे के लेन-देन को लेकर गाली गलौज कर दी। बस कर्मी एवं शिक्षकों के द्वारा विरोध के उपरांत स्थानीय लोग उग्र हो गए और लाठी डंडे रड से मारपीट करने लगे, जिसमें कई लोग जख्मी हो गए।

**सिलाव थाना क्षेत्र का मामलाः** मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए सिलाव पीएचसी में भर्ती कराया। वहीं, बस को रवाना कर दिया गया। मारपीट की घटना में स्थानीय एक दुकानदार भी मामूली रूप से चोटिल हो गया। सिलाव थाना अध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। जांच उपरांत ही मामला स्पष्ट हो सकेगा। कुछ लोगों को चोट आई है जिनका इलाज स्थानीय पीएचसी में कराया गया है। खाजा के कमिशन को लेकर मारपीट की बात सामने आ रही है।

# डेढ़ दर्जन घर में लगी भीषण आग, महिला, बच्चें घर में थे मौजूद, ग्रामीणों ने निकाला

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के शाहपुर अंचल क्षेत्र के दामोदरपुर पंचायत के बिंदटोली में अचानक आग लगने से करीब डेट दर्जन झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गए हैं। घरों में आग लगने के बाद महिला बच्चे समेत सभी लोग घर से बाहर निकले और मवेशियों को निकालने में सफल रहे। लेकिन तेज हवा और गर्मी के कारण गर्मी के कारण देखते ही देखते डेढ़ दर्जन से ज्यादा झोपड़ीनुमा घर में भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीण खुद से आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। लेकिन 2 घंटे तक अग्निशमन की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय ग्रामीण और अग्निशमन की कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हालांकि जब तक अग्निशमन की गाड़ी पहुंची तब तक सभी घर जलकर राख हो चुका था। घरों में रखा सामान, चौकी, खटिया,बिछावन, अनाज, बर्तन सहित अनेकों सामान जल कर भस्म हो गये। शाहपुर, बिहिया और जगदीशपुर से आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी को मंगाया गया तब जाकर आग की भयावहता पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड यानी दमकल और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने मे सफलता मिली। आग लगी घटना के बाद अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, बीडीओ, थाना प्रभारी एवं स्थानीय मुखिया मौके पर पहुंचे। इसके बाद पीड़ित परिवारों को राहत के लिए अंचलाधिकारी शाहपुर शम्मा परवीन के द्वारा पॉलिथीन सीट के साथ ही मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया। वहीं, स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि खेत की तरफ से उड़कर चिंगारी एक झोपड़ी में गिरी, इसके बाद देखते ही देखते भीषण आग में तब्दील हो गया। समय पर अग्निशमन गाड़ी को सूचना दी गई थी, लेकिन गाड़ी समय पर नहीं पहुंची। कई लोगों के आशियाने इस आग लगी की घटना में उजड़ गए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय जनता पार्टी के पास नीति, नेतृत्व और नेता : क्षेत्रीय प्रभारी

**आरा**। भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में बैठक हुई। शाहाबाद क्षेत्रीय प्रभारी सिद्धार्थ शंभु ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे इस बार 400 पार के संकल्प के साथ कार्यकर्ता चुनावी रणक्षेत्र में हैं। भाजपा के पास नीति, नेतृत्व और नेता हैं। विपक्ष के पास नीति, नेतृत्व और नेता नहीं हैं। छह अप्रैल को भाजपा अपना स्थापना दिवस हर बूथ मनाएगी। नए सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी की झंडा लगाएंगे। बैठक में क्षेत्रीय सह-प्रभारी अशोक भट्ट, जिला प्रभारी संजय कुशवाहा, लोकसभा प्रभारी जितेन्द्र पांडेय व अन्य थे।

### 200 लीटर महुआ शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**कोईलवर**। गीधा पुलिस ने कायमनगर-बिरमपुर सड़क पर बिरमपुर के समीप ऑटो से लेकर जा रहे एक धंधेबाज को 200 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धंधेबाज को जेल भेजा। इस बाबत गीधा थानाध्यक्ष प्रिया शीला ने बताया कि ऑटो से शराब लेकर जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये 200 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक ऑटो भी जब्त किया गया है। पुलिस ने कारोबारी को खदेड़ कर हिरासत में लिया। तलाशी लिए जाने पर कुल 200 लीटर महुआ शराब व ऑटो जब्त किया गया तथा धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज चंदन कुमार है जो कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहा का रहने वाला है। पुलिस के इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में भय व्याप्त है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप एक वर्ष की सजा

**आरा**। षष्टम अपर जिला एवं न्यायधीश सह पाक्सो न्यायधीश अरविंद कुमार सिंह की कोर्ट ने एक नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने के जुर्म में दोषी करार देते हुए आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी नवादा थाना क्षेत्र के पूर्वी नवादा मुहल्ला का निवासी सूरज कुमार है। वह दीपक प्रसाद का पुत्र है। पीड़ित पक्ष से विशेष लोक अभियोजक पाक्सो सरोज कुमारी ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 2 अगस्त 2019 को नवादा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से सूरज कुमार अक्सर छेड़खानी करने का प्रयास करता था। पीड़िता के परिवार के लोगों ने थाना में सूरज कुमार को नामजद करते हुए केस दर्ज कराई थी। जिसमें केस की सुनवाई करते हुए 4 गवाहों की गवाही के बाद सूरज कुमार को दोषी करार देते हुए एक वर्ष की सजा सुनाया है। न्यायालय ने सरकार के तरफ से 5 लाख हजार रुपए अनुदान देने को भी कहा।

### डीएम ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**बक्सर**। बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- डीएम अंशुल अग्रवाल के द्वारा प्रखंड बक्सर अंतर्गत मतदान केंद्रों यथा-मध्य विद्यालय महदह, उत्क्रमित उच्च विद्यालय नदाँव एवं ग्राम कचहरी भवन, नदाँव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। डीएम ने संबधित सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संबंधित बी0एल0ओ0 के साथ प्रत्येक दिन स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत 25-25 घरों में जाकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे। नदाँव के नोनिया टोला में डोर-टू-डोर मतदाताओं को 01 जून 2024 को वोट देने हेतु प्रेरित किया गया।


### ब्रह्मपुर में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दिखाई भविष्य की योजनाएं



**ब्रह्मपुर**। भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन बक्सर लोकसभा के ब्रह्मपुर विधानसभा के इंदु मैरेज हॉल ब्रह्मपुर में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह तथा मंच संचालन सिद्धनाथ सिंह ने किया । कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बक्सर लोकसभा के एनडीए प्रत्याशी मिथलेश तिवारी ने कहा कि हम भी बक्सर कॉरिडोर का निर्माण कर बक्सर का कायाकल्प करने का काम करेंगें। बक्सर में मेरा कार्यालय 24 घंटा काम करेगा।अगर किसी भी भाई को दिल्ली एम्स में भर्ती कराना होगा तो उसे दिल्ली जा कर लाईन नही लगानी पड़ेगी।अगर आपका समर्थन मिलता है तो हम खुले मंच से एलान करते हैं कि आपका सांसद मिशन वाला होगा, कमीशन वाला नही। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने कहा कि जो भी विपक्ष हमारे प्रत्याशी मिथलेश जी के बारे में बाहरी भीतर का नारा दे रहा है वैसे लोगों को हम एनडीए के सभी साथी मिल कर 1 जून को ऐसा बटन दबाएंगे की विपक्ष को 4 जून को तारे नज़र आने लगेंगे।आगे उन्होंने ने मोदी जी द्वारा जनहित में संचालित केन्द्रीय योजनाओं से अवगत कराते हुए लोगों को मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया। अन्त में लोकसभा संयोजक राजवंश सिंह ने उपस्थित लोगों से मिथलेश तिवारी को भारी बहुमत से जिता कर दिल्ली भेंजने का आह्वान करते हुए मोदी जी के हाथों को मजबूत करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शम्भु सिद्धार्थ प्रदेश उपाध्यक्ष सह शाहाबाद क्षेत्रीय प्रभारी, अशोक भट्ट शाहाबाद सह क्षेत्रीय प्रभारी, संतोष पटेल बक्सर जिला प्रभारी, लोजपा जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह, रालोसपा जिला अध्यक्ष बिन्धयाचल सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, वरिष्ठ नेता सतेंद्र कुंवर, निर्भय राय, भाजपा युवा प्रदेश प्रवक्ता अमित पांडे , भाजपा जिला मंत्री धनजी पांडे,ब्रजेश चौबे,पूनम रविदास, जयप्रकाश राय, आदि थे।

### पति-पत्नी समेत 3 कर रहे थे शराब का धंधा, बक्सर में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बक्सर**। बक्सर में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर धनसोई थाना क्षेत्र के डिलिया गांव में एक घर में भारी मात्रा में शराब के साथ भट्टियां बरामद हुई है। इस में शराब बनाने के समान के साथ पुलिस ने दो पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। एक अन्य शख्स पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया गया कि धनसोई थाना क्षेत्र अंतर्गत डीलियां टोला गांव में 2 भाइयों द्वारा अपने घर में देसी शराब की भट्टी बनाने की गुप्त



सूचना धनसोई थाना पुलिस को मिली थी। सूचना पर छापेमारी की और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। साथ में एक भाई की पत्नी भी पकड़ी गई। पुलिस ने मौके से शराब बनाने के सामान बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि डीलियां टोला निवासी शिव मुनि चौधरी के बेटे परशुराम चौधरी और सुरेश चौधरी ने अपने घर में ही देसी शराब बनाने की भट्टी बना रखी थी। पूरा परिवार शराब बनाने के काम में लिप्त था। धनसोई थाना की पुलिस को इसकी सूचना मिली। सूचना मिलते ही छापेमारी कर दी। मौके से 5 ड्रम, 3 गैस सिलेंडर, 2 चूल्हे, 3 बाइक और बर्तन वगैरह बरामद किए गए। पुलिस ने परशुराम चौधरी और सुरेश चौधरी के साथ ही परशुराम की पत्नी निर्मला देवी को भी गिरफ्तार कर लिया। हालांकि परशुराम चौधरी का बेटा विकास चौधरी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

## एक शातिर बदमाश गिरफ्तार

### आरा में बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में था

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर पुलिस ने अपराध का षड्यंत्र रचते बदमाश को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। वांछित की गिरफ्तारी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बभनियांव गांव के समीप से हो चुकी है। पकड़ा गया बदमाश बभनियांव गांव निवासी मनजी कुमार है। इधर, पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसके पास से एक पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किया गया है। इसे लेकर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिक की है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बदमाश अवैध हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए बभनियांव गांव पहुंचकर मंजी कुमार को गिरफ्तार कर लिया। टीम में जगदीशपुर इंस्पेक्टर बिगाउ राम तथा एएसआई रामानुज कुमार शामिल थे। पकड़ा गया बदमाश का आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है।

**विशेष छापेमारी में आधा दर्जन जख्मी**: सपा के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी एवं शराब बारामती को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें पुलिस पर हमले में तीन आर्म्स एक्ट में एक,शराब में पंद्रह,वारंट में पांच पांच पुलिस के हत्या चढ़े हैं। अभियान के दौरान 16 अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। करीब 415 लीटर देसी और 2 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है।

## बक्सर में 6 सेंटरों पर किसानों से गेहूँ खरीदेगी FCI, डिहरा गांव से की गई शुरुआत

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में एफसीआई ने किसानों 6 सेंटरों पर गेहूँ की खरीदारी शुरू कर दिया है। इसकी शुरुआत बक्सर रामपुर स्थित डेवी डिहरा गांव में किसानों से गेहूँ खरीद कर किया गया। इस बात की जानकारी देते हुए एफसीआई के अधिकारियों ने बताया की रामपुर, नवानगर, कथराई इटाढ़ी एवं बक्सर एफसीआई फूड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया का सेंटर है। जिसमें एक साइलो गोदाम भी है। अधिकारियों की माने तो इन सभी सेंटरों पर किसानों से गेहूं प्राप्त किया जाएगा। लेकिन अगर कोई व्यक्ति बक्सर के पांडेपट्टी में स्थित केंद्र पर गेहूं बेचना चाहता है तो उसे अपने निजी माध्यम से गेहूं ले जाकर बेचना होगा। ऐसे मे भारत सरकार के द्वारा निर्धारित रेट पर ही बक्सर एफसीआई के मुख्य केंद्र पर खरीदारी की जाएगी।

**48 घंटे के अंदर होगा पेमेंट**: एफसीआई के जी एम इस बात का दावा करते हुए कहते हैं कि केंद्र सरकार के निर्देश पर फूड कॉरपोरेशन आफ इंडिया बिहार के किसानों से गेहूं के खरीद की शुरुआत इस वर्ष में कर रही है। इस दौरान किसानों को 48 घंटे के अंदर उनके बेचे गए अनाज का पेमेंट करने की गारंटी भी दी जा रही है। ऐसे में बिहार भर के150 सेंटरों के पर फूड कॉरपोरेशन आफ इंडिया सभी 38 जिलों में गेहूं की खरीद किसानों से करने वाला है।जिसमे 5 लाख क्विंटल का लक्ष्य रखा गया है। बिहार में भी बड़े स्तर पर किसानों से सीधे तौर पर फूड कॉरपोरेशन आफ इंडिया के माध्यम से गेहूं की खरीद की शुरुआत कर चुकी है।

**2275 के हिसाब से होगा पेमेंट**: बक्सर के रामपुर स्थित देवी डेरा में गेहूं के खरीद की शुरुआत फूड कॉरपोरेशन आफ इंडिया के द्वारा किया गया ऐसे में आज से ही पूरे बिहार में खरीद शुरू कर दी गई। इस दौरान फूड कॉरपोरेशन आफ इंडिया के जी एम अमित भूषण के द्वारा देवी डेरा के किसान बृज राज सिंह से गेहूं की खरीद की गई। ऐसे में खरीद के डेढ़ घंटे बाद बृज राज सिंह के अकाउंट में 2275 के हिसाब से पेमेंट कर दिया गया। हालांकि खाद्य निगम के इस निर्णय के बाद किसानों के चेहरे पर खुशी झलक रही है। किसानों ने कहा कि पहले दलालों के हाथों में अपने गेहूं को औने पौने दाम पर बेचना पड़ता था। लेकिन अब एफसीआई के माध्यम से सरकार के द्वारा निर्धारित रेट पर हमसे गेहूं लिया जा रहा हैं जो खुशी की बात है।

## पिता–पुत्र हत्या मामले में केस दर्ज, पुलिस मुठभेड़ में जख्मी विनोद एवं जज सिंह समेत 13 नामजद आरोपित

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के उदवंत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनीपुर गांव में दो कट्ठा जमीन के विवाद में हुए पिता–पुत्र की हत्या एवं पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ को लेकर दो अलग-अलग प्राथमिक की गई है। जिसमें 16 को नामजद आरोपित किया गया है। मृतक रामाधार यादव की बहू रिंकी देवी के बयान पर हुई प्राथमिक की में विनोद यादव, जज सिंह, अमन यादव, चमन यादव, चंद्रमा यादव, सुरेश यादव, नीतीश यादव, धर्मेंद्र यादव, मनीष यादव, वीर बहादुर यादव समेत 13 को नामजद आरोपित किया गया है। जबकि थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के बयान पर हुई दूसरी प्राथमिकी में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार विनोद यादव व जज यादव समेत एक अन्य फरार बदमाश को आरोपित किया गया है। जिसमें सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने एवं पुलिस बल पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। मुठभेड़ में जख्मी दोनों आरोपियों का इलाज आरा सदर अस्पताल में पुलिस अभिरक्षा में चल रहा है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से एक राइफल, एक दो नाली बंदूक



और 31 कारतूस बरामद किया गया है। घटनास्थल से करीब एक दर्जन से ज्यादा खोखा जब्त किया गया है। इधर, रिंकी देवी ने नामजद आरोपितों पर जमीन हड़पने की नीयत से हत्या करने का आरोप लगाया है। बता दे कि रघुनीपुर गांव में करीब 2 कट्ठा जमीन को लेकर 15 वर्षों से शोध प्रतिशोध की लड़ाई चली आ रही है मंगलवार की सुबह रघुनीपुर गांव निवासी रामाधार यादव और उनके बेटे मुकेश यादव अपने खेत में गेहूं काट रहे थे कि इतने में हथियारबंद आरोपित आ धमके और पिता–पुत्र को दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वही, इस दिनदहाड़े वारदात के बाद सपा एवं एसपी के नेतृत्व में चार थानों के पुलिस एवं दी आयु ने एक साथ दर्शन छपरा–बेलाउर गांव के बधार में हमलावरों की घेराबंदी की थी। पुलिस द्वारा सरेंडर करने के लिए बार बार बोला जा रहा था। लेकिन हमलावर पुलिस पर लगातार फायरिंग कर रहे थे। बचाव में पुलिस की ओर से भी जवाबी फायरिंग की गई गोली से दोनों आरोपित विनोद और जज यादव घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों घायलों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक हमलावर चकमा देकर फरार हो गया है। पकड़े गए विनोद यादव के पास से 12 बोर का एक दो नाली बंदूक व छह गोली एवं जज यादव के पास से एक राइफल व बैग में रखा 25 गोली राउंड होने का जिक्र किया गया है। पुलिस की ओर से पिस्तौल व राइफल से लेकर AK-47 से करीब 26 राउंड के आसपास फायरिंग करने का जिक्र किया गया है।

**कार्यालय जिला पदाधिकारी एवं समाहर्त्ता, औरंगाबाद**
(जिला शस्त्र शाखा)
बिहार सरकार
अल्पकालीन आम सूचना

आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर औरंगाबाद जिला अंतर्गत सभी लाईसेंसी शस्त्रों एवं उपलब्ध कारतूसों का भौतिक सत्यापन (Physical Verification) हेतु दिनांक– 27.02.2024 से दिनांक–13.03.2024 तक सत्यापन कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। शस्त्र सत्यापन से संबंधित सत्यापन कार्यक्रम इस कार्यालय के ज्ञापांक–243/श0, दिनांक–07.02.2024 के द्वारा निर्गत किया गया है।

इस जिला अंतर्गत लाईसेंसी शस्त्रों का शत–प्रतिशत सत्यापन कराने के उद्देश्य से दिनांक–03.04.2024 तक को अंतिम बार विस्तारित करते हुए दिनांक–12.04.2024 तक निर्धारित किया जाता है।

शस्त्र सत्यापन हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक–243/श0, दिनांक–07.02.2024 द्वारा निर्गत आदेश के अनुसार प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, संबंधित थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर अपने आवंटित क्षेत्रान्तर्गत सभी छुटे हुए लाईसेंसी शस्त्रों का सत्यापन करना सुनिश्चित करेंगे। शेष आदेश इस कार्यालय के ज्ञापांक–243/श0, दिनांक–07.02.2024 के अनुसार यथावत रहेगा।

जिला दण्डाधिकारी,
औरंगाबाद

PR. No.000054 (District) 2024-25
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
लोकसभा आम निर्वाचन 2024– मतदान का महात्योहार, बिहार है तैयार।

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 03.04.2024**, वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन–02–24–25, कार्य का नाम**: वरिष्ठ डीईएन/III/सियालदह के अधीन एईएन/रानाघाट के क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर त्रुटिपूर्ण ग्लूड जॉइंटों की बदली। **निविदा मूल्य** : रु.51,23,244.96, **बयाना राशि** : रु.1,02,500/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय**: दिनांक 29.04.2024 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि**: 08 माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय**: दिनांक 29.04.2024 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
SDAH-04/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**
**ई–निविदा नोटिस सं.:–डी.डी.यू/ईएल/ग.श./ ई–निविदा/24–25/01**
मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/ग.श./ डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।
**1. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम:** सं. डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/24–25/01 विषय:–डीडीयू/मंडल के अर्न्तगत एसईबी गुड शेड के बुनियादी ढाचे का इलेक्ट्रिकल, कार्य– उन्नयन/आधुनिकीकरण की व्यवस्था करने के संबंध में, **कार्य करने कुल लागत:** रु. 1876655.95, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 30.04.2024, 15:00 बजे, **ई–निविदा वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in
**2. कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम:** सं. डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/24–25/02 विषय:–डीडीयू/मंडल के अर्न्तगत डीडीयू मंडल में एप्रोच रोड पर सोलर स्ट्रीट लाइट सहित हाई मास्ट/पोल लाइट प्रदान करके प्रकाश सुविधाओं में सुधार की व्यवस्था करने के संबंध मे, **कार्य करने की कुल लागत:** रु. 14017039.45, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 30.04.2024, 15:00 बजे, **ई–निविदा वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग.श.) / पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/00013/डीडीयूजीएस/ईजीईएन/टी/24–25/36

**पूर्व रेलवे**
**निविदा सूचना सं. एफ/एमएफजी/कम्पोनेंट/250 बीटीपीएन, दिनांक 03.04.2024**, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला–मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. एफ/एमएफजी/कम्पोनेंट/250 बीटीपीएन के तहत ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के लिए बयाना राशि बाबत केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान माध्यम जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के द्वारा भुगतान करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रिसीट, एफडीआर आदि के माध्यम से मैनुअल भुगतान करने की अनुमति नहीं है। **कार्य का नाम** : कार्य की परिधि के अनुसार 250 बीटीपीएन वैगन के लिए सिंगल सेट में विभिन्न कम्पोनेंट की आपूर्ति, फिटमेंट एवं आरंभ करना। **कार्य स्थल:** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन–811214, **विज्ञापित मूल्य:** रु. 58,31,03,195/–(रुपये अट्ठावन करोड़ इकतीस लाख तीन हजार एक सौ पचानबे) मात्र। **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 00.00, **बोली प्रतिभूति:** रु.30,65,500/–(रुपये तीस लाख पैंसठ हजार पाँच सौ) मात्र। **बोली प्रणाली:** दो पैकेट प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय)। **जॉइंट वेंचर:** जेवी की अनुमति है। **समापन अवधि:** 18 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 27.04.2024 को 11.00 बजे। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 05.04.2024 को 15.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 90 दिन। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ से निविदा का संपूर्ण विवरण आदि देखा जा सकता है:** (www.er.indianrailways.gov.in के साथ हाइपरलिंक्ड www.ireps.gov.in) एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को।
MISC-01/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## एक नजर

### पुलिस ने 24 घंटे में छह अपराधी को किया गिरफ्तार



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) (नि.सं.)।** लोकसभा चुनावों को लेकर पूरे जिला में पुलिस की ओर से अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल ड्राइव चलाया जा रहा है। इस क्रम में 24 घंटे के अंदर जिला के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कुल छह अपराधियों को हथियार और नेपाली नोट के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसमें महुआवा थाना क्षेत्र से हत्या कांड में अभियुक्त आकाश यादव को आदापुर रेलवे ढाला के पास से देसी कट्टा और गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। भेलाही थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बनाते अपराधी भगत पासवान को देसी कट्टा, चार गोली, मोबाइल और बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं केसरिया थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बनाते हुए अपराधी विवेक कुमार को देसी कट्टा और गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चकिया थाना के कोबाया में किराना व्यवसायी पर गोली चलाने वाला मुख्य अभियुक्त चकिया में देखा गया है। इसके बार चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम बना कर छापेमारी शुरू किया गया। इस दौरान कुंदन कुमार और एक नाबालिग को दो देसी कट्टा और गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने नकरदेई थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान 500 सौ ग्राम मादक पदार्थ, 1देसी कट्टा और गोली के साथ तस्कर लालू कुशवाहा को गिरफ्तार किया।

### तालाब की खुदाई के दौरान निकली भगवान विष्णु की मूर्ति



**शेखपुरा (नि.सं.)।** शेखपुरा के बरबीघा प्रखंड अंतर्गत जयरामपुर थाना क्षेत्र के तोय गढ़ गांव में लगभग 22 बीघे में फैली तालाब की खुदाई के दौरान गुरुवार को एक चमकीले पुराने पत्थर की बनी भगवान विष्णु की मूर्ति निकली। तालाब से मूर्ति निकलने के बाद तालाब के निकट ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने उक्त मूर्ति को साफ सफाई करके तालाब के तटबंध पर स्थित बजरंग बली मंदिर में रखा है। जहां लोगों ने मूर्ति का पूजा पाठ करना शुरू कर दिए है। पूर्व मुखिया राजकुमार सिंह ने बताया कि जल संसाधन विभाग की करोड़ों की राशि से गांव के तालाब और पोखरों की खुदाई कार्य चल रहा है।उन्होंने कहा कि गांव के उत्तर मानो तालाब की जेसीबी से खुदाई के दौरान यह भगवान की मूर्ति निकली। उन्होंने कहा कि तालाब से निकली मूर्ति काफी चमकीले पत्थर की बनी है। साथ ही काफी पुरानी प्रतीत हो रही है। बता दें कि जिले में इसी तरह मेहूस, लोहान, कुरमुरी, एकरामा, नवीनगर ककरार, चकंदरा, गबय, सामास, इटहरा सहित अनेकों गांव के तालाब और पोखर की खुदाई के दौरान भगवान विष्णु,लक्ष्मी सूर्य, महात्मा बुद्ध, शिव, पार्वती, काली जैसे देवी देवताओं की मूर्तियां निकली गई। अधिकांश मूर्तियों को ग्रामीणों द्वारा मंदिरों में स्थापित कर उनकी पूजा अर्चना की जा रही है। इस बाबत जयरामपुर थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर विवेक कुमार चौधरी ने कहा कि वे इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम गांव पहुंचकर जायजा लेने जा रही है।

### जानलेवा हमले फरार आरोपी गिरफ्तार



**शेखपुरा (नि.सं.)।** शेखपुरा में गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को जिले के कोरमा थाना पुलिस ने जानलेवा हमले सहित कई मामलों में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी का नेतृत्व कोरमा थानाध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर आयुस कुमार ने की। गिरफ्तार बदमाश की पहचान मुरारपुर गांव निवासी स्व पदार्थ राम के पुत्र के रूप में की गई है। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि 4 माह पहले पुलिस छापेमारी के दौरान इसके घर से पुलिस बड़ी मात्रा में शराब बरामद की थी। लेकिन यह पुलिस छापामार दल को चकमा देकर निकल भागने में सफल हो गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाश इलाके का मशहूर शराब तस्कर बताया जाता है। स्थानीय कोरमा थाना में इसके विरुद्ध पूर्व से जानलेवा हमला सहित तीन कांड अंकित है। जबकि जिले के नगर थाना और उत्पाद थाना में आपराधिक कांड दर्ज है। उन्होंने बताया कि पुलिस के भय से यह गांव छोड़कर अन्यत्र रह रहा था। दो दिन पहले यह घर आया था। इस बात की गुप्त सूचना मिलने के बाद मुरारपुर गांव पहुंचकर पुलिस टीम इसके घर की तलाशी करके इसे घर से गिरफ्तार कर ली। गिरफ्तार बदमाश को कड़ी पुलिस निगरानी में जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### आग से 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट



**मुंगेर (नि.सं.)।** मुंगेर जिला अंतर्गत सफियासराय थाना क्षेत्र के जगदंबापुर फरदा बहियार में गुरुवार की दोपहर अचानक खेतों में लगे गेहूं की फसल में आग लग गई। इस घटना में 50 बीघा में लगा गेहूं का फसल जलकर पूरी तरीके से नष्ट हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास किए। लेकिन पछुवा हवा के कारण खेतों में तेजी से आग फैलती चली गई। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा जब आग पर काबू नहीं पाया गया, तब आनन-फानन में स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद प्रशासन द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए आपदा विभाग की टीम गोताखोर और फायर ब्रिगेड के कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम बहियार पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद लगभग 2 घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, आज की लपटें इतनी ज्यादा तेज थी कि देखते ही देखते खेतों में लगा सारा गेहूं का फसल जलकर नष्ट हो गया। वहीं ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि खेतों में पानी की समस्या रहने की वजह से हमलोग आज को नहीं बुझ पाए और जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती तब तक लगभग फसल जलकर नष्ट हो गया था। बताया जाता है किसान अरुण साव, रामबालक यादव, रासपति साव, अशर्फी यादव और अमरजीत यादव का गेंहू का फसल जलकर राख हो गया। वहीं, पीड़ित किसान द्वारा बताया गया कि काफी मेहनत कर हम लोग गेहूं की फसल को तैयार किए थे। फसल पक कर तैयार हो गया था। अब हमलोग उसकी कटाई कर तैयारी करते, लेकिन इसी बीच आग लगने से सारा फसल जल कर नष्ट हो गया और हम लोगों का मेहनत सारा बेकार चला गया। इस घटना के बाद किसान काफी मायूस हो गए हैं।

घर के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से हुई घटना

# आग में जिंदा जलने से दो बच्चों की मौत, मां गंभीर

- चिंगारी फूंस की झोपड़ी पर गिरी
- बच्चों संग सोई थी मां
- ज्यादातर लोग करते हैं मजदूरी
- घटना होने के बाद बिजली के पोल लगवाए जाएंगे



निज संवाददाता

**दरभंगा।** करीब 25 पक्के मकानों के ठीक बीच में फूंस की झोपड़ी। जो जलकर अब खाक हो चुकी है। वहां पहुंचने के लिए संकरी गली का सहारा, जिसमें से हवा भी गुजरते वक्त काफी धीमी हो जाती है। इसी गली में घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए लटके तार के जाल। आसपास मातम मनाती महिलाओं की आवाज। परेशान कर देने वाला यह दृश्य दरभंगा का है, जहां बीती रात आग से झुलसने की वजह से एक और 5 साल के दो बच्चों की मौत हो गई। यह घटना बिरौल थाना क्षेत्र के सुपौल पंचायत स्थिति हाट गाछी वार्ड नंबर 3 की है। दरअसल, इस घटना की जानकारी जिसे भी मिली, उसने लोगों एक बार झकझोर दिया। हंसता खेलता एक परिवार रात भर में पूरी तरह से तबाह हो गया। मृतकों की पहचान अशोक सहनी के एक वर्षीय बेटे अंकुश और 5 साल के अंकित के रूप में हुई। वहीं, गंभीर रूप से घायल की पहचान 25 वर्षीय पत्नी गीता देवी के रूप में की गई। गीता देवी का इलाज अभी पीएमसीएच में किया जा रहा है। घटना के वक्त बच्चों के साथ मां सोई हुई थी। वहीं उनके पिता पास के ही एक घर में शादी में गए हुए थे। हालांकि हादसे की सूचना के बाद यहां बारात नहीं पहुंची और शादी की तिथि आगे बढ़ा दी गई।

स्थानीय लोगों की मानें तो यह पूरी घटना बिजली के तार के झोपड़ी से महज ढाई फीट ऊपर होने की वजह से हुई है। अगर समय पर बिजली विभाग ने खंभे लगाकर तार को ऊंचाई से गुजारा होता तो शायद इन दो मासूमों की जान बच जाती। रात इसी तार में शॉर्ट सर्किट हुई और चिंगारी फूंस की झोपड़ी पर गिरी। इससे आग लग गई और देखते ही देखते सब कुछ तबाह हो गया। इस झोपड़ी में बिजली का कनेक्शन नहीं था। घटना वाले क्षेत्र में लगभग 400 की आबादी है। इस मुहल्ले में ज्यादातर लोग सहनी यानी मल्लाह समुदाय से आते हैं। यहां के लोग मजदूरी और मखाना फोड़ने का काम कर अपना जीवन यापन करते हैं। इस मुहल्ले के अधिकतर बच्चे पास के ही सरकारी स्कूल में शिक्षा ले रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार बिजली के तार के नीचे झुले होने की शिकायत बिजली विभाग से की गई। लेकिन इसका कोई निराकरण नहीं निकला। स्थानीय युवराज सहनी ने बताया कि इस समस्या की शिकायत बार-बार की गई है। लेकिन इसका कोई समाधान नहीं निकला। इस बीच में बोला गया है कि बिजली के पोल लगवाए जाएंगे। वो भी तब जब ये घटना हो गई है। इससे पहले कोई सुनवाई नहीं थी। रामविलास सहनी बताते हैं कि इस क्षेत्र में बिजली कल रात की घटना के बाद से बाधित पड़ी हुई है। बहुत बार शिकायत बिजली विभाग से की गई लेकिन वो अपने समय की सहूलियत के हिसाब से काम करते हैं। भागिया देवी कहती है कि जिसके घर में घटना हुई है, उनके घर में ना कोई बिजली कनेक्शन था और ना ही गैस का कनेक्शन था। हमलोग कमजोर है, गरीब है। क्या कर सकते हैं। स्थानीय राम कमल सहनी ने बताया कि बिजली विभाग बहुत गलती कर रहा है। कम से कम एक महीना या 15 दिनों में चेक करना चाहिए। पर ऐसा कुछ होता नहीं है। जब किसी की बिजली खराब होती है तो शिकायत के बाद भी विभाग कुछ नहीं करता है। घटना के वक्त जब बिजली काटने के लिए कहा गया तो विभाग की ओर से वीडियो बनाकर भेजने की बात कही गई। इधर, बिजली विभाग के जेई सौरव कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वार ही अपने घर के आसपास बिजली के खंभे लगाने का विरोध किया जाता था। गली पूरी सकरी है। अब सहमति बनी है तो जल्द ही काम को पूरा किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि बिजली घटना के वक्त काट दी गई थी। इसके बाद बिजली चालू करने को लेकर आए कॉल पर उन्होंने कहा था कि आग बुझ गई है तो वीडियो भेजें।

## नदी में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत

निज संवाददाता



**पटना।** पटना के गौरीचक थाना के कंसारी गांव स्थित दरधा नदी में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। गुरुवार को स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों बच्चों के शव को बाहर निकल गया। बच्चों का शव नदी से बाहर निकलते ही पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। स्थानीय ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को मौके पर बुलाकर सहयोग राशि दिलवाई। तब जाकर पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। घटना की पुष्टि करते हुए गौरीचक थाना के सहायक प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि दोनों बच्चों की उम्र लगभग 5 वर्ष के आसपास है और दोनों चचेरा भाई हैं। गौरीचक थाना क्षेत्र के कंसारी गांव निवासी जनार्दन प्रसाद के 5 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार और भोली बिना के 6 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार बुधवार की देर शाम दरधा नदी में नहाने गए थे। एक ऊंची जगह से जैसे ही दोनों ने नदी में छलांग लगायी और गहरे पानी में चले गए। इस बीच गांव के लोगों को सूचना मिली। स्थानीय लोगों ने दोनों बच्चों को रात भर नदी में खोजने का प्रयास किया, इस बीच गुरुवार की सुबह दोनों बच्चों का शव नदी से बाहर निकल गया। गौरीचक थाना के सहायक प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि दोनों परिजनों को प्रखंड विकास पदाधिकारी की तरफ से मुआवजा राशि के रूप में चेक प्रदान किया गया है।

## पटना में दिनदहाड़े गैस वेंडर की हत्या



निज संवाददाता

**पटना।** पटना में गुरुवार को दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने गैस वेंडर की गोली मारकर हत्या कर दी है। गोली चलने की आवाज भी वेंडर के साथी को सुनाई नहीं दी। पुलिस को शक है कि साइलेंसर लगी पिस्टल से गोली मारी गई है। इस मर्डर का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि वेंडर अपने एक साथी के साथ हाथ गाड़ी पर सिलेंडर लेकर जा रहा है। पीछे से एक बाइक पर दो लोग आते हैं। गाड़ी पर पीछे बैठा शख्स पास पहुंचते ही वेंडर को गोली मार देता है। घटना कंकड़बाग थाना इलाके के एलआईजी पार्क के पास की है। एएसपी स्वीटी शेहरावत ने बताया कि एक बाइक पर सवार दो की संख्या मे आए अपराधियों ने गैस सिलेंडर सप्लाई करने वाले रंजीत राम को गोली मारी है। अपराधियों की जल्द पहचान कर ली जाएगी। रंजीत राम के साथ मौजूद दूसरे वेंडर राहुल ने बताया कि अचानक से ठेला खींचते-खींचते रंजीत गिर गया। जब उसे उठाने की कोशिश की तो देखा उसे गोली लगी हुई थी। राहुल ने बताया कि गोली चलने की आवाज तक नहीं हुई। रंजीत राम के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं।

## जानलेवा हमले फरार आरोपी गिरफ्तार

**शेखपुरा (नि.सं.)।** शेखपुरा में गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को जिले के कोरमा थाना पुलिस ने जानलेवा हमले सहित कई मामलों में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी का नेतृत्व कोरमा थानाध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर आयुस कुमार ने की। गिरफ्तार बदमाश की पहचान मुरारपुर गांव निवासी स्व पदार्थ राम के पुत्र के रूप में की गई है। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि 4 माह पहले पुलिस छापेमारी के दौरान इसके घर से पुलिस बड़ी मात्रा में शराब बरामद की थी। लेकिन यह पुलिस छापामार दल को चकमा देकर निकल भागने में सफल हो गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाश इलाके का मशहूर शराब तस्कर बताया जाता है। स्थानीय कोरमा थाना में इसके विरुद्ध पूर्व से जानलेवा हमला सहित तीन कांड अंकित है। जबकि जिले के नगर थाना और उत्पाद थाना में आपराधिक कांड दर्ज है। उन्होंने बताया कि पुलिस के भय से यह गांव छोड़कर अन्यत्र रह रहा था। दो दिन पहले यह घर आया था।

नकाब पहने हथियार के साथ गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे अपराधी

## रिटायर शिक्षक के घर से आठ लाख की लूट, पीड़ित को चाकू मार किया घायल

- चोरों ने घर में रखे 15 हजार नगद समेत 7 से 8 लाख के जेवर लूटे



निज संवाददाता

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी के सुरसंड में रिटायर्ड शिक्षक के घर डकैती होने का मामला सामने आया है। घटना थाना क्षेत्र के मकुनहीया वार्ड नंबर 2 की बताई जा रही है। रिटायर्ड शिक्षक कालीकांत झा ने बताया कि वह घर में अकेले थे। बुधवार की देर रात नकाब पहने कुछ बदमाश हथियार के साथ गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर आ गए। इसके बाद बंधक बनाकर रूम में बंद कर दिया। इस दौरान विरोध करने पर बुजुर्ग की पिटाई भी आरोपियों ने की।

जबकि बुजुर्ग ने कहा घर में जो है ले लो मगर मारो नहीं, तब भी बदमाशों ने पिटाई की और चाकू मार कर घायल कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि अंदर में तीन लोग थे और बाकी बाहर थे। चोरों ने घर में रखे 15 हजार नगद समेत सोना व चांदी के 7 से 8 लाख के जेवर लूट लिया। घटना की सूचना पर डीएसपी अतनु दत्ता समेत सुरसंड थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसपी ने बताया कि मामले की फिलहाल जांच की जा रही है।

इस अगलगी की घटना में पीड़ित परिवार बेघर हो गए

## हाई टेंशन तार की चिंगारी से 10 झोपड़ी जली



निज संवाददाता

**गोपालगंज।** गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र के बंजारी मोड़ के पास सड़क किनारे झोपड़ी बनाकर रह रहे लोगों की झोपड़ी पर अचानक हाई टेंशन तार से चिंगारी निकल कर गिर गई। देखते ही देखते करीब 10 झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गए। इस अगलगी की घटना में पीड़ित परिवार बेघर हो गए। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पीड़ित लोगों में सफी आलम का बेटा नौसाद आलम, नौशाद आलम का बेटा इकबाल आलम, आजाद आलम का बेटा शमशाद आलम, ढोढा पटेल का बेटा आकाश पटेल, राजन शाह का बेटा शमशेर आलम, आमिर मियां का बेटा मुस्तकीम अंसारी, शमसुद्दीन कुरैशी का बेटा कुरवान कुरैशी, नौशाद आलम का बेटा अरबाज आलम समेत 10 लोग शामिल हैं, जिनका घर जलकर राख हो गया। पीड़ितों ने बताया कि गुरुवार की अहले सुबह करीब तीन बजे हाई टेंशन की तार से एक चिंगारी निकली और झोपड़ी पर गिर गई। इसी बीच धीरे-धीरे वह चिंगारी कपड़े और फूस में सुलगने लगी। देखते ही देखते आग विकराल रूप ले ली। पलभर में चीख पुकार मचने लगी।

सभी लोग घर से निकल कर किसी तरह अपनी जान बचाई। आग बुझाने की कोशिश की गई लेकिन आग ने और भी विकराल रूप ले लिया। इसके बाद फायर बिग्रेड को सूचना दी, लेकिन एक घंटे के बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक स्थानीय लोगो के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया था। वहीं, देर से फायर बिग्रेड के आने पर पीड़ित और स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा। इसके बाद कर्मियों को वापस भेजने लगे और आक्रोशित लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। फिलहाल इस हादसे में दस झोपड़ीनुमा घर पूरी तरह से आग के आगोश में समा गई है। घर में रखा सारा समान भी गहना पैसा कपड़ा अनाज बर्तन जल गए। पीड़ित नौशाद आलम ने बताया कि हम लोगों का कहीं कोई घर नहीं है। सड़क किनारे ही झोपड़ी बनाकर रहते हैं।

### महागठबंधन उम्मीदवार अजीत शर्मा ने किया नामांकन

**भागलपुर (नि.सं.)।** भागलपुर लोकसभा क्षेत्र से गुरुवार को महागठबंधन उम्मीदवार अजीत शर्मा ने अपना नामांकन जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी के कार्यालय में दाखिल किया। इससे पहले महागठबंधन उम्मीदवार अजीत शर्मा के समर्थकों के साथ बुढ़ानाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद जुलूस निकालकर भागलपुर के समाहरणालय गेट पर पहुंचे, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह के अलावा दर्जनों महागठबंधन के नेता मौजूद रहे। इस दौरान पूरा सड़क राहुल गांधी, लालू यादव जिंदाबाद, भागलपुर सांसद कैसा हो अजीत शर्मा जैसा हो के नारों से गुजंता रहा। नामांकन के बाद अजीत शर्मा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जनता में काफी उत्साह है। 5 वर्षों में जो विकास नहीं हुआ है। उसे सम्मान के साथ विकास करूंगा। वहीं उन्होंने कहा कि किसी से कोई लड़ाई नहीं है। जनता इस बार जीताकर भेजेगी। उन्होंने आगे बताया कि समय कम बचा है। सभी मां-बहनों से जाकर मिलेंगे, वोट देने की अपील करेंगे।

## 150 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख



निज संवाददाता

**लखीसराय।** लखीसराय में शरद ऋतु की समाप्ति के बाद अब गर्मी ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। जिले के चानन प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टाल मे ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट होने से लगभग 150 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। खबर मिलते ही किसानों में हाहाकार मच गया जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा नजदीकी थाना और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। कई घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया लेकिन जब तक 150 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। किसानों और फायर बिग्रेड के कर्मियों के अनुसार खेमतरणी स्थान और मुस्तफापुर टाल क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर में आग लगने के कारण घटना हुई। तेज पछुआ हवा के कारण से आग की लपट पूरे टाल क्षेत्र में फैल गई। दोनों ही गांव के किसानों के बीच अफरा-तफरी मच गई और वे जहां-तहां से पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। बाद में सूर्यगढ़ा, पीरी बाजार और पिपरिया थाना के अग्निशामक दल के कर्मियों ने आग बुझाना शुरू किया।

## टिकट मिलने के बाद समस्तीपुर में शांभवी ने किया रोड शो, मंदिरों में टेका माथा

निज संवाददाता

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर की NDA प्रत्याशी लोजपा रामविलास की उम्मीदवार शांभवी चौधरी टिकट लेने के बाद गुरुवार को पहली बार समस्तीपुर पहुंची। समस्तीपुर के मुसरीघरारी में पहुंचने पर JDU, LJP और BJP के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुसरीघरारी से समस्तीपुर कर्पूरी स्मारक स्थल तक रोड शो का आयोजन भी किया गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर खड़े समर्थकों को उन्होंने हाथ जोड़कर आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि शांभवी देश की सबसे कम उम्र की और सबसे अधिक वोट से जीतने का रिकार्ड बनाएगी। समस्तीपुर पहुंने पर उन्होंने सबसे पहले बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इस दौरान उन्होंने कर्पूरी स्मारक और बाबू सत्यनारायण सिंह की प्रतिमा पर भी माल्यापर्ण किया। इस मौके पर उनके साथ बिहार सरकार के मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री अशोक चौधरी भी साथ थे। माल्यापर्ण करने के दौरान लोजपा रामविलास पासवान के जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार सिंह उर्फ हीरा सिंह, राज्य सभा सांसद रामनाथ ठाकुर, जदयू के जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, महिला आयोग की अध्यक्ष अश्वमेध देवी, वीरेंद्र जायसवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

एक देशी पिस्टल और 7 जिंदा कारतूस बरामद

## पूर्णिया में अपराध की साजिश रचते चार अपराधी गिरफ्तार



निज संवाददाता

**पूर्णिया।** पूर्णिया के डगरूआ थाना क्षेत्र से अवैध हथियार के साथ 4 अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में थे। हालांकि वो अपने मनसूबों में कामयाब होते इससे पहले ही संध्या गश्त कर रही पुलिस ने इन बदमाशों को अपराध की साजिश रचते धर दबोचा। पकड़े गए बदमाशों के पास से एक देशी पिस्टल और 7 जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किया है। फिलहाल सभी अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के हत्थे चढ़े अपराधी की पहचान माउद्दीन के बेटे मो० मतीन, अमौर थाना के दलमालपुर निवासी स्व० तैयब के बेटे महबुब आलम, जोकीहाट थाना के सिसवा गांव निवासी विरेन्द्र साह के बेटे मुकेश साह जबकि चौथे की पहचान अररिया के जोकीहाट थाना के बड़ा इस्तमबरार निवासी स्व० समौल के बेटे रजावुल के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए डगरूआ थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देश पर जिले में सघन गश्ती की जा रही है। इसी क्रम में 2 अप्रैल को संध्या गश्ती के क्रम में गुप्त सूचना मिली कि कोचैली गली के पास 4 से 5 की संख्या मे बदमाश हथियार से लैश होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं। प्राप्त सूचना की जानकारी एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा को दी गई। जिसके बाद एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष डगरूआ, थानाध्यक्ष जलालगढ और अमौर थाना के गश्ती दल के साथ घटनास्थल की घेराबंदी करते हुए 4 बदमाशों को पकड़ा गया। पकड़े गए बदमाश की तलाशी ली गई। तालाशी के क्रम में इनके पास से एक लोडेड देशी कट्टा, 7 जिंदा कारतूस, 5 मोबाइल फोन और 3 बाइक बरामद किया और फिर जब्त कर लिया है। वहीं, पुलिस इन बदमाशों को पकड़ कर अपने साथ ले आई। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वो बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। हालांकि वो इसमें कामयाब होते, इससे पहले ही पुलिस ने धर दबोचा। फिलहाल गिरफ्तार बदमाश का क्रिमिनल रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है। पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता जागरूकता के लिए पूछे गए सवाल, सही जवाब देने वालों को मिला इनाम

**रांची, एजेंसी।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला प्रशासन की टीम ने बुधवार को कचहरी रोड स्थित वेंडर्स मार्केट में क्विज का आयोजन किया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों से रांची के लोकसभा चुनाव से संबंधित सवाल पूछे गए। रांची में कितने विधानसभा क्षेत्र हैं सहित अन्य सवाल पूछे गए। लोगों को बताया गया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए 25 मई को वोट डाले जाएंगे। अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उपस्थित लोगों को उपयोगी ऐप की भी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि अभी तक जिन लोगों ने अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं कराया है, वे अभी भी अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। सही जवाब देने वालों को इनाम भी दिया गया।

### ब्रांबे, मांडर, चान्हो और बेड़ो में उत्पाद विभाग की छापेमारी

**रांची, एजेंसी।** उत्पाद विभाग की टीम ने बुधवार को ब्रांबे, मांडर, चान्हो और बेड़ो के होटलों व उन जगहों पर छापेमारी की, जहां अवैध रूप से शराब बन रही थी। उत्पाद की टीम ने बड़ी मात्रा में अवैध रूप से बेची जा रही शराब जब्त की। रांची के सहायक उत्पाद आयुक्त अरुण मिश्रा के निर्देश पर छापेमारी हुई। जिसके बाद छह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पांच लोग छापेमारी के दौरान भागने में सफल रहे। छापेमारी में अवैध विदेशी शराब, बीयर, 200 किलो महुआ, आईडी 130 लीटर जब्त की गई। उत्पाद की टीम ने ब्रांबे से रॉबिन तिग्गा को गिरफ्तार किया। वहीं मांडर से शीतल उरांव, टांगरबसली से राजेंद्र गोप और मसमानो, चान्हो से सुकल महली भागने में सफल रहे। उत्पाद की टीम ने लापुंग में भी राजू होटल और दोलइचा में छापेमारी की।

### इलाज के नाम पर मदद मांग कर 50 हजार रुपए की ठगी

**रांची, एजेंसी।** चुटिया थाना क्षेत्र स्थित साउथ रेलवे कॉलोनी कृष्णापुरी निवासी संजय फ्रांसिस से 50 हजार रुपए की साइबर ठगी हो गई है। संजय फ्रांसिस ने चुटिया थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि 22 मार्च की दोपहर उन्हें एक नंबर से काल आया। कॉल करने वाले ने संजय फ्रांसिस से कहा कि वह ओडिशा में एक अस्पताल में है। इलाज के लिए उसे पैसे की जरूरत है। उसने कहा कि वह किसी के द्वारा उनके एकाउंट में पैसे भिजवा रहा है। हॉस्पिटल का नंबर भी भेज रहा है, उस पर वह पैसे भेज दे। कुछ देर बाद संजय फ्रांसिस को 80 हजार रुपए एकाउंट में क्रेडिट होने का मैसेज मिला। उसके बाद संजय ने उसके भेजे नंबर पर 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेकिन बाद में चेक किया तो उनके खाते में कोई पैसा नहीं आया था।

### डीबडीह में कपड़ा दुकान में लगी आग, लाखों के सामान जल कर हुए खाक

**रांची, एजेंसी।** डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित डीबडीह में बुधवार की अहले सुबह एक कपड़ा दुकान में आग लग गई। जिससे कपड़ा दुकान में रखे लाखों के सामान जलकर खाक हो गए। कपड़ा दुकान का नाम क्लच लाइफ स्टाइल है। उसके संचालक ने पुलिस को बताया कि स्थानीय लोगों ने अहले सुबह 5 बजे दुकान से धुंआ निकलते देखा तो उन्हें सूचना दी लेकिन आग देखते ही देखते दहकने लगी और पूरे दुकान में फैल गई। स्थानीय लोगों ने ही डोरंडा थाना और फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी के आने के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि आग लगने से कितने का नुकसान हुआ है और आग कैसे लगी इस संबंध में अभी दुकान के संचालक ने डोरंडा थाना को लिखित में कुछ नहीं दिया है।

### दो ऑटो की भिड़ंत से एक नाबालिग घायल

**बोकारो, एजेंसी।** जैनामोड़ में बुधवार शाम दो ऑटो के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इससे एक नाबालिग सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल का नाम आयुष सिंह (16) बताया गया। बताया गया कि एक ऑटो में सवार होकर आयुष द पांच लोग बोकारो से जैनामोड़ लौट रहे थे। इसी क्रम में टांड़ मोहनपुर के समीप विपरीत दिशा से आ रही दूसरी ऑटो से भिड़ंत हो गई। विपरीत दिशा से आ रही ऑटो पेट्रोल पंप से ईंधन भराकर तेज गति से बोकारो की ओर जा रही थी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बीजीएच भेजकर भर्ती कराया गया।

**लालू ने झारखंड में खड़ी की नई परेशानी! आईएनडीआईए सीट शेयरिंग पर कर रहा बैठक;**

# राजद नेताओं ने यहां ठोक दी ताल



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में लंबी कशमकश के बाद सीटों के बंटवारे को लेकर नतीजे के करीब पहुंचे आईएनडीआईए गठबंधन के सामने राजद ने नई परेशानी खड़ी कर दी है।

महागठबंधन में अभी सीटों के बंटवारे की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सीट शेयरिंग का जो फार्मूला तय हुआ है, उसमें कांग्रेस को सात, झामुमो को पांच और कांग्रेस व भाकपा (माले) को एक-एक सीट दी जानी है। इस फार्मूले से इतर राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी दो सीटों पर ताल ठोक मैदान में उतरने की घोषणा कर चुके हैं।

ऐसे में बिहार में हाल ही में पूरे दल के साथ कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव को पूर्णिया से टिकट देने को लेकर कांग्रेस और राजद में छिड़ी जंग का असर पड़ोसी राज्य झारखंड में भी देखने को मिल सकता है। दोनों जगह कांग्रेस और राजद में गठबंधन है और सीटों के बंटवारे के पहले से ही दोनों दलों के उम्मीदवार ताल ठोककर मैदान में खड़े हैं।

पूर्णिया में कांग्रेस के पप्पू यादव पीछे हटने को तैयार नहीं हैं तो झारखंड के पलामू और चतरा में राजद ने चुनावी बिसात बिछा दी है। यहां पलामू में ममता भुइयां ने गठबंधन की ओर से सीटों की घोषणा के पहले ही अपना चुनावी अभियान शुरू कर दिया है। उधर चतरा में राजद के उम्मीदवार के तौर पर अब एक दिन पहले ही भाजपा का पांच साल का सफर बीच में छोड़कर राजद में लौटे पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का नाम सबसे ऊपर चल रहा है।इससे पहले राजद के उम्मीदवार के तौर पर राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता और पूर्व सांसद धीरेंद्र अग्रवाल समेत आधा दर्जन लोगों के नाम चल रहे थे। राजद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह साफ कर दिया है कि राजद पलामू और चतरा दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगा। उधर, कांग्रेस भी चतरा सीट छोड़ने को तैयार नहीं है।

कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों में यहां पूर्व केंद्रीय नागमणि का नाम सबसे ऊपर चल रहा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का दावा है कि पलामू सीट पर कांग्रेस के दावे से लालू यादव सहमत हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा है कि मिल-बैठकर दोनों दल सहमति बना लेंगे।

चतरा में कांग्रेस और राजद दोनों अड़े तो दोनों दलों के उम्मीदवारों के बीच पिछले चुनाव की ही तरह फ्रेंडली फाइट (दोस्ताना संघर्ष) की स्थिति बन सकती है।

झारखंड में 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस, वामपंथी दलों और राजद ने गठबंधन होने के बावजूद कई सीटों पर दोस्ताना संघर्ष किया था। हालांकि, इन सभी जगह दोनों ही पार्टियों के उम्मीदवार हार गए थे।चतरा से कांग्रेस से मनोज यादव और राजद से सुभाष यादव लड़े थे। वहीं, सीपीआई के प्रत्याशी अर्जुन कुमार भी फ्रेंडली फाइट की सहमति के तहत मैदान में उतरे थे। इसी प्रकार कांग्रेस ने अपने हिस्से की सीट कोडरमा से झारखंड विकास मोर्चा के तत्कालीन अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को मैदान में उतारा था, जबकि माले ने कोडरमा में राजकुमार यादव को प्रत्याशी बनाया था। यहां भी इन दोनों दलों के प्रत्याशी हार गए थे।

बता दें कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब महागठबंधन में थे, तब उन्होंने विपक्षी दल आईएनडीआईए की पहल की थी, लेकिन बाद में वह खुद महागठबंधन छोड़कर एनडीए में शामिल हो गए।

### चुनाव ड्यूटी में लगे बाबू, जाति, आय प्रमाण पत्र बनवाने को दौड़ रहे छात्र

**रांची, एजेंसी।** रांची लोक सभा चुनाव की ड्यूटी 13,300 कर्मचारियों को लगाया गया है। अंचल सहित अन्य कार्यालयों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न कार्यों में लगाया गया है। इस वजह से सबसे अधिक परेशानी जाति, आय व आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने वालों को हो रही है। एक माह पहले आवेदन करने वालों को अभी तक प्रमाण पत्र नहीं मिला है। इसके लिए रोजाना दर्जनों आवेदक सदर, हेहल, कांके, अरगोड़ा, नगड़ी, ओरमांझी, नामकुम अंचल कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।कार्यालय में बताया जाता है कि चुनाव ड्यूटी में लगे होने से अभी काम नहीं हो रहा है। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले, छात्रवृति के लिए आवेदन करने वालों को प्रमाण पत्र नहीं बनने से सबसे अधिक परेशानी हो रही है। पदाधिकारी नहीं मिलने से आवेदक कहीं शिकायत भी नहीं कर पा रहे हैं।

### संजय सिंह की जमानत पर बोलीं कल्पना सोरेन- तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त

**रांची, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी। पिछले साल अक्टूबर में ईडी ने उन्हें कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार किया था। संजय सिंह को बेल मिलने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का रिएक्शन आया है। उन्होंने इसे तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना बताया है। गौरतलब है कि कथित जमीन घोटाला में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी ने राजनीति में एंट्री ले लिया है। बीते दिनों वह दिल्ली में आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात करने भी गई थीं।

#### क्या बोलीं कल्पना सोरेन

संजय सिंह को बेल मिलने पर कल्पना सोरेन ने एक्स पर लिखा, तानाशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू हो गया है। आप नेता और राज्यसभा सांसद श्री संजय सिंह जी ने अन्यायपूर्ण कारावास के खिलाफ एक बड़ी जंग जीती है। यह सत्य और संघर्ष की जीत है, यह आईएनडीआईएकी जीत है। श्री संजय सिंह जी, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अनिता सिंह जी तथा उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और जोहार।

#### 6 महीने बाद मिली बड़ी राहत

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में संजय सिंह को जमानत दे दी। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा था कि अगर संजय सिंह को मामले में जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को रिहा करने का आदेश दिया।

पीठ ने कहा कि आप नेता अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं लेकिन इस मामले के संबंध में कोई बयान नहीं दे सकते। संजय सिंह की रिहाई ऐसे समय में हो रही है जब आम आदमी पार्टी के सामने 19 अप्रैल से शुरू होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले नेतृत्व का संकट है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इस मामले के सिलसिले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। पीठ ने कहा कि संजय सिंह पूरे मुकदमे के दौरान जमानत पर बाहर रहेंगे और उनकी जमानत की शर्तें विशेष अदालत तय करेगी।

### झारखंड में बीजेपी का ओबीसी पर दांव : 7 जनरल सीट में से 2 पर सवर्ण को टिकट

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में इस लोकसभा चुनाव में जनरल सीटों पर सवर्ण की तुलना में ओबीसी को ज्यादा अहमियत मिली है। राष्ट्रीय दलों और क्षेत्रीय दलों ने जिस तरीके से टिकट वितरण किया है, उसका लब्बोलुआब यही सामने आ रहा है। झारखंड में लोकसभा की 14 सीटें हैं, इनमें 8 जनरल, 5 एसटी और एक एससी के लिए आरक्षित है। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 8 जनरल सीटों में से 4 पर सवर्ण और 3 पर ओबीसी को अपना प्रत्याशी बनाया था। सभी की जीत हुई थी।भाजपा ने एक सीट अपनी सहयोगी आजसू पार्टी के लिए छोड़ी थी। इस पर आजसू के टिकट पर ओबीसी से आनेवाले सीपी चौधरी जीते थे। इस बार भी भाजपा ने गिरिडीह सीट आजसू के लिए छोड़ी है। आजसू ने सीपी चौधरी को ही रिपीट किया है। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 7 सीटों में से 5 (रांची, धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर व कोडरमा) पर ओबीसी और 2 (गोड्डा व चतरा) पर सवर्ण को अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने पिछली बार गोड्डा, चतरा, धनबाद और हजारीबाग में सवर्ण को प्रत्याशी बनाया था।

### 5 घंटे अंधेरे में डूबा रहा सिमडेगा सदर अस्पताल, पोल गिरने से घंटों बाधित रही बिजली, गर्मी से मरीज हुए परेशान



**सिमडेगा, एजेंसी।** सिमडेगा सदर अस्पताल पांच घंटे बिजली गुल रही। अस्पताल में भर्ती मरीज अंधेरे में रहे। किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल के पास कोई खास व्यवस्था नहीं थी। मरीज बिस्तर में पड़े- पड़े बिजली का इंतजार कर रहे थे। कई मरीज बिजली नहीं होने से परेशान दिखे।

दरअसल, अहले सुबह तीन बजे एक बिजली का पोल गिर गया। जिसके बाद इलाके में बिजली की सप्लाई प्रभावित हो गई। घंटों यही हाल रहा। पांच घंटे तक अंधकार में डूबा रहा। अस्पताल में भर्जी मरीजों के साथ- साथ उनके परिजनों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 8 बजे तक मरीज बिस्तर पर ही पड़े गर्मी में तड़पते रहे।

सिमडेगा सदर अस्पताल के पास दो जनरेटर हैं, लेकिन तीन बजे बिजली गुल होने के बाद सुबह के 8 बजे तक जनरेटर नहीं चला। अस्पताल के पास दो जनरेटर आपात स्थिति से निपटने के लिए मौजूद हैं। फिलहाल सोलर की मदद से अस्पताल में काम चलाया जा रहा है, लेकिन कई मरीजों के कमरे में पंखा बंद हैं। बढ़ती गर्मी से मरीज परेशान हैं।

जब तक पूरी तरह पोल ठीक नहीं होता तब तक अस्पताल में बिजली नहीं आएगी। आज की रात अगर पोल नहीं बना तो अस्पताल फिर अंधेरे में डूब सकता है हालांकि प्रबंधन का कहना है कि हम जनरेटर चलाएंगे इसकी तैयारी कर ली गई है। बिजली का तार सड़क पर गिरने की वजह से लोगों को भी काफी परेशानी हुई।




### भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं-भाजपा ओबीसी मोर्चा 14 लोस क्षेत्रों में करेगा 400 सम्मेलन

**रांची, एजेंसी।** भाजपा ओबीसी मोर्चा राज्य के सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों में 400 सामाजिक सम्मेलन करेगा, अभी तक 38 कार्यक्रम कर चुका है। प्रदेश भाजपा कार्यालय में बुधवार को हुई ओबीसी मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक सह सोशल मीडिया कार्यशाला में यह जानकारी दी गई।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमरदीप यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी एक है। मोदी सरकार ने देश का चंहुमुखी विकास किया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड में ओबीसी समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया है। बैठक में कर्मवीर सिंह, आदित्य साहु, कृष्णा महतो, देवनारायण प्रजापति आदि ने भी अपने विचार रखे।भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी 5 दिनों तक प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे। वे 4 अप्रैल को बोकारो, 5 को बाघमारा और धनबाद, 6 को जमशेदपुर, 7 को सरायकेला व चाईबासा व 8 को खूंटी विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विधानसभा स्तर पर पार्टी द्वारा गठित प्रबंध समिति, संचालन समिति की बैठकों को संबोधित करेंगे।

### नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 13 होटलों-ढाबों पर छापेमारी

**रांची, एजेंसी।** उत्पाद विभाग ने मंगलवार को नशे के विरुद्ध बड़ा अभियान चलाते हुए रांची के 13 होटलों -ढाबों में छापेमारी की। चुटिया थाना क्षेत्र, नामकुम, सदर थाना और ओरमांझी थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। इस दौरान उत्पाद की टीम ने 9 होटलों -ढाबों में अवैध रूप से बेची जा रही शराब पकड़ी। सहायक उत्पाद आयुक्त अरुण मिश्रा ने बताया कि इन होटलों-ढाबों पर 95 हजार रुपए का जुर्माना तो लगाया ही गया, आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार भी किया गया है। यहां से बड़ी मात्रा में उत्पाद की टीम ने अवैध शराब भी जब्त की है।

होटलो-ढाबों में खुलेआम लोगों को शराब परोसी जा रही थी। वहीं, यहां छिपा कर बड़ी मात्रा में अवैध शराब का भंडारण भी किया गया था। उत्पाद विभाग ने 9 के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की है। एक अभियुक्त छापेमारी के दौरान भागने में सफल रहा। उत्पाद की टीम अवैध शराब को लेकर लगातार अभियान चला रही है। पिछले हफ्ते एक मिनी नकली शराब फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था।

उत्पाद की टीम ने नगड़ी स्थित होटल रोल मॉडल, पुष्पांजलि होटल, ओरमांझी में अतिथि होटल और नामकुम में सपना होटल में भी छापेमारी की। लेकिन वहां अवैध शराब बिक्री करते हुए नहीं पाया गया।पुंदाग ओपी की पुलिस ने सोमवार को 166 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक अभियुक्त परवेज अंसारी को गिरफ्तार किया था। उसे रांची पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि उसके पास से 83 हजार रुपए मूल्य का ब्राउन शुगर पकड़ा गया है, जिसका वजन 14.50 ग्राम था। वहां नगद 5700 रुपए भी जब्त किया गया।

# दो दिन कहर बरपाएगी गर्मी, छह अप्रैल से बिगड़ने वाला है झारखंड का मौसम



**रांची, एजेंसी।** राजधानी समेत पूरे राज्य के मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। गत दिनों हुई वर्षा के बाद राजधानी के तापमान में दो डिग्री की कमी रिकॉर्ड की गई है तो तेज धूप का असर भी बरकरार है। लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण शहर के स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूर्वानुमान में बताया गया है कि चार, पांच और छह अप्रैल को हीट-वेव का असर देखने को मिलेगा। सबसे अधिक हीट-वेव का असर दक्षिणी हिस्से के अलावे पूर्वी हिस्से में देखने को मिलेगा।

वहीं सात अप्रैल को राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में कहीं-कहीं 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा बहने और वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना है। राजधानी में छह अप्रैल की दोपहर या शाम में आंशिक बादल छाए रहेंगे। जिसके बाद गर्मी से थोड़ी राहत मिलने के आसार हैं।

इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची व आसपास के जिलों में अगले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

इसके बाद अगले तीन दिनों धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। चार और पांच अप्रैल को रांची में आसमान मुख्यत- साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा।राज्य में लगातार बढ़ रही गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने विशेष बुलेटिन जारी की है। हीट वेव के खतरे से बचने के लिए लोगों को खासकर दोपहर 12 से तीन बजे के बीच धूप में बाहर नहीं निकलने की अपील की गई है।कहा गया कि पर्याप्त पानी पीएं, प्यास न लगी हो फिर भी साफ पानी पीएं, हल्के रंग के ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें, धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता या टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो बाहरी गतिविधियों से बचें।

यात्रा करते समय पेयजल अवश्य रखें। शराब, चाय, काफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें। ये शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचने और बासी भोजन न करने, बाहर काम करने वालों को टोपी या छाते का उपयोग करने, सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का भी उपयोग करने की सलाह दी गई है।

हीट वेव की चपेट में आने के बाद बेहोश या बीमार महसूस होने पर तुरंत डाक्टर से मिलें। ओआरएस, घर में बना पेय लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें।

जानवरों को छाया में रखने और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी देने के साथ घर को ठंडा रखने के लिए पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करने की सलाह दी गई है। रात में खिड़कियां खुली रखने तथा पंखें का प्रयोग करने, गीले कपड़े पहनने और बार-बार ठंडे पानी से स्नान करने की सलाह दी गई है।पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पूरे राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस जमशेदपुर का रहा, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस गढ़वा का रहा। वहीं राजधानी रांची की बात करें तो अधिकतम 36.8 डिग्री और न्यूनतम 20.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे बोले-दुमका में झामुमो को नहीं मिल रहा प्रत्याशी, नलिन और स्टीफन लड़ने को तैयार नहीं

**दुमका/रांची, एजेंसी।** भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा है कि दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ झामुमो को प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि अभी तक झामुमो ने दुमका लोकसभा सीट से प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। निशिकांत बुधवार को दुमका के एमपी एमएलए की विशेष अदालत में पेशी के लिए पहुंचे हुए थे।

कोर्ट परिसर से बाहर निकालने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि ऐसी जानकारी मिल रही है कि झामुमो के विधायक नलिन सोरेन और स्टीफन मरांडी ने दुमका लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। हेमलाल मुर्मू और हेमंत सोरेन भी यहां से चुनाव नहीं लड़ेंगे। कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनना है, इसलिए वे गांडेय विधान सभा का उप चुनाव लड़ना चाहती हैं। सांसद ने कहा कि दुमका में सीता सोरेन के खिलाफ जो भी प्रत्याशी होगा सभी की जमानत जब्त हो जाएगी।



झामुमो विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा- निशिकांत दूबे भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। संथालपरगना में झामुमो को कोई हरा नहीं सकता। भाजपा हमारे सामने कहीं नहीं टिकेगी। पार्टी मुझे दुमका लोकसभा क्षेत्र से टिकट देगी, तो मैं पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ूंगा।झामुमो विधायक नलिन सोरेन ने कहा-हम चुनाव लड़ते नहीं हैं। झामुमो का हर कार्यकर्ता हमेशा चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहता है। पार्टी हमें जिम्मेदारी देती है, तो उसका पूरी तरह से पालन करूंगा। भाजपा हमारे आसपास भी नहीं है। संथाल की तीनों सीटों पर भाजपा हारेगी। दूबे झूठ फैला रहे।

निशिकांत ने कहा-गोड्डा से यदि झामुमो प्रत्याशी उतारता है या कांग्रेस प्रदीप यादव को प्रत्याशी बनाती है, तो मैं अपना चुनाव प्रचार भी नहीं करूंगा। नामांकन करने गोड्डा जाऊंगा, उसके बाद देवघर में बैठकर कहीं चाय पिऊंगा, तो कहीं खाना खाऊंगा। रिजल्ट लेने के लिए ही गोड्डा जाएंगे।प्रत्याशियों की घोषणा में हो रही देरी से उत्पन्न हो रही विरोधाभाष दूर करने के लिए झामुमो ने 5 अप्रैल को विधायक दल की बैठक बुलाई है। सुबह 11 बजे से सीएम हाउस में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में यह बैठक होगी। इस बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों पर भी विधायकों की राय ली जाएगी। उसके बाद पार्टी अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। हालांकि, झामुमो ने बार-बार दुहराया है कि कांग्रेस के प्रत्याशियों की घोषणा के बाद झामुमो तत्काल अपने प्रत्याशियों की भी घोषणा कर देगा।

इधर, जानकारी के अनुसार कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की भी पांच अप्रैल को दिल्ली में बैठक प्रस्तावित है। उसी दिन कांग्रेस द्वारा भी घोषणा पत्र जारी किए जाने की भी संभावना है। अगर ऐसा हुआ तो पांच अप्रैल को प्रस्तावित चुनाव समिति की बैठक एक दिन टल सकती है। उम्मीद है कि कांग्रेस की इस बार होनेवाली चुनाव समिति की बैठक में झारखंड के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा हो सकती है।

### सीसीएलकर्मी और दो बच्चों के शव तालाब में मोटरसाइकिल से बंधे मिले

**खलारी, एजेंसी।** सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के चमातू ग्राम के तिलैयाटांड़ में तालाब से तीन शव बरामद हुए हैं। शवों की पहचान सीसीएल कर्मी विनोद उरांव, उनके 12 साल के बेटे अंकित उरांव ओर सात साल की बेटी प्रिया कुमारी के रूप में हुई है। तीनों शव मोटरसाइकिल से बंधे हुए थे। इसलिए हत्या की आशंका जताई जा रही है।

परिजनों ने बताया कि विनोद रविवार को ड्यूटी करने के लिए शाम 4:00 बजे अपने घर से खलारी के लिए निकले थे। साथ में दोनों बच्चे भी थे, क्योंकि ये मैक्लुस्कीगंज में ही डॉन बॉस्को स्कूल में पढ़ते थे। विनोद ने कहा था कि वे मंगलवार को लौटेंगे। जब मंगलवार को बिनोद उरांव वापस नहीं आए तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी बीच ग्रामीणों को पता चला की तिलैया ताड़ के तालाब के पास विनोद उरांव का हेलमेट, पर्स व मोबाइल पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने शंका होने पर तालाब में खोजबीन शुरू की। बुधवार शाम विनोद और उनके दोनों बच्चों के शव बरामद हुए। शव मिलने के बाद आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय घटना स्थल पर पहुंचे और शवों को कब्जे में ले लिया है। ग्रामीण आक्रोशित थे, जिसे पुलिस समझाने का प्रयास कर रही थी।गौरतलब है कि विनोद उरांव की जमीन मगध कोलियरी में गई थी, जिसकी एवज में उन्हें सीसीएल में नौकरी मिली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### संभल में वोटर्स ने उठाया विकास का मुद्दा, चाय पर चर्चा में मतदाताओं ने रखी अपनी राय

**चंदौसी (संभल) , एजेंसी।** चुनावी रथ सत्ता का संग्राम बृहस्पतिवार संभल जिले में पहुंच गया है। चाय पर चर्चा के दौरान लोगों ने अपनी बात बेबाकी से रखी। चर्चा में व्यापार, सड़क और बेरोजगारी के मुद्दे उठे। मतदाता प्रजीत कुमार लालू ने कहा कि संभल लोकसभा सीट पिछड़ी हुई है। विकास के नाम पर यहां कुछ नहीं मिला है। सड़कों का हाल बुरा है। संभल लोकसभा सीट पर सुविधाओं का अभाव है। मतदाता डॉ. विशाल चौहान ने कहा कि देश में विकास हो रहा है, लेकिन संभल का कोई सुधलेने वाला नहीं है। यहां के सांसद का ध्यान विकास की ओर नहीं था। उनका ध्यान धार्मिक मुद्दों पर रहता था। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई सुविधा नहीं मिली। प्रदेश सरकार ने कानून व्यवस्था में सुधार किया है। मतदाता शाह आलम मंसूरी ने कहा कि संभल और चंदौसी की अनदेखी हुई है। यहां मुख्य समस्या ट्रेन कनेक्टिविटी की है, व्यापारियों को काफी परेशानी होती है। सुबह में कोई ट्रेन नहीं है, लोगों ने कई बार सुबह में ट्रेन चलाने की मांग उठाई, लेकिन कुछ नहीं मिला। हमारी मांग है कि जो भी सांसद आए, कनेक्टिविटी पर ध्यान दे पाएं। चंदौसी के स्टेशन रोड स्थित मालवीय चौक के पास चर्चा में मौजूद लोगों ने व्यापारियों की समस्या, सुरक्षा व बिजली-पानी, सड़क और रेल यातायात के मुद्दों को उठाया।

उन्होंने कहा कि उनका सांसद व्यापारियों की समस्याओं को समझे। इसके साथ ही उनका निस्तारण भी कराए। प्रभात कृष्ण ने कहा कि सांसद ऐसा हो जो चंदौसी का विकास करे। सत्येंद्र कुमार ने कहा कि चंदौसी में व्यापार प्रभावित है। सड़क जैसी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। प्रजीत कुमार ने कहा कि विकास के नाम पर संभल लोकसभा पिछड़ रही है। केंद्र सरकार ने यहां ध्यान नहीं दिया। एक मतदाता ने कहा कि व्यापारिक दृष्टि से लोग दूसरे शहर में आते जाते हैं। पर्याप्त रेल साधन नहीं होने से परेशानी होती है। अरविंद कुमार ने कहा कि सांसद उनके बीच का होना चाहिए। जो उनकी समस्याओं को समझकर संसद में उठाए। विशाल चौहान ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

### घर से रुपये न मिलने पर युवक ने ईंट से तोड़ा एटीएम

**खोड़ा, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के शिव विहार में घर से रुपये न मिलने से नाराज युवक ने ईंट से एटीएम तोड़ दिया। सायरन बजने पर लोगों ने आरोपी को अंदर बंद कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि घर से रुपये न मिलने से नाराज होकर युवक ने मशीन तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक युवक बैंक के बूथ में घुसकर ईंट से मशीन तोड़ रहा है। मशीन टूटने से सायरन भी बजने लगा। इससे लोगों की भीड़ जुटने लगी। गुस्साए लोगों ने बूथ के अंदर आरोपी को बंद कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सनी वाल्मीकि निवासी आजाद विहार बताया। उसने कबूला कि घर से खर्चे के लिए रुपये नहीं मिलने पर वह नाराज हो गया। इसके बाद गुस्से में एटीएम को ईंट से तोड़ना शुरू कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई की।

### सहपाठी ने घर में घुसकर छात्रा को पीटा, घायल

**खोड़ा, एजेंसी।** थाना क्षेत्र में सोमवार को एक सहपाठी ने घर में घुसकर छात्रा पर हमला कर दिया। बुरी तरह पीटने से छात्रा घायल हो गई। बुधवार को उसकी तबीयत बिगड़ने के बाद पुलिस को शिकायत मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों का आरोप है कि छात्रा की कक्षा में पढ़ने वाला युवक कई दिनों से परेशान कर रहा था। सोमवार को छात्रा को रास्ते में रोका तो उसने विरोध कर दिया। इसके बाद छात्रा घर आ गई। कुछ देर बाद उसने छात्रा के घर में घुसकर हमला कर दिया। लात और घूंसों से उसे बुरी तरह पीटकर भाग गया। छात्रा का मुंह सूज गया है आंखों पर सूजन आ गई। बुधवार को तबीयत बिगड़ने पर छात्रा को डॉक्टर के पास ले गए। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि परिजनों ने मारपीट का आरोप लगाया है। मामले की जांच कर रहे हैं।

# लोहिया की धरती पर सपा का सूखा...

## लड़ाई करीब, लेकिन जीत से रहे दूर; 1996 से आम चुनावों में नहीं मिली सफलता



**अंबेडकरनगर , एजेंसी।** जिन प्रख्यात समाजवादी डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से प्रेरित होकर समाजवादी पर्टी का गठन हुआ उन्हीं की जन्मभूमि पर सपा को लोकसभा चुनाव में जीत का इंतजार है। पार्टी गठन के बाद हुए सात आम चुनावों में सपा चार बार दूसरे स्थान तक आई, लेकिन जीत नसीब नहीं हुई।

2004 के उपचुनाव में जरूर सपा को विजय मिली, लेकिन इसे बसपा प्रमुख द्वारा बार-बार जीत के बाद भी सीट छोड़ने की प्रतिक्रिया के तौर पर देखा गया। समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जन्मस्थली अकबरपुर है। यहीं से लोहिया के सिद्धांतों ने वैचारिक क्रांति की अलख जगाई।

पूरी दुनिया में उनके समाजवादी आदर्श की गूंज हुई, लेकिन इन सबके बीच डॉ. लोहिया का नाम लेकर आगे बढ़ी समाजवादी पार्टी को अकबरपुर में ही आम चुनाव के सफर में एक भी जीत मयस्सर नहीं हो सकी।

वर्ष 1992 में गठन के बाद सपा ने पहला आम चुनाव वर्ष 1996 में लड़ा। तब अकबरपुर सुरक्षित संसदीय सीट पर पार्टी ने अयोध्या (तत्कालीन फैजाबाद) जनपद के कद्दावर दलित नेता अवधेश प्रसाद को टिकट दिया। डॉ. लोहिया की धरती पर सपा ने बड़े चेहरे को उतार कर मजबूत संदेश देने की कोशिश की।

अवधेश प्रसाद चुनाव भी पूरी मजबूती से लड़े, लेकिन बसपा की जीत के बीच 24,567 मतों से पीछे रह गए। उन्हें 1,69,046 मतदाताओं का साथ मिला। हार के बाद भी सपा के लिए यहां एक सुखद स्थिति यह जरूर रही कि प्रत्याशी को कुल 27.12 प्रतिशत मत मिले जो पार्टी के कुल औसत मत 20.84 प्रतिशत से कहीं अधिक था।

**लड़ाई करीब, लेकिन जीत से रहे दूर:** वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव में सपा के डॉ. लालता प्रसाद कनौजिया 2,38,382 मत के साथ, वर्ष 1999 में राम पियारे सुमन 2,06,376 मत के साथ जबकि वर्ष 2004 के सामान्य चुनाव में सपा प्रत्याशी शंखलाल मांझी 2,66,750 मत के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

इस चुनाव के बाद हुए परिसीमन में जिले की इकलौती सीट अकबरपुर सुरक्षित से बदलकर सामान्य श्रेणी में आ गई। नाम भी अंबेडकरनगर हो गया। सामान्य सीट पर हुए पहले चुनाव में भी सपा को जीत नहीं मिली। शंखलाल मांझी बतौर सपा प्रत्याशी 2,36,751 मत के साथ बसपा के राकेश पांडेय से 22,736 वोटों से पिछड़ गए। यह जरूर रहा कि इससे पहले के चुनाव परिणामों को शामिल किया जाए तो इस बार सबसे कम मत से सपा को हार मिली। 2014 में सपा ने जातीय समीकरणों को ध्यान में रखकर फिर से जोर लगाया। पूर्व मंत्री राम मूर्ति वर्मा को मैदान में उतारा, लेकिन वे तीसरे स्थान पर खिसक गए। वर्ष 2019 में सपा खुद यहां चुनाव नहीं लड़ी। गठबंधन के चलते यह सीट बसपा के खाते में चली गई थी। तब सपा के सहयोग से जीते सांसद रितेश पांडेय अब भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं सपा से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा मैदान में डटे हैं।

**उपचुनाव ने दिया सहारा:** सपा को आम चुनाव में जीत न मिलने के दर्द के बीच वर्ष 2004 के उपचुनाव में थोड़ी राहत मिली। हालांकि उसे सपा की जीत से ज्यादा बसपा प्रमुख मायावती द्वारा बार-बार यहां जीत के बाद सीट छोड़ने की प्रतिक्रिया के तौर पर देखा गया। बसपा प्रमुख यहां लगातार तीन बार सांसद चुनी गईं। सीट रखने की बजाय दो बार वे इसे छोड़ गईं। वर्ष 2002 में जिले की तत्कालीन जहांगीरगंज विधानसभा सीट पर जीत के बाद भी मायावती ने उसे अपने पास नहीं रखा।

नतीजा यह हुआ कि 2004 के आम चुनाव में भी जीत के बाद जब मायावती ने यह सीट छोड़ी तो उपचुनाव में सपा प्रत्याशी शंखलाल मांझी ने जीत दर्ज कर ली। उन्होंने बसपा के त्रिभुवन दत्त को हराया। सपा के साथ ऐसे में इसी एक उपचुनाव में यह सीट हाथ लग पाई।

### विधानसभा में शानदार प्रदर्शन

लोकसभा चुनाव में भले ही सपा की हसरत पूरी नहीं हो पा रही, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। पूरे प्रदेश में भाजपा की भले ही धमाकेदार जीत हुई, लेकिन अंबेडकरनगर में सपा का प्रदर्शन एकतरफा रहा। जलालपुर से राकेश पांडेय, टांडा से राममूर्ति वर्मा, आलापुर से त्रिभुवन दत्त, अकबरपुर से राम अचल राजभर और कटेहरी से लालजी वर्मा सपा के टिकट पर चुनाव लड़कर विधायक बने। वर्ष 2017 के चुनाव में भाजपा को टांडा और आलापुर में जीत मिली थी। सपा ने वह दोनों सीटें भी छीन लीं। विधानसभा चुनाव में मिली इस अप्रत्याशित जीत के बूते ही सपा इस बार लोकसभा में परिवर्तन की उम्मीद लगाए है। यह बात अलग है कि सपा के कद्दावर विधायक राकेश पांडेय बीते दिनों पार्टी से बगावत कर राज्यसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी को वोट दे चुके हैं। उन्हीं के पुत्र रितेश भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं।

### उपचुनाव में ही सांसद बने थे डॉ. लोहिया

डॉ. लोहिया वर्ष 1963 में फर्रुखाबाद सीट पर हुए लोकसभा उपचुनाव में करीब 58 हजार वोट से विजयी होकर सांसद बने थे। उनका जन्म 23 मार्च 1910 को अकबरपुर में हुआ था, जब वे ढाई वर्ष के थे तो माता चंदा का निधन हो गया। पालन पोषण परिवार की दाई सरयू देई ने किया। पेशे से अध्यापक पिता हीरालाल उन्हें वर्ष 1918 में ही कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन में लेकर गए थे, जिसके बाद डॉ. लोहिया ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे भारत छोड़ो आंदोलन में पहली बार 20 मई 1944 को गिरफ्तार हुए। राष्ट्रभक्ति उनमें इस कदर थी कि सरकार की कृपा पर पेरोल पर रिहा होने से इन्कार कर दिया था।

## रायबरेली लोकसभाः तो प्रियंका संभालेंगी मां सोनिया की विरासत, भाजपा स्थानीय नेताओं पर लगा सकती है दांव



**रायबरेली, एजेंसी।** गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा को चुनावी समर में उतारने की मांग तेज हो गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार हाईकमान से प्रियंका को चुनाव लड़ाने की हरी झंडी भी मिल चुकी है। सिर्फ औपचारिक घोषणा बाकी है। इस संकेत के बाद कांग्रेसी अंदर ही अंदर खुश हैं।

उत्तर प्रदेश की इकलौती सीट को किसी भी हाल में कांग्रेस गंवाने के मूड में नहीं है। सोनिया के राज्यसभा में जाने के बाद यह सीट खाली है। हमेशा सबसे पहले प्रत्याशी मैदान में उतारने वाली कांग्रेस अबकी चुप्पी साधे है। ग्राउंड रिपोर्ट की सच मानें तो लोगों में यही चर्चा है कि गांधी परिवार से प्रत्याशी उतरने के बाद ही कांग्रेस इस सीट को बचा सकती है। प्रियंका के मैदान में आने से प्रदेश में कांग्रेस की निश्चित ही संजीवनी मिलेगी, लेकिन भाजपा से प्रत्याशी घोषित नहीं होना कहीं न कहीं कांग्रेस को अखर रहा है।

**पांच साल बनाए रखी दूरी, अब मनाना चुनौती**

वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव जीतने के बाद रायबरेली के लोगों से दूरी बनाए रखना गांधी परिवार को अब मुश्किल में डाल सकती है। बीते पांच वर्षों में सोनिया गांधी का कई बार कार्यक्रम आया, लेकिन फिर निरस्त भी हो गया।

**प्रियंका आयीं तो भाजपा लगा सकती है स्थानीय पर दांव**

रायबरेली संसदीय सीट पर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी तय करने के लिए एक दूसरे का मुंह देख रहे हैं। लोगों में चर्चा है कि यदि प्रियंका चुनाव में उतरती हैं तो भाजपा स्थानीय प्रत्याशी पर दांव लगा सकती है। दिनेश प्रताप सिंह पिछला चुनाव लड़ चुके हैं और विधायक डॉ. मनोज पांडेय भाजपा के लिए मजबूत स्तंभ बन गए हैं। हालांकि दोनों पार्टियों से प्रत्याशी का इंतजार है।

## मुख्य सचिव ने दिए निर्देश - त्योहारों पर अफवाह से खराब हो सकता है माहौल

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने ईद, रामनवमी, आंबेडकर जयंती व चैत्र नवरात्रि पर्व के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी मंडलायुक्तों, डीएम एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान प्रदेश में कहीं कोई अप्रिय घटना न होने पाए। किसी भी धर्म पर टीका-टिप्पणी व छोटी सी अफवाह माहौल को खराब कर सकती है, इसलिये इस पर विशेष नजर रखी जाए।



मुख्य सचिव ने लोकभवन स्थित अपने कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि अयोध्या में रामनवमी के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इसे ध्यान में रखते सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए समुचित प्रबंध किए जाएं। सीसीटीवी द्वारा निगरानी रखी जाए।

प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित होंगे, ऐसे में विशेष तौर पर सतर्कता बरती जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखें। सड़क मार्ग व यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि कोई शोभायात्रा अथवा धार्मिक जुलूस बिना विधिवत अनुमति के न निकले। सोशल मीडिया को लेकर अधिकारियों को संवेदनशील रहने की जरूरत है। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश, सचिव गृह डॉ. संजीव गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### छेड़छाड़ का मामलाः कोर्ट ने आरोपी को किया बरी, बयान बदलने वाले पिता पर कार्रवाई के आदेश

**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में छेड़छाड़ के मामले में सुनवाई के दौरान अदालत में पीड़िता और उसके पिता ने बयान बदल दिए। इस पर स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट सोनिका चौधरी ने हरीपर्वत के कैलाशपुरी निवासी आरोपी वकील को बरी कर दिया। साथ ही किशोरी के पिता के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दिए। किशोरी के पिता ने एसएसपी आगरा को तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि आरोपी उनके घर आकर किशोर उम्र की बेटी के साथ शादी करने का दबाव बनाता है। विरोध पर गोली मारने की धमकी देता है। उन्होंने बेटी को बल्लभगढ़ भेज दिया, वह वहां भी पहुंच गया। वहां से तमंचे के बल पर बेटी को ले गया। विरोध पर मारपीट की।

**कहा- मेरे साथ कोई घटना नहीं हुईः** 18 अगस्त और 21 अगस्त 2017 को पुलिस को सूचना दी। अदालत में सुनवाई के दौरान पीड़िता और उसके पिता ने बयान बदल दिया। कहा कि पहले उन्होंने धारा 164 के तहत जो बयान दर्ज कराए थे।

## तस्करी का गढ़ बन रहा लखनऊ एयरपोर्ट, साढ़े आठ करोड़ की सिगरेट और 27 करोड़ का सोना बरामद

**लखनऊ, एजेंसी।** अमौसी एयरपोर्ट तस्करी का गढ़ बनता जा रहा है। एयरपोर्ट पर तीन माह में 8.47 करोड़ रुपये की विदेशी सिगरेट व पूरे वित्तीय वर्ष में 27.09 करोड़ रुपये का सोना बरामद किया गया है। ऐसे में कस्टम की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। कस्टडी से 29 तस्करों के भागने बाद कस्टम पर शक और गहरा गया है।



अमौसी एयरपोर्ट पर खाड़ी देशों से तस्करी कर लाए जाने वाले सोने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं, बैंकॉक व दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से विदेशी सिगरेट तस्करी कर लाई जाती है। कस्टम की टीम मुस्तैदी की बात कहकर तस्करों को पकड़ रही है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि कस्टम की टीम सिगरेटों की तस्करी को उजागर करती है, लेकिन सोने की तस्करी में मिलीभगत कर लेती है।

एयरपोर्ट पर जनवरी से अब तक सिगरेट तस्करी के कुल 105 मामले पकड़े गए हैं, जिसमें 58,45,280 सिगरेट बरामद की गई हैं। इनकी कुल कीमत 8 करोड़ 47 लाख 37 हजार 800 रुपये है। वहीं, सोने की तस्करी की बात की जाए तो वित्तीय वर्ष में कुल 72 मामले पकड़े गए। इसमें तस्करों कुल 43,904 ग्राम सोना बरामद किया है, जिसकी कीमत 27 करोड़ 9 लाख 55 हजार 833 रुपये बताई जा रही है।

### हत्याकर फेंका गया बेटे का शव भी नहर में मिला, निर्दयी पिता ने घोंट दिया था डेढ़ वर्षीय मासूम का गला

**आगरा, एजेंसी।** ताजनगरी आगरा के फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र में पत्नी और बेटे की हत्या कर युवक ने शव नहर में फेंक दिए थे। पत्नी का शव मंगलवार को ही मिल गया था। जबकि डेढ़ वर्षीय बेटे का शव बुधवार को दौलताबाद नहर पुल के पास उतराता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं हत्यारोपी को भी जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक दूसरी शादी करने के बाद पति-पत्नी में हुए झगड़े के दौरान अरसेना निवासी ओमेंद्र उर्फ आशिक ने पत्नी जुमातन उर्फ मुन्नी और डेढ़ वर्षीय बेटे तनवीर की हत्या कर दी थी। दोनों के शव फतेहपुर सीकरी ब्रांच नहर मंडी गुड़ के पास फेंक दिया था। मृतक की बहन समीरन ने सिकंदरा पुलिस को बहन से संपर्क नहीं होने पर सूचना दी थी। जिस पर पुलिस ने पति ओमेंद्र को पकड़कर पूछताछ की। तब उसने दोनों की हत्या कर शव नहर में फेंकने का खुलासा किया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने मंगलवार को मंडी गुड़ के पास नहर से पत्नी जुमातन का शव निकाला था। बुधवार पुलिस ने पाक गोताखोरों के साथ नहर में सर्च अभियान चलाया और दौलताबाद नहर के एक्वाडक्ट पुल के बीच तनवीर का शव उतराता मिला। अरसेना निवासी ओमेंद्र ने बिहार के किशनगंज निवासी जुमातन उर्फ मुन्नी के साथ तीन वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। पति के उत्पीड़न से परेशान होकर जुमातन दो वर्ष से मायके में रह रही थी। चार दिन पूर्व ओमेंद्र ने उसे फोन कर बुलाया था। खुद टूंडला रेलवे स्टेशन से बाइक पर लेकर आया था।

### दो शातिरों ने नौ गांव की कई महिलाओं के साथ लाखों की ठगी

**मसूरी , एजेंसी।** महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम कर महिलाओं, युवतियों और किशोरियों को कंप्यूटर, सिलाई समेत अन्य प्रशिक्षण देने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। दो आरोपियों ने फर्जी संस्था के नाम पर नौ गांव की कई महिलाओं को प्रशिक्षण देने और सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया और पंजीकरण के नाम पर रसीद कटवाकर रुपये ऐंठ लिए। मामले में भूड़गढ़ी की रहने वाली विलम नाम की महिला ने आरती और एके शर्मा के खिलाफ मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। विलम ने बताया कि भूडगढ़ी, कल्लूगढ़ी समेत नौ गांव की महिलाओं के साथ यह धोखाधड़ी की गई है। उन्होंने बताया कि एके शर्मा ने पहले खुद को एक दीप महिला सेवा प्रशिक्षण संस्थान की शुरुआत करने के बारे में बताया। इसी बीच महिलाओं को प्रोफेसर, सहायक, सुपरवाइजर समेत अन्य पदों पर सरकारी नौकरी का झांसा देकर तीन हजार रुपये से 24 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद उसने महिलाओं से और महिलाओं को समूह से जोड़ने के लिए कहा। जहां महिलाओं ने अपने-अपने गांव में संस्था के बारे में जानकारी दी और 300 से 600 रुपये में सिलाई, पार्लर और कंप्यूटर का प्रशिक्षण देने की बारे में बताया। सभी से रुपये लेकर आरोपी भाग गए। प्रधान पति सतीश गौतम ने बताया कि आरोपी उनसे आकर मिला और समाज की भलाई की बात की।

# गर्मियों की छुट्टियों में चलेगी 42 समर स्पेशल ट्रेनें

## अयोध्या रूट पर 130 की रफ्तार से दौड़ेंगी गाड़ियां

**लखनऊ, एजेंसी।** होली के बाद अब गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों का सफर राहत भरा बनाने के लिए रेलवे प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कुल 42 समर स्पेशल ट्रेनें पटरी पर उतारने की तैयारी है। दरअसल, मई-जून में गर्मी की छुट्टियां मनाने के लिए लखनऊ से बड़ी संख्या में यात्री पर्वतीय इलाकों में जाते हैं। इससे उत्तराखंड जाने वाली जनता एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में लंबी वेटिंग शुरू हो जाती है। इन ट्रेनों में सीटों की बुकिंग शुरू हो गई है। इसी तरह जम्मू-कश्मीर जाने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस, कोलकाता एक्सप्रेस, जम्मूतवी एक्सप्रेस आदि में भी वेटिंग होने से यात्रियों को मुश्किलें हो जाती हैं। इसलिए रेलवे प्रशासन अभी से इन ट्रेनों में सीटों पर नजरें रखे हुए हैं। रूट पर यात्रियों की डिमांड व ट्रैफिक आदि को देखते हुए स्पेशल ट्रेनों को पटरी पर उतारा जाएगा।

**अयोध्या रूट पर 130 की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें:** अयोध्या रूट की ट्रेनों को 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया जाएगा। इससे राजधानी से प्रभु श्रीराम की नगरी पहुंचने में यात्रियों का आधे से एक घंटे का समय बचेगा। अभी यह सफर चार घंटे में पूरा होता है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने बुधवार को हजरतगंज स्थित कार्यालय में प्रेसवार्ता में बताया कि रेलवे प्रशासन इस रूट पर ट्रेनों की औसत स्पीड बढ़ाने जा रहा है। इसके लिए टाइमटेबल पर भी मंथन किया जा रहा है। डीआरएम ने बताया कि रामनवमी पर अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसकी तैयारियां की जा रही हैं। हाल में अयोध्या के मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर यात्रियों की आवाजाही को लेकर बातचीत की गई। साथ ही ट्रेनों की वेटिंग पर नजर रखी जा रही है। इसके अनुसार ही स्पेशल ट्रेनें चलाएंगे। अनुमान है कि रामनवमी पर 20 लाख के आसपास श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि पहले अयोध्या धाम स्टेशन पर चार हजार यात्री आते थे, अब उनकी संख्या बढ़कर 18 हजार हो गई है। हंड्रेड डे प्लान पर होगा कामडीआरएम ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के लिए हंड्रेड डे प्लान बनाया जा रहा है। उसके अनुसार काम किया जाएगा। मसलन, चारबाग स्टेशन के वर्षों पुराने फुटओवर ब्रिज हटाए जाएंगे। स्टेशन की सेकेंड एंट्री, दो नए प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म नंबर दो, तीन, चार, पांच की लंबाई बढ़ाने सहित अन्य काम इसके तहत होंगे। साथ ही ट्रेनों के संचालन को उत्कृष्ट बनाने पर भी काम होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### खेलते वक्त हादसे का शिकार हुआ दो साल का बच्चा, 16 फीट गहरे बोरवेल में जा गिरा



**विजयपुरा एजेंसी।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले के इंदी तालुका के लाचयान गांव में दो साल का एक बच्चा बोरवेल में गिर गया। यह हादसा बुधवार शाम तब हुआ जब बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्चा 16 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया और उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। बच्चे को बचाने का अभियान कई घंटों से जारी है। मौके पर पुलिस दल, राजस्व अधिकारी, तालुक पंचायत के सदस्य और अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के अधिकारी मौजूद हैं।

### दिल्ली के कश्मीरी गेट में दर्दनाक हादसा, डीटीसी बस ने सड़क पार कर रहे शख्स को रौंदा, मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के कश्मीरी गेट इलाके में बुधवार सुबह एक बेलगाम डीटीसी बस ने सड़क पार रहे 50 वर्षीय कारी शाह नाम के एक शख्स को कुचल दिया। जख्मी हालत में पुलिस उन्हें लेकर सिविल लाइंस स्थित ट्रामा सेंटर पहुंची,जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर आरोपी चालक संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने यह खुलासा किया किएक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हादसा हुआ। बहरहाल पुलिस पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस को कॉल मिली कि कश्मीरी गेट इलाके में मोरी गेट के खोया मंडी के पास बस ने एक शख्स को कुचल दिया है। मौके पीसीआर के अलावा स्थानीय पुलिस पहुंची और घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। दस्तावेजों के आधार पर हादसे में मारे गए शख्स की पहचान हुई। वह मूल रूप से बिहार के मधुबनी के थे। दिल्ली में कारी शाह कहां रहते थे, इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस उसके परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। शव को कब्जे में लेकर सब्जी मंडी मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

### शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव के लिए तिरुवनंतपुरम से फिर दाखिल किया नामांकन



**तिरुवनंतपुरम एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तीन बार के लोकसभा सांसद शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को लगातार चौथी बार तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। थरूर दोपहर में विधायक एम विंसेंट, वीएस शिवकुमार और तिरुवनंतपुरम डीसीसी अध्यक्ष पालोडे रवि और अन्य कार्यकर्ताओं सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ यहां जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे।
अपना नामांकन दाखिल करने से पहले थरूर ने श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर और पझावंगडी गणपति मंदिर सहित निर्वाचन क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा-अर्चना की। वरिष्ठ सीपीआई नेता और तिरुवनंतपुरम के पूर्व सांसद पन्नियन रवींद्रन और भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर मैदान में थरूर के चुनौतीकर्ता हैं। केरल में 26 अप्रैल को राज्य की सभी 20 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से देशभर में प्राइमरी शिक्षकों के रिक्त पदों के मांगे आंकड़े

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
प्राइमरी (कक्षा एक से पांच तक) शिक्षक पद पर भर्ती के लिए बीएड डिग्री धारकों को अयोग्य मानने के फैसले में संशोधन की मांग पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। कोर्ट के समक्ष विचार का मुख्य मुद्दा यह है कि पिछले वर्ष 11 अगस्त को दिया गया फैसला पूर्व प्रभाव से लागू माना जाएगा या बाद से।

मध्य प्रदेश सरकार और अन्य कई पक्षकारों ने अर्जी दाखिल कर यह भी मुद्दा उठाया है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बीएड डिग्री धारक प्राइमरी शिक्षकों का क्या होगा। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद देश भर में बीएड डिग्री धारक प्राइमरी शिक्षकों की नौकरी पर संकट आ गया है और उनकी नौकरी जाने की नौबत है। बुधवार को कोर्ट ने मामले की सुनवाई सोमवार तक टालते हुए केंद्र सरकार से कहा कि वह सभी राज्यों के प्राथमिक शिक्षकों के कुल खाली पदों और ब्रिज कोर्स के आंकड़े कोर्ट में पेश करेगी। इस बीच उत्तर प्रदेश



प्राथमिक शिक्षामित्र एसोसिएशन भी अर्जी दाखिल कर शिक्षामित्रों को भी नियमित किये जाने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2023 को देवेश शर्मा मामले में दिये फैसले में कहा था कि प्राथमिक शिक्षक पद पर भर्ती के लिए बीएड डिग्री धारक योग्य नहीं हैं। कोर्ट ने माना था कि बीटीसी और डीएलईडी ही इसके योग्य हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी व्यवस्था देने वाले राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया था और हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिकाएं खारिज कर दीं थीं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का देशव्यापी असर हुआ है और बीएड डिग्री धारक प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी पर संकट आ गया है। मध्य प्रदेश सरकार ने और बहुत से प्रभावित लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट से आदेश में संशोधन करने और स्पष्टीकरण करने की गुहार लगाई है। बुधवार को न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और सुधांशु धूलिया की पीठ ने सुनवाई की। कोर्ट को बताया गया कि यहां मुख्य मुद्दा यह है कि सुप्रीम कोर्ट का 11 अगस्त 2023 का फैसला पूर्व प्रभाव से लागू माना जाएगा या बाद से। तभी डिप्लोमा इन इलेमेन्ट्री एजूकेशन (डीएलईडी) धारकों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने मांग का विरोध करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट आ चुका है अब कोर्ट को इस तरह की अर्जियों पर सुनवाई करने की जरूरत ही नहीं है। क्योंकि यह तो एक तरह से आदेश का रिव्यू मांगा जा रहा है। शंकरनारायण ने कहा कि पटना, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड हाई कोर्ट कह चुके हैं कि सुप्रीम कोर्ट का वह फैसला पूर्व प्रभाव से लागू माना जाएगा। उधर, दूसरी और बंगाल, बिहार और राजस्थान के बीएड डिग्री धारकों की ओर से पेश वकील पीएस पटवालिया ने मामले में सुनवाई की मांग की। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र एसोसिएशन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह और गौरव यादव ने भी अपनी अर्जी का जिक्र करते हुए कहा कि कोर्ट उनके मामले पर भी विचार करे।

## गोवा पुलिस ने बेटे की हत्या के मामले में सूचना सेठ के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

**पणजी, एजेंसी।** गोवा पुलिस ने कैंडोलिम के एक अपार्टमेंट में अपने चार साल के बेटे की हत्या की आरोपित एवं एक स्टार्टअप की सीईओ सूचना सेठ के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। सेठ को सात जनवरी की रात को कर्नाटक के चित्रदुर्ग से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के समय वह अपने बेटे के शव को बैग में डालकर टैक्सी से यात्रा कर रही थी।

आरोप है सेठ अपने बच्चे की हत्या करने के बाद छह जनवरी की रात को गोवा छोड़कर चली गई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि कैलंगुट पुलिस ने इस सप्ताह सूचना सेठ के खिलाफ 642 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। आरोपपत्र में उल्लेख किया गया है कि बच्चे की मौत सदमे और गला घोंटने के कारण हुई।



## एक महिला, कई से रिश्ते: पति के घर से गहने-नगदी व कार लेकर फरार, खुद को अनाथ बता की थी शादी

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में एक महिला की चापलूसी का गजब मामला सामने आया है। तीन-तीन बच्चों की मां होने के बाद भी खुद को अविवाहित और अनाथ बता इंजीनियर से शादी कर ली। अपने और परिचितों के खातों में लाखों रुपये डलवाए। इतना ही नहीं शादी के करीब चार साल बाद गहने, नगदी, एसी व कार समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गई।

थाने में सुनवाई न होने पर पति ने एडिशनल पुलिस कमिश्नर के आदेश पर महिला और उसके सात परिचितों के खिलाफ बजरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कर्नलगंज बजरिया निवासी शानू सोनकर इंजीनियर हैं और वर्तमान में टाटा कंपनी में नौकरी करते हैं। शानू ने बताया कि वर्ष 2018 में उनकी मुलाकात औरैया के बिधूना ऊसराहार निवासी श्रेया उर्फ प्रीति दुबे से हुई थी। तब वह घर-घर सामान बेचने का काम करती थी। श्रेया ने खुद को अनाथ बताकर उससे नजदीकियां बढ़ाईं। इसके बाद 28 नवंबर 2019 को दोनों ने शादी कर ली। शादी के बाद श्रेया ने 7.50 लाख रुपये अपने खाते में जमा करवाए। इसके बाद कन्नौज के सतौर निवासी गणेश, शिवम व विनय बाजपेई को अपना रिश्तेदार बताकर उन्हें 3.50 लाख रुपये दिलवा दिए।

**करीब डेढ़ लाख रुपये दिलवा दिए:** कुछ दिन बाद उसने भाई दुर्गेश, मयंक, पिता अरुण, मां कुसुम, बहन प्रियंका व बहनोई पुनीत से भी मुलाकात कराई। फिर उन्हें भी करीब डेढ़ लाख रुपये दिलवा दिए। शानू ने बताया कि जब उसने श्रेया से कहा कि तुम तो खुद को अनाथ बता रहीं थीं और अब ये घर वाले कहां से आ गए, तो वह विवाद करने लगी।

**गहने-नकदी और कार लेकर फरार:** इसके बाद उसने छानबीन शुरू की, तो पता चला कि श्रेया पहले से शादीशुदा है। उसकी शादी कन्नौज के इंदरगढ़ परशुरवा निवासी अनुज पांडेय से हुई थी। दोनों के तीन बच्चे भी हैं। जब उन्होंने विरोध किया, तो श्रेया उनकी गैर मौजूदगी में पिछले साल 17 अगस्त को औरैया निवासी पंकज सेंगर उर्फ अमित कुमार की मदद से घर में रखा सारा सामान, 85 हजार रुपये, जेवर, गाड़ी, एसी लेकर फरार हो गई।

जब उन्होंने श्रेया और उसके परिचितों से संपर्क किया तो जातिसूचक शब्द कहकर गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी। थाने में सुनवाई न होने पर एडिशनल सीपी हरीश चंदर से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने दो अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।श्रेया ने 26 सितंबर 2023 को पति शानू, सास सरला, ससुर महावीर, ननद सोनाली व सलोनी और देवर सुमीन पर दहेज प्रताड़ना, अमानत में खयानत, छेड़खानी, गालीगलौज, मारपीट, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप था कि शानू ने अपनी जाति छिपाकर उससे शादी की है। उसका सारा रुपया भी ले लिया। देवर बुरी नीयत रखता था। पति कार खरीदने का दबाव बनाता था। विरोध पर मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इसके बाद श्रेया ने शानू के खिलाफ कोतवाली तिर्वा में मुकदमा वापस न लेने पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए 10 नवंबर को एक और रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें पुलिस ने चार्जशीट भी दाखिल कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार श्रेया के पिता किसान हैं। उसका छोटा भाई एयरफोर्स में है।

## तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 4 की मौत

**संगारेड्डी (तेलंगाना)।** संगारेड्डी जिले के चंदुर गांव में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के बाद भीषण विस्फोट हुआ है। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 1 गंभीर रूप से घायल हुआ है। बता दें कि यह आग एसबी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में लगी है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी है। हदनूर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि एक केमिकल फैक्ट्री एसबी ओरेगनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में विस्फोट से आग लग गई। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने संगारेड्डी जिले की एक फैक्ट्री में हुई आग दुर्घटना की समीक्षा की है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को समझाया कि आग रिएक्टर फटने से लगी है। मुख्यमंत्री कार्यालय के हवाले से बताया गया कि सीएम ने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को तुरंत बचाव कार्य तेज कर आग पर काबू पाने का आदेश दिया।

# गृह मंत्रालय ने कानून उल्लंघन को लेकर एनजीओ पर लिया एक्शन, पांच गैर सरकारी संगठनों का किया एफसीआरए रद्द

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए पांच गैर सरकारी संगठनों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मिली जानकारी के अनुसार, जिन एनजीओ का पंजीकरण रद्द किया गया है उनमें सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस , वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी , चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया शामिल हैं।




ये सभी एनजीओ विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण रद्द होने के साथ अब विदेशी योगदान प्राप्त नहीं कर पाएंगे और न ही मौजूदा उपलब्ध धन का उपयोग कर पाएंगे। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्रालय ने कथित तौर पर उन कार्यों के लिए धन का उपयोग करने के लिए गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं थे। उन्होंने कहा कि एनजीओ ने एफसीआरए के प्रावधानों के विपरीत गतिविधियों में शामिल होकर कानूनों का उल्लंघन किया है। 17 जुलाई, 2023 तक वैध एफसीआरए लाइसेंस वाले 16,301 एनजीओ थे। केंद्र ने कानून के उल्लंघन के लिए पिछले पांच वर्षों में 6,600 से अधिक गैर सरकारी संगठनों के एफसीआरए लाइसेंस रद्द किए गए हैं। कुल मिलाकर, पिछले दशक में 20,693 एनजीओ के एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं।

## 500 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े के आरोपी ने फर्जी कागज दिखा हाईकोर्ट से ली जमानत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पांच सौ करोड़ से अधिक के लोन फर्जीवाड़े के आरोपी लक्ष्य तंवर और उसके गिरोह का एक और कारनामा सामने आया है। गिरोह के एक सदस्य ने फर्जी दस्तावेज लगाकर हाई कोर्ट से जमानत करा ली। बाद में पता चला कि जिनकी सत्यापन रिपोर्ट लगाई गई, उस नाम का लेखपाल, कानूनगो और दरोगा कभी तैनात ही नहीं रहा। रिटायर्ड डिप्टी एसपी की शिकायत पर कविनगर पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज किया है। गोविंदपुरम जे-ब्लॉक में रहने वाले एलएसमौर्य का कहना है कि वह यूपी पुलिस के रिटायर्ड डीएसपी हैं। कविनगर सी-ब्लॉक निवासी लक्ष्य तंवर ने बैंक अधिकारियों से साठगांठ कर 500 करोड़ से अधिक का लोन फर्जीवाड़ा किया था।

पुलिस ने लोन माफिया घोषित करते हुए लक्ष्य तंवर और उसके गैंग के सदस्यों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए संपत्ति भी कुर्क की थी। लक्ष्य तंवर और उसके गैंग के सदस्यों के खिलाफ अब तक 52 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं और उनमें से पांच केस में वह वादी तथा कई केसों में गवाह हैं। एलएस मौर्य का कहना है कि लक्ष्य तंवर ने तुराबनगर निवासी अपने चाचा चुनील और चचेरे भाई शिवम के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों से चार करोड़ का लोन लिया था। लोन की रकम लक्ष्य तंवर की पत्नी प्रियंका तंवर के खाते में गई थी। इस केस में भी वह मुख्य गवाह हैं। रिटायर्ड डिप्टी एसपी का कहना है कि जमानतियों में थाना कंकरखेड़ा मेरठ के गांव ख्वाजमपुर निवासी अनिल और बृजपाल के दस्तावेज लगाए गए थे। सत्यापन रिपोर्ट लेखपाल सुल्तान सिंह, कानूनगो हरीश पुंडीर और सदर तहसीलदार द्वारा तैयार दर्शाई गई थी। कंकरखेड़ा थाने में तैनात दरोगा विकास बालियान की सत्यापन आख्या लगी थी। जांच में पता चला कि इस नाम का कभी कोई तैनात ही नहीं रहा। तहसीलदार के हस्ताक्षर भी फर्जी थे। इसके अलावा ख्वाजमपुर गांव भी कंकरखेड़ा थानाक्षेत्र में नहीं आता।

## कच्चातिवु पर सच बोले जाने से द्रमुक परेशान, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने साधा निशाना; सीएम स्टालिन ने दिया जवाब

**कोयंबटूर एजेंसी।**
तमिलनाडु में आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व कच्चातिवु द्वीप विवाद गरमाता जा रहा है। अब इस विवाद पर तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष और कोयंबटूर से पार्टी उम्मीदवार के. अन्नामलाई ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा कच्चातिवु द्वीप विवाद पर तथ्यों को उजागर करने से सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) परेशान है। हालांकि, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने आरटीआई के तहत दी गई जानकारी को गलत बताया।



गत सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कच्चातिवु द्वीप मुद्दे पर कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना साधा था। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा नेता के. अन्नामलाई ने कहा कि हम कच्चातिवु पर राजनीति नहीं कर रहे हैं लेकिन यह सच्चाई है। अन्नामलाई ने खुद आरटीआई के तहत कच्चातिवु पर जानकारी जुटाई थी। इधर, वेल्लूर में मंगलवार को आयोजित रैली में कच्चातिवु विवाद पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही भाजपा कच्चातिवु मुद्दे पर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में मछुआरों को गिरफ्तार करने के मुद्दे पर न तो श्रीलंका की निंदा करने की हिम्मत है और न ही अरुणाचल प्रदेश पर चीन द्वारा किए जा रहे दावों का विरोध करने की। ऐसे में वह कच्चातिवु पर कैसे बात कर सकते हैं? उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र द्वारा आइटीआई के तहत दी गई जानकारी को गलत करार दिया।

# सुनीता केजरीवाल के बाद मनीष सिसोदिया की पत्नी से भी मिले संजय सिंह, पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के एक दिन बाद बुधवार को संजय सिंह तिहाड़ जेल से बाहर आए। जेल से निकलने के बाद संजय सिंह सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। संजय सिंह ने सुनीता केजरीवाल का पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह आप मुख्यालय पर पहुंचे और वहां कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसके बाद वह मनीष सिसोदिया के घर पहुंचे और उनकी पत्नी सीमा सिसोदिया से मुलाकात की।

मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया से मुलाकात के बाद आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमारा परिवार है। आज अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन जेल में हैं। पार्टी का हर कार्यकर्ता उनके साथ मजबूती से खड़ा है। मैं गुरुवार को सत्येन्द्र जैन के परिवार से मिलूंगा। हम तानाशाह



सरकार के सामने झुकने वाले नहीं हैं। बता दें कि संजय सिंह 13 अक्टूबर 2023 से तिहाड़ जेल में बंद थे। वह रात 8-11 बजे तिहाड़ की गेट संख्या तीन से बाहर आए।

जेल के बाहर बड़ी संख्या में जमा हुआ आम आदमी पार्टी के समर्थकों ने देखो देखो कौन आया, शेर आया, शेर आया और संजय सिंह जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने संजय सिंह पर गुलाब के फूल भी बरसाए। संजय सिंह की रिहाई के मद्देनजर जेल के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात थे। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष का समय है। उन्होंने नारा लगाया जेल के ताले टूटेंगे, हमारे सारे नेता छूटेंगे। वहीं आम आदमी पार्टी ने एक पोस्ट में कहा कि आखिरकार शेर को जेल से बाहर आना ही था।

आप नेता आतिशी ने कहा कि फर्जी मामले की जांच पिछले दो साल से चल रही है। मामले में कुछ पता लगाने के लिए ईडी और सीबीआइ ने अपने सैकड़ों अधिकारियों को लगाया। छापे मारे, लेकिन आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता के पास से भ्रष्टाचार का एक पैसा भी बरामद नहीं हुआ। संजय सिंह की रिहाई से आप की ईमानदारी पूरे देश के सामने आ गई है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से बार-बार पूछा कि मनी ट्रेल कहां है, लेकिन एजेंसी के पास कोई जवाब नहीं था और इसीलिए उसने सिंह की जमानत याचिका का विरोध नहीं किया।

## इंजीनियरिंग कॉलेज के 5 शिक्षकों ने किया नाबालिग छात्र का यौन उत्पीड़न, सुसाइड मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।**
आंध्र प्रदेश पुलिस ने इंजीनियरिंग कॉलेज की 17 वर्षीय छात्रा की आत्महत्या के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। छात्रा ने सुसाइड नोट में कॉलेज के शिक्षकों पर यौन उत्पीड़न करने और आपत्तिजनक तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प्रदेश सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में जांच की स्थिति बताने के भी निर्देश दिए गए हैं। विशाखापत्तनम उत्तर सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) बी. सुनील ने बताया कि चैतन्य पॉलिटेक्निक कॉलेज से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इनमें रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का तकनीशियन एन. शंकर राव, कॉलेज प्रबंधन प्रमुख शंकर वर्मा, प्राचार्य जी. भानु प्रवीन, छात्रावास वार्डन वी. उषा रानी और उसका पति वी. प्रदीप कुमार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया कि राव ने छात्रा का यौन उत्पीड़न किया था। हालांकि, उसने अपना जुर्म नहीं कबूला है। लेकिन, कॉलेज की सभी लड़कियों और छात्रा की खास मित्र ने भी उस पर शक जताया है। इससे पहले, आंध्र प्रदेश की तकनीकी शिक्षा निदेशक सी. नागरानी ने कहा कि घटना की जांच के लिए समिति बनाई गई है। मामले में गहन पूछताछ की जा रही है।

आईपीएल 2024

# 18 साल के बल्लेबाज ने रचा इतिहास



## अपनी पहली ही पारी में तोड़ दिया 16 साल पुराना रिकॉर्ड

**विशाखापट्टनम, एजेंसी।** कोलकाता नाईट राइडर्स ने आईपीएल 2024 के 16वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 20 ओवर में 272 रन बनाने का कारनामा किया। इस दौरान 18 साल के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने काफी महफिल लूटी। अंगकृष रघुवंशी भले ही आईपीएल में पहली बार बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन उन्होंने अपनी प्रतिभा से सभी को हैरान कर दिया। उन्होंने अपनी पहली आईपीएल पारी में ही लीग के 16 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

**18 साल के बल्लेबाज ने रचा इतिहास**

अंगकृष रघुवंशी ने इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 27 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाए। इसी के साथ अंगकृष रघुवंशी आईपीएल के इतिहास में करियर की पहली पारी में अर्धशतक बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। अंगकृष ने 18 साल, 303 दिन की उम्र में ये कारनामा किया। इससे पहले ये रिकॉर्ड श्रीवत्स गोस्वामी के नाम था। श्रीवत्स गोस्वामी ने साल 2008 में 19 साल 1 दिन की उम्र में अपनी आईपीएल की पहली पारी में अर्धशतक लगाया था।

**इस लिस्ट में भी निकले सबसे आगे**

अंगकृष ने 25 गेंद पर अपना पहला आईपीएल अर्धशतक जड़ा। इसी के साथ अंगकृष रघुवंशी 200 स्ट्राइक रेट के साथ आईपीएल अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए। वहीं, ये आईपीएल करियर की पहली पारी में बनाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। इससे पहले 2008 में जेम्स होप्स ने अपनी पहली आईपीएल पारी में 24 गेंद में फिफ्टी लगाई थी।

**अंगकृष रघुवंशी को ऑक्शन में मिली इतनी रकम**

कोलकाता नाईट राइडर्स ने आईपीएल 2024 के ऑक्शन में अंगकृष रघुवंशी को 20 लाख रुपये देकर अपनी टीम में शामिल किया था। बता दें, अंगकृष रघुवंशी के बचपन के कोच अभिषेक नायर हैं, जो केकेआर की टीम के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा हैं।

इसके अलावा अंगकृष ने भारत के लिए अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 भी खेला था। इस वर्ल्ड कप में वह टीम इंडिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने छह पारियों में 278 रन बनाए थे।

आईपीएल 2024

## फिटनेस को लेकर सामने आया बड़ा अपडेट

# डूबती हुई मुंबई इंडियंस को सूर्यकुमार का सहारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी क्रम को जल्द ही मजबूती मिलेगी क्योंकि दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में लगभग सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिये हैं। वह सत्र का अपना पहला आईपीएल मैच खेलने के करीब हैं। सूर्यकुमार की टखने में ग्रेड दो चोट के लिए और स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई थी।

**कब से चोटिल चल रहे सूर्यकुमार यादव?**

उन्होंने आखिरी मुकाबला दक्षिण अफ्रीका में टी20 सीरीज में खेला था। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'सूर्या ने एक नियमित परीक्षण को छोड़कर बाकी सभी परीक्षण पास कर लिए हैं जो एनसीए से आरटीपी (खेलने के लिए वापसी) प्रमाण पत्र पाने के लिए अनिवार्य हैं। एक और परीक्षण होना बाकी है जिसके बाद स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। उन्होंने कहा, 'वह आराम से बल्लेबाजी कर रहा है।

' यह पूछे जाने पर कि क्या सूर्यकुमार 7 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस का घरेलू मैच खेल पाएंगे तो सूत्र ने कहा, 'कल के परीक्षणों के बाद स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। अगले मैच से पहले अब भी तीन दिन हैं। लेकिन वह लंबे समय बाद वापसी कर रहा है इसलिए ऐसा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 11 अप्रैल को होने वाले घरेलू मैच के दौरान भी हो सकता है।

यह स्टार बल्लेबाज पिछले चार से पांच सीजन में मुंबई के लिए सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी रहा है और इस सीजन में अपने पहले तीन मैच हारने वाली टीम को उनकी कमी खल रही है।

सूर्यकुमार के स्थान पर आए पंजाब के खिलाड़ी नमन धीर अभी तक लय में नहीं आ पाए हैं और कप्तान हार्दिक पंड्या को निश्चित रूप से इस स्थिति से निपटने के लिए उनकी जरूरत होगी। जहां तक बीसीसीआई की चिकित्सा टीम का सवाल है तो स्पष्ट आदेश यह सुनिश्चित करना था कि भारत का प्रमुख टी20 बल्लेबाज अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के लिए पूरी तरह से फिट रहे और यह भी सुनिश्चित करना था कि आईपीएल के दौरान वह चोटिल नहीं हों।



## पंत पर लगातार दूसरे मैच में जुर्माना लगा स्लो ओवर रेट के लिए 24 लाख का फाइन



**विशाखापट्टन, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर लगातार दूसरे मैच में जुर्माना लगा है। उन्हें कोलकाता नाइटराइडर्स (चयक्र) के खिलाफ स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया। इसके लिए उन पर 24 लाख रुपए का फाइन लगाया गया। इंडियन प्रीमियर लीग ने यह जानकारी गुरुवार को दी।

इससे पहले, चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हुए पिछले मैच में भी वे स्लो ओवर रेट के दोषी पाए गए थे। लेकिन सीजन की पहली गलती होने की वजह से 12 लाख का फाइन लगाया गया था। पंत के अलावा दिल्ली कैपिटल्स के इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25त्न जुर्माना लगा है। विशाखापट्टनम के डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 272 रन बनाए।

जवाबी पारी में दिल्ली की टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर ऑलआउट हो गई। दिल्ली कैपिटल्स के इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग 11 का हिस्सा रहे खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगा है।

सउडी प्रो लीग 2024

# रोनाल्डो ने 72 घंटे में ली दूसरी हैट्रिक, अल नासेर ने अभा पर 8-0 से दर्ज की जीत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शनिवार को उन्होंने अल ताई पर 5-1 से मिली जीत में भी हैट्रिक लगाई थी। लीग के इस सत्र में उनके कुल 29 गोल हो गए हैं। वह लीग में इस वक्त शीर्ष गोल स्कोरर हैं।

उनसे पीछे लीग में शीर्ष पर चल रहे अल हिलाल के अलेक्जेंडर मित्रोविच हैं। उन्होंने 22 गोल किए हैं, लेकिन चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो चुके हैं। पुर्तगाली स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में दूसरी हैट्रिक लगाकर अपने क्लब अल नासेर को सऊदी प्रो लीग में अभा पर 8-0 से बड़ी जीत दिलाई। पांच बार के बैलन डि ओर विजेता रोनाल्डो ने मुकाबले में तीन गोल किए और दो गोल करने में सहायता की।

रोनाल्डो ने तीनों गोल पहले हाफ में दागे। नौ बार की सऊदी अरब चैंपियन अल नासेर के लिए इस सत्र में रोनाल्डो की यह तीसरी हैट्रिक है।

**29 गोल कर सऊदी लीग में शीर्ष गोल स्कोरर हैं रोनाल्डो**

शनिवार को उन्होंने अल ताई पर 5-1 से मिली जीत में भी हैट्रिक लगाई थी। लीग के इस सत्र में उनके कुल 29 गोल हो गए हैं। वह लीग में इस वक्त शीर्ष गोल स्कोरर हैं। उनसे पीछे लीग में शीर्ष पर चल रहे अल हिलाल के अलेक्जेंडर मित्रोविच हैं। उन्होंने 22 गोल किए हैं, लेकिन चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो चुके हैं।

**क्रिस्टियानो ने माने के गोल में की मदद**

अल नासेर अभी भी दूसरे स्थान पर है और अल हिलाल से 12 अंक पीछे है, जबकि आठ मैच लीग में अभी खेले जाने बाकी हैं। रोनाल्डो के पहले दो गोल फ्री किक पर आए। 11वें मिनट में उन्होंने जमीनी शॉट लगाकर गोल भेदा। 10 मिनट बाद उन्होंने खिलाड़ियों की दीवार के ऊपर से बाएं छोर से किक लगाकर गोल किया। उन्होंने फिर सादियो माने के गोल में मदद की। पहला हाफ खत्म होने से तीन मिनट पहले रोनाल्डो ने अपनी हैट्रिक पूरी की। हालांकि मध्यांतर के बाद वह मैदान पर नहीं उतरे।

**दूसरे हाफ में हुए तीन गोल**

अलसुलाहिम ने पहले हाफ से एक मिनट पहले गोलकर अल नासेर की बढ़त 5-0 की। सुलेमान ने यह गोल भी रोनाल्डो के पास पर किया। रोनाल्डो के मैदान पर नहीं होने के बावजूद नासेर ने दूसरे हाफ में भी गोल किए। अब्दुलरहमान गरीब ने छठा गोल किया, जबकि स्थानापन्न अब्दुलअजीज अल अलाइवा ने बाकी दो गोल किए।

## आंद्रे रसेल ने सचिन तेंदुलकर को छोड़ा पीछे, दिल्ली के खिलाफ मैच के दौरान तोड़ा रिकॉर्ड



**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सर्वकालिक रन-स्कोरिंग चार्ट में महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। 35 वर्षीय खिलाड़ी ने विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

खेल के दौरान रसेल ने एक बार फिर अपनी पुरानी पावर-हिटिंग दिखाई और केवल 19 गेंदों में 41 रन बनाए जिसमें चार चौकों और तीन छक्कों के साथ उनका स्ट्राइक रेट 215 से ज्यादा का रहा। रसेल ने अपने आईपीएल करियर में 115 मैचों में 29.96 की औसत, 11 अर्धशतक और 176.11 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,367 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 88* है। वह आईपीएल में अब तक के 44वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इस सीज़न में तीन मैचों में ऑलराउंडर ने 105.00 की औसत से 105 रन बनाए हैं जिसमें 238 से अधिक की स्ट्राइक रेट है।

उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 64* है। 2019 सीजन रसेल के बल्ले से सर्वश्रेष्ठ था जब उन्होंने 14 पारियों में 56.66 की औसत और 204 से अधिक की स्ट्राइक रेट से चार अर्धशतकों के साथ 510 रन बनाए। वहीं सचिन ने 2008-13 तक मुंबई इंडियंस के लिए 78 आईपीएल मैच खेले जिसमें 34.83 की औसत और 119 से अधिक की स्ट्राइक रेट के साथ 2,334 रन बनाए। उन्होंने अपने करियर में एक शतक और 13 अर्द्धशतक बनाए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 100* था। 2010 में उन्होंने 15 मैचों में 47.53 की औसत और 132 से अधिक की स्ट्राइक रेट से पांच अर्द्धशतक के साथ 618 रन बनाकर सर्वाधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप जीती।

मैच की बात करें तो विशाखापत्तनम के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स को अपने आईपीएल इतिहास की शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। कोलकाता ने पहले खेलते हुए सुनील नेरेन के 39 गेंदों पर 85, रघुवंशी के 27 गेंदों पर 54, आंद्रे रसेल के 19 गेंदों पर 41, रिंकू सिंह के 8 गेंदों पर 26 रनों की बदौलत 7 विकेट खोकर 272 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली ने पावरप्ले में ही शॉ, वार्नर, मार्श के विकेट गंवा लिए। कप्तान पंत और ट्रिस्टन स्टब्स ने अर्धशतक लगाए लेकिन टीम लक्ष्य से बहुत दूर रह गई और 106 रन से मैच गंवा लिया। इस हार के साथ ही दिल्ली अंक तालिका में आखिरी पायदानों पर आ गई है तो वहीं, कोलकाता 3 मैचों में 3 जीत के साथ पहले नंबर पर आ गई है।

# आईपीएल 2024 में बना बड़ा कीर्तिमान

## चारों खाने चित्त...



**आईपीएल में 250+ रन बनाने वाली टीमें**

**277/3** - सनराइजर्स हैदराबाद बनाम मुंबई इंडियंस, हैदराबाद, 2024

**272/7** - कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, विशाखापट्टनम, 2024

**263/5** - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम पुणे वॉरियर्स, बेंगलुरु, 2013

**257/5** - लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग्स, मोहाली, 2023

**विशाखापट्टनम, एजेंसी।** आईपीएल 2024 अभी तक बल्लेबाजों के नाम रहा है। फैंस को इस बार लीग में खुब चौके-छक्के देखने को मिल रहे हैं। सीजन के शुरुआती 16 मैचों में ही 442 चौके और 299 छक्के लग चुके हैं। वहीं, लीग के सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड भी इस सीजन में बना है।

दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मैच में भी कुछ ऐसा ही खेल देखने को मिला, जिसने आईपीएल के इतिहास को ही बदल के रख दिया।

**आईपीएल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा**

कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच में विस्फोटक खेल दिखाया। केकेआर के बल्लेबाजों ने 20 ओवर में 7 विकेट 272 रन बना दिए। ये आईपीएल के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर हैं। वहीं, ये इस सीजन में दूसरा मौका था, जब किसी टीम ने 250+ रन बनाए। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच में 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 277 रन बनाए थे, जो आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर भी है। इसी के साथ आईपीएल के इतिहास में ये पहला मौका है जब एक सीजन में 2 बार 250+ स्कोर बने हैं। इससे पहले खेले गए 16 सीजन में ऐसा कभी नहीं हुआ था।

**आईपीएल में पहली बार इस टीम ने बनाए थे 250+ रन**

आईपीएल के इतिहास में अभी तक 4 टीमें ही 250+ का स्कोर बना पाई हैं। ये कारनामा सबसे पहले यल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने किया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बेंगलुरु ने 5 विकेट खोकर 263 रन बनाए थे। इस मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल ने 66 गेंदों में 175 रन की पारी खेली थी जिसमें 13 चौके और 17 छक्के शामिल थे। वहीं, दूसरी बार लखनऊ सुपर जायंट्स ने 250+ का स्कोर बनाया था। लखनऊ सुपर जायंट्स ने साल 2023 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 257 रन बनाए थे और अब इस सीजन में दो 250+ स्कोर देखने को मिल चुके हैं।

## एक नजर

### पिता ने पुत्री के अपहरण की दर्ज कराई प्राथमिकी, स्वयं पुत्री आयी थाना

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.** रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से 11 वर्षीय पुत्री को पोगर निवासी विशुन कुमार द्वारा घर से ले भागने के मामले में नाबालिक के पिता ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घन्टे के अंदर ही नाबालिक स्वयं रफीगंज थाना में आ गयी। हालांकि प्राथमिकी में नाबालिक के पिता द्वारा उल्लेख किया गया है कि मेरी पुत्री को विशुन कुमार बहला फुसलाकर घर से ले भागा। साथ ही घर से सोना, चांदी जेवरात एवं 50 हजार रुपये भी नगद ले गयी है।थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी उपरांत नाबालिक स्वयं थाना आ गयी।अब 164 का बयान एवं मेडिकल करायी जायेगी।

### लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद, 191 पर 107की कार्रवाई

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। पौथु थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा गश्ती बढ़ा दी गई है। जगह-जगह पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं 191 लोगों पर 107 की कार्रवाई की गई है। 81 लोगों द्वारा बाउंड भरा गया है। इस संबंध में पौथु थानाध्यक्ष प्रकाश राज ने बताया कि 107 की कार्रवाई 191लोगों पर अब तक की गई है। जिसमें 81 लोगों ने बाउंड भरा है।थानाध्यक्ष ने बताया कि सीसीए की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था के बीच लोकसभा का चुनाव करने के लिए हम कृत संकल्पित है ।क्षेत्र के लोग भय मुक्त होकर अपना मतदान करेंगे।

### पटना में एडवोकेट और क्लर्क के बीच मारपीट

**पटना (नि.सं.)।** पटना हाईकोर्ट के 4 नंबर गेट के पास फाइल रखने के विवाद में वकील और क्लर्कों के बीच मारपीट हुई है। इस दौरान वकील दिलीप कुमार के सिर में चोटें आईं है। उन्होंने बताया कि अपने मुंशी (क्लर्क) को सरकारी वकील के पास फाइल देने के लिए भेजा था। मेरे मुंशी के द्वारा फाइल पहले रखा गया था। इस बीच दूसरे क्लर्कों ने 13 से 14 फाइल रख दिया। जब हमने कहा कि मेरा फाइल ऊपर था। बस इतनी से बात को लेकर विवाद बढ़ गया। गाली-गलौज करने लगे। जब तक मैं कुछ समझ पाता वो लोग मेरे ऊपर टूट पड़े और मारने लगे। कुल 10 से 15 लोग थे। रजिस्टार जनरल के पास भी इस संबंध में शिकायत की गई है।

### तेजस्वी ने जारी की एनडीए के परिवारवाद की लिस्ट

**पटना (नि.सं.)।** जमुई में पीएम मोदी की सभा होने जा रही है। प्रधानमंत्री अपनी सभाओं में लगातार परिवारवाद पर हमला करते रहे हैं। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के परिवारवाद वाले आरोपों का जवाब दिया है। तेजस्वी ने बताया है कि एनडीए ने कैसे 14 सीटों पर परिवारवाद को तरजीह दी है। चिराग पासवान की पार्टी भी उनके निशाने पर है। तेजस्वी यादव के पोस्ट पर बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि आरजेडी लालू प्रसाद के परिवार से शुरू होती है लालू परिवार में ही खत्म हो जाती है।

### जेईई मेन आठ, नौ और 12 की परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी

**पटना (नि.सं.)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने आठ, नौ और 12 अप्रैल को होने वाली जेईई मेन का प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। जो भी उम्मीदवार इन तिथियों में होने वाली दूसरे सत्र की जेईई मेन परीक्षा में शामिल होंगे वे वेबसाइट jeemain.nta.ac.in पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। बीई, बीटेक के लिए जेईई मेन चार अप्रैल से परीक्षा शुरू हो गई है। परीक्षा पांच, छह, आठ और नौ अप्रैल को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। सुबह की शिफ्ट की परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक है, जबकि दोपहर की शिफ्ट का समय दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक है। बीआर्क पेपर-2 की परीक्षा 12 अप्रैल को होगी और परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर 12.30 बजे तक एक ही पाली में होगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) 2024 के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि में विस्तार किया है।

# उद्योग विभाग का अधिकारी बनकर सायबर ठग ने की थी 63 हजार से अधिक की ठगी, नालंदा से गिरफ्तार



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** ऑनलाइन ठगी करने वाले ठग ने खुद को उद्योग विभाग का अधिकारी बताकर औरंगाबाद की एक युवती से 63 हजार की ठगी की। पीड़िता ने जब मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई तो सायबर थाना की पुलिस ने ठग को पकड़ने के लिए काफी मशक्कत की लेकिन वह हाथ नहीं लगा। आखिरकार पुलिस ने 9 माह बाद ठग को नालंदा से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार ठग रंजन भारती नालंदा जिले के चंडी का निवासी है। औरंगाबाद सायबर थाना की थानाध्यक्ष सह पुलिस उपाधीक्षक डॉ. अनु कुमारी ने बताया कि औरंगाबाद शहर की निवासी ज्योति कुमारी ने 14 जून 2023 को साइबर थाना में ठगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी संख्या-01/23 में पीड़िता ज्योति कुमारी, ने कहा था कि खुद को उद्योग विभाग का अधिकारी बताकर फर्जी कॉल के माध्यम से ठग ने उससे 63 हजार 50 रुपयें की ठगी की थी। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद से सायबर थाना की पुलिस ठग की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। पुलिस तकनीकी तरीके से मामले का लगातार अनुसंधान कर रही थी। इसी दौरान घटना के 9 माह बाद पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा। सुराग हाथ लगते ही पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के नेतृत्व में उन्होंने डीआईयू यूनिट के साथ एक स्पेशल टीम गठित की। टीम ने सटीक जानकारी इकट्ठा कर नालंदा में वहां की स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर सायबर ठग को धर दबोंचा। गिरफ्तारी के बाद ठग को मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया है।अप्राथमिकी अभियुक्त बनाने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार ठग को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार ठग की पहचान नालंदा जिले के चंडी निवासी पहचान राहुल रंजन भारती के रूप में की गई है। ठग के पास से पुलिस ने एक विवो कंपनी का एक मोबाईल, दो सिम कार्ड, पीएनबी एवं एसबीआई का डेबिट कार्ड बरामद किया हैं। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार ठग ने औरंगाबाद के अलावा गया एवं दरभंगा जिले के लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की है। उसे कई अन्य तरह की भी संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया गया है। पुलिस गिरफ्तार ठग की क्राइम हिस्ट्री खंगाल रही है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस की छापेमारी टीम में साइबर थाना एवं डीआइयू सेल की टीम शामिल रही।

# दिव्यांग ट्राइसाइकिल रैली का किया गया आयोजन, डीएम ने किया उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत अलग-अलग गतिविधियां जिला में कराई जा रही हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को कलेक्टोरेट गेट से दिव्यांग ट्राइसाइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा।

इसका उद्घाटन आदरणीय डीएम साहब द्वारा करवाया गया। इस मौके पर डीडीसी सर, एडीएम सर, डीटीओ सर, एसडीओ सदर, डीसीएलआर सदर, श्वेता प्रियदर्शी, रत्ना प्रियदर्शी वरीय उपसमाहर्ता, डीपीओ आईसीडीएस, डीपीओ जीविका, डीपीओ शिक्षा, बीडीओ सदर एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जिले के दिव्यांग आइकन सुखराम सिंह, एनएलआर फाउंडेशन के अक्षय, दिव्यांग एसोसिएशन के रामपुकार पासवान सहित करीब 100 दिव्यांगों ने अपने बैटरी चालित ट्राइसाइकिल के साथ भाग लिया। अन्होन 'कोई भी वोटर ना छूटे' का संकल्प लिया गया।



## चैती छठ मेला को ले एसडीपीओ-2 ने लिया तैयारी का जायजा



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** चैती छठ पूजा को लेकर गुरुवार को औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 ने देव स्थित पूजा स्थल, आवासन, पार्किंग आदि स्थलों पर हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक यातायात, देव के प्रखंड विकास पदाधिकारी, देव के थाना प्रभारी एवं कर्मियों के साथ निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## विवि के खातों पर से रोक हटाने का शिक्षा मंत्री से आग्रह

**पटना(नि.सं.)।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुटाब) के कार्यकारी अध्यक्ष कन्हैया बहादुर सिन्हा और महासचिव सह विधान पार्षद संजय कुमार सिंह ने गुरुवार को शिक्षा मंत्री सुनील कुमार से उनके सचिवालय कक्ष में मुलाकात कर विश्वविद्यालयों के पीएल खातों सहित अन्य बैंक खातों पर से लगी रोक हटाने की मांग की। मंत्री से कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा रोक लगाए जाने से वेतन-पेंशन भुगतान बंद है।

# एक ही रात में तीन घरों से लाखों की नगदी व जेवरात की चोरी, बंद घरों से चोरों ने 10 लाख की संपत्ति की साफ

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** रविवार की देर रात चोरों ने गोह थाना क्षेत्र के कैथी सिरों गांव में बंद तीन मकानों से लाखों की नकदी और जेवरातों पर हाथ साफ किया। एक साथ तीन घरों में चोरी की घटना के बाद हड़कंप मच गया है। इस चोरी की घटना में लगभग दस लाख से अधिक की सम्पती को चोरों ने चोरी की हैं। फिलहाल पीड़ित परिवार पुलिस को लिखित आवेदन देते हुए करवाई की मांग की है। कैथी सिरों गांव निवासी चंद्रेश प्रसाद सिंह के पुत्र कुमार गौरव उर्फ बबलू ने थाना में दिये गए आवेदन में बताया है कि हमलोग सभी परिवार पटना में रहते है। इस दौरान गांव के लोगों ने सोमवार की अहले 3 बजे चोरी होने की सूचना फोन पर दी। सूचना मिलते ही घर पहुचा तो देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि सभी सामान बिखरा हुआ है। गोदरेज टूटा था, देखा तो सोने का तीन पीस अंगूठी जिसका दाम लगभग अस्सी हजार रुपये का गायब था, नकद पंद्रह हजार, सोने का चेन की कीमत लगभग एक लाख सभी गायब थे। वहीं उसी गांव के स्व रामकिशोर शर्मा के पुत्र राजकुमार शर्मा ने दिए गए आवेदन में बताया है कि मैं पिछले एक सप्ताह से गया में अपने रिश्तेदार की इलाज को लेकर गया था। अहले सुबह लगभग तीन बजे गांव पड़ोसियों ने फोन कर चोरी होने की जानकारी दी। घर आकर देखा तो ट्रंक में रखा सोने की जेवरात लगभग साढ़े छह लाख,चांदी के जेवरात व अन्य सामान लगभग दो लाख व नकद एक लाख रुपये गायब थे।वही उसी गांव के कृष्ण मोहन शर्मा के पुत्र त्रिपुरारी शर्मा के घर से चोरों ने लाखों की सम्पती को पार किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि मैं भी अपने परिवार के साथ आवश्यक कार्य से गया में था। सोमवार की सुबह लगभग 4 बजे गांव वालों ने चोरी की जानकारी दी जब घर पहुंचा तो देखा कि चोरों ने मुख्य दरवाजा का ताला तोडकर लाखों के सम्पति को उड़ाया है। इनके घर मे दीवार में बने आलमीरा के लॉकर को तोड़कर चोरों ने सोने की अंगूठी व चैन लगभग ढाई लाख एवम चांदी के बर्तन व जेवरात की कीमत लगभग 2 लाख व कासा, फूल का बर्तन 3लगभग अस्सी हजार लेकर चोर फरार हो गया। तीनों घरों से चोरों ने लगभग सोलह लाख पचहत्तर हजार के सम्पती चोरी की है। एक ही रात में थाना क्षेत्र के तीन स्थानों पर हुई चोरी के बाद से लोगों में भय व्याप्त है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि आवेदन मिली है। जांच कर कर्रवाई की जायेगी।

## आईआईटी पटना से एमटेक व पीएचडी के लिए आवेदन 21 तक

**पटना (नि.सं.)।** आईआईटी पटना में एमटेक व पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन 21 अप्रैल तक कर सकते हैं। गेट व अन्य स्कोर एमटेक में प्रवेश के लिए मान्य होगा। एमटेक के विभिन्न डिपार्टमेंट के 309 सीटों पर नामांकन होना है। सबसे अधिक 50 सीटें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और 27 सीटें कंप्यूटर साइंस में है। सामान्य वर्ग, ईडब्ल्यूएस व ओबीसी के लिए 1000 रुपये और एससी, एसटी, दिव्यांग व महिला अभ्यर्थियों को 500 रुपये आवेदन शुल्क देना होगा। पीएचडी में प्रवेश के लिए भी यही आवेदन शुल्क यही मान्य होगा। केमिकल व बायोकेमिकल इंजीनियरिंग, केमिस्ट्री, सिविल एंड एनवायरमेंट इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनयरिंग, ह्यूमैनिटी व सोशल साइंस, मैथमेटिक्स, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, मेट्रोलॉजिकल मैटेरियल इंजीनियरिंग, फिजिक्स में अलग-अलग क्षेत्र में रिसर्च कर सकते हैं।

# लोस चुनाव को ले डीएम-एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन कटिबद्ध है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम एवं उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह ने एसएन सिन्हा कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्ट्रांग रूम की बेहतर सुरक्षा व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था नियमानुसार पूर्ण करने संबंधी निर्देश दिए गए ताकि लोकसभा निर्वाचन एवं मतगणना के क्रम में किसी प्रकार की कोई कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत की तारीख बदली

# अब 11 मई के स्थान पर 13 जुलाई को होगा आयोजन

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर औरंगाबाद में 11 मई को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तारीख बदली गई गई है। अब यह लोक अदालत 13 जुलाई को लगेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के सचिव सुकुल राम ने बताया कि माह अप्रैल से जुन के प्रथम सप्ताह तक लोकसभा आम चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के लिए तिथियों में परिवर्तन किया गया है। सचिव ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मई के स्थान पर 13 जुलाई 2024 को होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी कार्यालय स्तर से की जा रही है और कोई भी वादकारी अपने सुलहनीय वादों की प्री-कॉउंसिलिंग कराने हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से संपर्क स्थापित कर सकते है या अपने वाद से संबंधित जानकारी कार्यालय को उपलब्ध करा सकते है।

## डीएम-एसपी ने कम वोटिंग वाले बूथों के वोटरों को किया मतदान के लिए जागरूक



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक महोदया स्वपना गौतम मेश्राम ने गुरुवार को कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारीद्वय ने स्थानीय लोगों को साथ कम मतदान के कारणों पर विवेचना कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 एवं अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बेटी की गिरफ्तारी की खबर सुनकर परिजन हुए हैरान

निज संवाददाता | पटना



पटना के विमेंस कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा सान्या सिंह के नाम पर आए फेंक कॉल ने परिवार वालों को परेशानी में डाल दिया। रोज की तरह सान्या आईएएस कॉलोनी से पढ़ने के लिए विमेंस कॉलेज गई हुई थी। तभी उनके पिता अनीष कुमार के नंबर पर कॉल आया कि आपकी बेटी और एक दूसरी लड़की को 20 लाख रुपए के गबन के आरोप में पटना विमेंस कॉलेज से गिरफ्तार किया गया है। रुपए की भी इस दौरान मांग की गई। नहीं देने पर सान्या की बुरी तरह से पिटाई करने की बात कही गई। जिसके बाद पूरा परिवार सकते में आ गया। भागे भागे सान्या के पिता और दादा दोनों कोतवाली थाने पहुंचकर घटना के बारे में पूरी जानकारी दी। अनीष कुमार ने बताया कि वो विक्रम के रहने वाले हैं। पटना के आईएएस कॉलोनी में रहते हैं। रोज की तरह उनकी बेटी सान्या सिंह जो बीए पार्ट 2 की छात्रा है। पढ़ने के लिए कॉलेज गई थी। तब अचानक से थाने के नाम पर कॉल आया। कॉल करने वाले शख्स ने खुद को थानेदार विनोद पांडेय बताते हुए गिरफ्तारी की जानकारी दी। उसने कहा कि मैं थानेदार विनोद पांडेय बोल रहा हूं। आपकी बेटी सान्या सिंह जो विमेंस कॉलेज में पढ़ती है, उसको और एक अन्य लड़की को 20 लाख रुपए के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जल्दी से रुपए भेज दीजिए। नहीं तो बुरा हाल कर दिया जाएगा। बेटी से बात करनी है, तो लीजिए कर लीजिए। इसके बाद अनीष की बात उस लड़की से कराई जो हुबहू सान्या की आवाज में रोते बिलखते बोल रही थी।

इतनी बात सुनते ही सान्या के पिता भागते भागते पहले विमेंस कॉलेज पहुंचे, वहां इस घटना के बारे में बताया तो कॉलेज के द्वारा सान्या सिंह से मुलाकात कराई गई। तब जाकर अनीष और उनके साथ आए उनके पिता कुछ राहत भरी सांस ली। इसके बाद अनीष कुमार के द्वारा कोतवाली थाने में लिखित शिकायत की गई है।

थाने पर पहुंचकर जिस नंबर से कॉल किया गया था। उसके बारे में अनीष के द्वारा जानकारी दी गई।अनीष ने बताया कि लगभग 11:15 बजे +923448538876 से व्हाट्सएप कॉल आया था। बता दें कि +92 पाकिस्तान का कंट्री कोड है। इस नंबर के प्रोफाइल फोटो में भी डीजी रैंक के अधिकारी की तस्वीर लगाई गई है।

# पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत, एक दर्जन से अधिक लोग जख्मी, बच्चों में दहशत

निज संवाददाता



**ओबरा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के ओबरा प्रखंड के लोकन बिगहा में पागल कुत्ते के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पागल कुत्ते ने दो दिन के अंदर एक दर्जन से अधिक लोगों एवं बकरी एवं बकरी के बच्चों को काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार कुत्ता तेजी से झपटकर काटता है और भाग जाता है।

बुधवार की शाम सरोज यादव के पुत्र रवि कुमार व विनय शर्मा के पुत्र अंकित कुमार को काटकर जख्मी कर दिया। वहीं गुरुवार सुबह खेत में फसल काट रही दो महिला के पैर व हाथ की उंगली काटकर भाग गया, महिला के पैर व हाथ से काफी खून बह रहा था गुरुवार की सुबह ही मोहन साव, रामजीवन साव सहित दर्जनों लोग पागल कुते के चपेट में आने से जख्मी हो गए साथ ही वह कुत्ता खेत में चर रहे व खुंटे से बंधे जानवरों व जानवरों के बच्चे को भी अपना शिकार बना रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर हेलिकॉप्टर हाउस निवासी डॉक्टर कुमार अजितेष ने तत्काल जाकर घायल व्यक्तियों को काटे हुए स्थान को साबुन से धोने व नल के तेज प्रवाह धारा से उसे साफ करने की सलाह दी साथ हि उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा में जाकर आज ही टेटनस इंजेक्शन लेने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दें अन्यथा यह जोखिम भरा व जानलेवा साबित हो सकता है। इधर पागल कुत्ते के आतंक से सभी ग्रामवासी सदमें में हैं क्योंकि वह कब और किसे अपना शिकार बना ले कहा नहीं जा सकता। ग्रामीण टुनटुन यादव, रंजीत कुमार, सरोज यादव, राहुल शर्मा, मुकुल गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा कुत्ते को पकड़ने की कोशिश की जा रही है पर सफलता नही मिली है लोगों ने भूरे रंग के कुते से राहगीरों एवं ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की।

## आपसी विवाद में चली गोली, लोगों ने एक को हथियार के साथ पकड़ा



निज संवाददाता | पटना

पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना इलाके के पहलवान घाट के पास बुधवार की देर रात दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद फायरिंग की घटना हुई है। यहीं के दो युवकों के बीच कुछ दिन से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार को शाम को भी दोनों के बीच बकझक हुई। दोनों ने एक दूसरे देख लेने की धमकी दी थी। स्थानीय होने के चलते आसपास के लोगों ने मामले को शांत करा दिया था। जिसके बाद एक युवक देर रात अपने दो दोस्तों के साथ पीड़ित के घर के पास पहुंच कर गया और गोली चला कर वहां से भागने लगा। हल्ला होने के बाद आसपास के लोगों वहां इक्कठा हो गए और गोली चलाने वाले युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने एक देसी भी बरामद किया है। पटना के बुद्धा कॉलोनी क्षेत्र के पहलवान घाट के पास बुधवार की देर रात राजा पुल के पास दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई इस दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग की गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने घटना में शामिल एक युवक अंकित कुमार को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित सरकारी कांट्रेक्टर लक्ष्मण कुमार ने बताया कि साहिल से शाम को बकझक हुआ था उसके बाद मामला शांत हो गया था। कल देर रात को साहिल अपने दो दोस्तों विशाल और अंकित के साथ आया और मेरा घर दिखाने लगा। तब तक मेरी नजर पड़ी।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक


आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433